RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 187
नई दिल्ली, सोमवार, 16 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



शिवसेना ने हिंदुत्व छोड़ दिया
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# भारत ने थॉमस कप जीत रचा इतिहास

## पुरुष बैडमिंटन टीम ने 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराया

**भाषा।** बैंकॉक

**भारत** की पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को यहां एकतरफा फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीतकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से खेल के भारत का दर्जा भी बढ़ेगा। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम के लिए विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह पूरे हफ्ते शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टीम टूर्नामेंट का शानदार अंत किया जिसमें वह इससे पहले कभी फाइनल में नहीं पहुंचा था। भारतीय टीम 1979 से कभी थॉमस कप के सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पाई थी और यहां खिताबी जीत के दौरान उसने मलेशिया और डेनमार्क जैसी मजबूत टीम को हराया। नॉकआउट चरण में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे लक्ष्य ने सबसे महत्वपूर्ण मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए पहले



बैंकाक में थॉमस कप जीतने के बाद तिरंगे के साथ भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम

एकल मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग को 8-21 21-17 21-16 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, तीन या चार अंक से पिछड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मुझे पता था कि मुझे कोर्ट की बेहतर तरफ से खेलने का मौका मिलेगा और मैं बढ़त हासिल कर सकता हूं और वह दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा, यह जीत टीम की है जिसने पूरे टूर्नामेंट के दौरान मेरा समर्थन किया।

मैं अच्छा खेल रहा था लेकिन नतीजे नहीं मिल रहे थे। मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए पहला मैच जीतने में सफल रहा। सात्विक और चिराग की देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद प्रतिकूल हालात में शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में चार मैच प्वाइंट बचाए और मोहम्मद अहसन और केविन संजय सुकामुल्जो की जोड़ी को 18-21 23-21 21-19 से हराकर भारत की बढ़त को 2-0 किया। दूसरे एकल में श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में 48 मिनट में 21-15 23-21 से हराकर भारत को 3-0 की विजई बढ़त दिला दी। लक्ष्य ने अपनी मानसिक मजबूती का परिचय दिया और अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की। गिनटिंग के खिलाफ दो मैच में लक्ष्य की यह दूसरी जीत है। गिनटिंग ने मुकाबले ( शेष पेज 8 )

### इस जीत से कई खिलाड़ी प्रेरित होंगेः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थॉमस कप में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम की पहली खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने इतिहास रच दिया है और साथ ही खिलाड़ियों को बैंकाक से लौटने पर अपने निवास पर आने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कभी भी खिलाड़ियों की उपलब्धियों की प्रशंसा करना नहीं भूलते और रविवार को भी उन्होंने खिलाड़ियों को फोन देकर बधाई दी। उन्होंने साथ ही खिलाड़ियों के माता-पिता को भी धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी जीत कई उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। मोदी ने भारतीय बैडमिंटन टीम के सदस्यों के साथ बात करते हुए कहा, आप सभी ने कर दिखाया। यह भारत की खेलों में शानदार जीत में से एक है।

# गांधी जयंती पर भारत जोड़ो यात्रा निकालेगी कांग्रेस

- टिकट के बंटवारे में युवाओं को 50% हिस्सेदारी, एक परिवार, एक टिकट फार्मूला लागू होगा, दूसरे सदस्य को टिकट पाने के लिए पार्टी के लिए पांच साल काम करना जरूरी
- चिंतन शिविर के समापन पर पार्टी ने कई बड़े सुधारों का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** उदयपुर/नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को गांधी जयंती के मौके पर कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का ऐलान किया। पार्टी को नए सिरे से पुनर्जीवित करने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी के साथ साथ अन्य वरिष्ठ नेता भी इसमे भाग लेंगे। इसके अलावा पार्टी ने बड़े सुधारों की घोषणा करते हुए यह फैसला किया कि इन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी में एक समग्र कार्यबल का गठन किया जाएगा तथा एक परिवार, एक टिकट का फार्मूला लागू होगा।

साथ ही, यह शर्त भी जुड़ी होगी कि परिवार के किसी दूसरे सदस्य को टिकट तभी मिलेगा, जब उसने संगठन के लिए कम से कम पांच



उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में बोलतीं पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी

साल काम किया हो। पार्टी ने जनता के साथ टूटे संपर्क को फिर से जोड़ने और भारतीय जनता पार्टी की ध्रुवीकरण की राजनीति की धार कुंद करने के लिए आगामी दो अक्टूबर से भारत जोड़ो यात्रा निकालने का भी निर्णय लिया। कांग्रेस ने समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ संपर्क स्थापित करने की प्रतिबद्धता भी जताई और कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप गठबंधन का विकल्प उसने खुला रखा है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चिंतन शिविर के समापन के मौके पर कांग्रेस कार्य समिति के कुछ सदस्यों को लेकर अपने तहत एक सलाहकार समूह बनाने का ऐलान किया और यह भी स्पष्ट किया कि यह सामूहिक निर्णय लेने वाला कोई समूह नहीं होगा। पार्टी में बड़े सुधारात्मक कदमों की घोषणा किए जाने के बीच, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह स्वीकार किया कि जनता के साथ पार्टी का संपर्क टूट चुका है और इस संपर्क को फिर से स्थापित करने के लिए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरना होगा और पसीना बहाना होगा। झीलों की नगरी उदयपुर में दो दिनों के मंथन के बाद कांग्रेस की ओर से जो उदयपुर नवसंकल्प जारी किया गया जिसमें राजनीतिक मुद्दों, संगठन से जुड़े विषयों, पार्टी के भीतर सुधारों, कमजोर तबकों को फिर से साथ जोड़ने, युवाओं, छात्रों और आर्थिक मुद्दों पर पार्टी का नजरिया सामने रखा गया। साथ ही, आगे के कदमों का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया।

कांग्रेस आने वाले दिनों में पार्टी के सांसदों, विधायकों और सरकार में निर्वाचित पदों पर आसीन होने वाले नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की आयुसीमा निर्धारित करेगी और अगले लोकसभा चुनाव से 50 प्रतिशत टिकट, 50 साल से कम उम्र के लोगों को दिए जाने की घोषणा की। पार्टी ने महिला आरक्षण के तहत कोटा के भीतर कोटा को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कहा कि वह महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ-साथ इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं का अलग कोटा निर्धारित करने के पक्ष में है। कांग्रेस के नवसंकल्प में भाजपा के राष्ट्रवाद को फर्जी करार देते हुए कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रवाद ( शेष पेज 8 )

# पाकिस्तान में दो सिख व्यापारियों की हत्या

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान** के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने रविवार को दो सिख व्यापारियों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत प्रांत में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाए जाने की नवीनतम आतंकवादी हमला है। पुलिस के अनुसार, बाइक सवार दो हमलावरों द्वारा सुबह किए गए हमले में सलजीत सिंह (42) और रंजीत सिंह (38) की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद हमलावर फरार हो गए।

सिख समुदाय के ए दोनों अल्पसंख्यक मसालों का कारोबार करते थे और पेशावर से लगभग 17 किलोमीटर दूर सरबंद के बाटा ताल बाजार में उनकी दुकानें थीं। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। सद्दर के पुलिस अधीक्षक अकीक हुसैन ने जियो न्यूज को बताया कि आतंकवाद-रोधी इकाई ने दो सिखों की हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा, घटना एक आतंकवादी हमला प्रतीत होती है। सीसीटीवी फुटेज हासिल किया जाएगा और संदिग्धों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा की और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान को दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और सजा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से नागरिकों, विशेष रूप से गैर-मुसलमानों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा के लिए कदम सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। शरीफ ने मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी कृत्य के पीछे पाकिस्तान के साथ दुश्मनी है।

शरीफ ने देश के दुश्मनों को खत्म करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने हमले के लिए खैबर पख्तूनख्वा सरकार की आलोचना की और प्रांतीय मुख्य सचिव और पुलिस महानिरीक्षक से रिपोर्ट मांगी। सनाउल्लाह ने प्रांत में सिखों के खिलाफ हिंसा की पिछली घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, खैबर पख्तूनख्वा सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ( शेष पेज 8 )

### दोषियों को दंडित करे पाकिस्तानः भारत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने रविवार को पाकिस्तान से पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सिख व्यापारियों की हत्या की ईमानदारी से जांच कराने और इस निंदनीय घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को लगातार निशाना बनाए जाने पर पाकिस्तान के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बागची ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि पाकिस्तान सरकार अपने अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा, कल्याण का ख्याल रखेगी। अफसोस की बात है कि यह पहला ऐसा मामला या छिटपुट घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस चौंकाने वाली और ( शेष पेज 8 )

# अमेरिका के सुपरमार्केट में गोलीबारी, दस की मौत

- तीन अन्य घायल, पुलिस ने इसे नस्ली भावना से प्रेरित हिंसक चरमपंथ करार दिया

**एपी।** बफेलो

**सेना** की वर्दी पहने 18 वर्षीय श्वेत युवक ने अमेरिका के बफेलो शहर के एक सुपरमार्केट में शनिवार को राइफल से अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे नस्ली भावना से प्रेरित हिंसक चरमपंथ करार दिया है। उन्होंने बताया कि हमलावर ने ढाल के तौर पर कवच धारण कर रखा था। उसने एक हेलमेट भी पहन रखा था, जिस पर लगे कैमरे से उसने घटना का सीधा प्रसारण किया।

खबरों के मुताबिक, हमलावर ने टॉप्स फ्रेंडली मार्केट में ज्यादातर अश्वेत खरीदारों और कर्मचारियों को निशाना बनाया। कम से कम दो मिनट तक उसने स्ट्रीमिंग मंच ट्विच पर गोलीबारी का प्रसारण किया। हालांकि, इस मंच ने तुरंत ही उसका प्रसारण रोक दिया। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने से पहले हमलावर ने 11 अश्वेत और दो श्वेत लोगों को गोली मारी। बाद में वह एक न्यायाधीश के समक्ष पेश हुआ और उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि यह शख्स, यह श्वेत वर्चस्ववादी, जिसने एक निर्दोष समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध को अंजाम दिया है, वह अपनी बाकी की पूरी जिंदगी जेल की सलाखों के पीछे काटेगा।

हमलावर की पहचान दक्षिण-पूर्वी बफेलो से करीब 320 किलोमीटर दूर स्थित न्यूयॉर्क के कॉनक्लिन निवासी पैटन गेंड्रोन के रूप में की गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह हमले को अंजाम देने के लिए गेंड्रोन कॉनक्लिन से बफेलो क्यों आया। सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में उसे अपनी कार से सुपरमार्केट पहुंचते देखा जा सकता है। बफेलो के पुलिस आयुक्त जोसेफ ग्रामाग्लिया ने बताया कि ( शेष पेज 8 )

# पोप ने देवसहायम को संत की उपाधि प्रदान की

**भाषा।** वेटिकन सिटी

**पोप** फ्रांसिस ने रविवार को वेटिकन में देवसहायम पिल्लई को संत की उपाधि प्रदान की। पिल्लई ने 18वीं सदी में ईसाई धर्म अपनाया था। देवसहायम, पहले भारतीय आमजन हैं जिन्हें पोप ने संत घोषित किया है। देवसहायम को पुण्य आत्मा घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने की अनुशंसा वर्ष 2004 में कोट्टर धर्मक्षेत्र, तमिलनाडु बिशप परिषद और कॉन्फ्रेंस ऑफ कैथलिक बिशप ऑफ इंडिया के अनुरोध पर की गई थी। पोप फ्रांसिस (85) ने रविवार को वेटिकन के सेंट पीटर बैसिलिका में संत की उपाधि प्रदान करने के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में देवसहायम पिल्लई को संत घोषित किया। पिल्लई के चमत्कारिक परोपकारी कार्यों को पोप फ्रांसिस ने वर्ष 2014 में मान्यता दी थी। इससे वर्ष 2022 में उन्हें (पिल्लई को) संत घोषित किए जाने का रास्ता साफ हो गया था। वेटिकन में पिछले दो साल में पहली बार संत की उपाधि प्रदान करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। पोप फ्रांसिस को पिछले कुछ महीनों से ( शेष पेज 8 )

# कश्मीरी पंडितों के खिलाफ बल प्रयोग की होगी जांच

- 13 मई को बडगाम में शांतिपूर्ण मार्च के दौरान हुआ बल प्रयोग
- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिए आदेश

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**राहुल** भट्ट की हत्या का विरोध कर रहे कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के खिलाफ क्रूर बल के इस्तेमाल के आरोपों का सामना करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को 13 मई को बडगाम में शेखपुरा ट्रांजिट कैंप के बाहर शांतिपूर्ण मार्च करने वालों के खिलाफ लाठी और आंसू के गोले के इस्तेमाल करने पर जांच के आदेश दिए हैं।

श्रीनगर राजभवन में रविवार को भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घोषणा की कि राहुल भट्ट की हत्या के सभी पहलुओं की जांच के लिए एसआईटी के गठन किया जाएगा और और यह आंसू गैस के गोले दागने की घटना की भी जांच करेगी। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एलजी मनोज सिन्हा ने नई दिल्ली जाने से पहले पीपुल्स अलायंस फॉर गुप्कर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, उपराज्यपाल सिन्हा के कुछ दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रहने की उम्मीद है। 30 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हिंसा की घटनाओं के ताजा मामलों को देखते हुए वह दिल्ली में उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों में भाग लेंगे।

हाल ही में रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा के पास एक यात्री बस में रहस्यमयी आग लगने की घटना भी जांच के दायरे में है, जबकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी की फोरेंसिक टीमों ने विस्फोट की प्रकृति का निर्धारण करने के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | |
| निफ्टी | 15,782 | |
| सोना | 50,127 | /10g |
| चांदी | 58,916 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारतीय किसान यूनियन में हुए दो फाड़, टिकैत को झटका

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर रविवार को संगठन में दो फाड़ हो गए और संगठन के एक वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेश चौहान ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के नाम से अलग गुट बनाने का ऐलान कर दिया। चौहान ने इस अवसर पर कहा, मैंने समय-समय पर अपने दृष्टिकोण को सामने रखने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने (भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत और प्रवक्ता राकेश टिकैत) न तो कार्यकर्ताओं की बात सुनी और ना ही किसानों की समस्याओं पर ध्यान दिया। उन्होंने कहाकि मैंने दिल से नरेश टिकैत और राकेश टिकैत का समर्थन किया लेकिन जब उप्र के चुनाव आए तो वे दोनों महेंद्र सिंह टिकैत के आदर्शों से भटक गए।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे कार्य आज भी जारी रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्तर** प्रदेश के वाराणसी जिले में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य रविवार को लगातार दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे तक सर्वे का लगभग 65 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया और यह सोमवार को एक बार फिर शुरू होगा।

मस्जिद समिति की आपत्तियों के बीच पिछले सप्ताह सर्वेक्षण रोक दिया गया था। समिति ने दावा किया था कि सर्वे के लिए अदालत द्वारा नियुक्त अधिवक्ता आयुक्त को परिसर के अंदर वीडियोग्राफी कराने का अधिकार नहीं है। सर्वे टीम ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का दूसरे दिन का सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य संपन्न हो गया और यह सोमवार को भी जारी रहेगा। अदालत के आदेश के अनुसार, सर्वे का कार्य सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाना है। सर्वे टीम रविवार को लगभग डेढ़ बजे बाहर निकली।

टीम के सदस्यों ने बताया कि सर्वे कार्य अदालत के आदेश के अनुसार 12 बजे खत्म हो गया था और बाकी का समय काम समेटने व दस्तावेज बनाने में लगा। विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने कहा, अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सर्वे में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आ रही। सर्वे की रिपोर्ट गोपनीय है और अभी इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। इससे पहले, सर्वे के लिए जाते समय सिंह ने कहा था, मेरे साथ उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता राजेंद्र नाथ पांडेय भी सर्वे के दौरान मस्जिद परिसर में मौजूद रहेंगे। बाकी ( शेष पेज 8 )

# आसमान से बरसी आग, पारा 49 डिग्री सेल्सियस के पार

- मुंगेशपुर में तापमान 49.2, नजफगढ़ में 49.1 डिग्री सेल्सियस रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सूर्य** देवता की तपिश के चलते राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व एनसीआर में रविवार को लगा कि जैसे आसमान से आग की बारिश हो रही हो। दिल्ली व आसपास के इलाकों में रविवार को भीषण गर्मी व लू के व्यापक प्रकोप के चलते लोगों को धूप से झुलस जाने का एहसास हुआ।

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुंगेशपुर में पारा जहां 49.2 डिग्री सेल्सियस को पार गया, वहीं दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 49.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पारा 48.4 डिग्री दर्ज किया गया जबकि जफरपुर, पीतमपुरा



नई दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच छाते लगाए जाती युवतियां

और रिज में तापमान क्रमशः 47.5 डिग्री, 47.3 डिग्री और 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के अलावा गुड़गांव ( शेष पेज 8 )

### कब की जाती है लू की घोषणा

**आईएमडी** के मुताबिक, अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री होने और कम से कम सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक तापमान होने पर लू की घोषणा की जाती है। गंभीर लू घोषित करने के लिए अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.4 डिग्री अधिक होना चाहिए।

### दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा प्रदूषण

**केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार की सुबह दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम श्रेणी में 200 दर्ज हुआ है। वहीं नोएडा में खराब श्रेणी में एक्यूआई 223, जबकि गुरुग्राम में बहुत खराब श्रेणी में 301 रिकॉर्ड हुआ है।

### आज से मिलेगी थोड़ी राहत

**मौसम** वैज्ञानिकों ने बताया कि पंजाब और हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती संचरण की वजह से मानसून पूर्व की गतिविधियां होंगी। इसकी वजह से सोमवार और मंगलवार को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। आईएमडी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बारिश की कमी रही और दिल्ली में वर्ष 1951 के बाद से इस बार अप्रैल सर्वाधिक गर्म रहा। इस साल अप्रैल में औसतन अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अप्रैल के आखिर में लू की वजह से शहर के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 से 47 डिग्री तक पहुंच गया था। दिल्ली ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 16 मई 2022



# कब्जामुक्त जमीन पर निगम बनाएगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

## खिलाड़ियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

● खेल को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रहा निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



फाइल फोटो

खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की योजना पर गाजियाबाद नगर निगम ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। नगर निगम त्रिस्तरीय स्पोर्ट्स जोन की योजना पर काम कर रहा है। योजना के तहत जहां गांवों में खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। वहीं, शहर के मध्य में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। इन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है और अनुमति मिलते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। अगले सप्ताह खेल के 2 मैदान का उद्घाटन मेयर आशा शर्मा द्वारा किया जाएगा। भूमाफियाआ से जमीन को कब्जामुक्त करने के बाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा

शहर की कॉलोनियों में बने पार्कों को भी इस तरह से विकसित किया जा रहा है। जिससे वहां छोटे बच्चे और युवाओं के खेलने के लिए अलग से प्ले एरिया मौजूद होगा। नगर निगम की स्पोर्ट्स जोन की योजना पर ठीक ढंग से काम हुआ तो भविष्य में गाजियाबाद स्पोर्ट्स सिटी के तौर पर उभरेगा और यहां से कई स्टार खिलाड़ी निकलेंगे। गाजियाबाद के प्राइड सुरेश रैना, सुदीप त्यागी और अतुल राघव देश के यूथ आॅईकन हैं। इन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से गाजियाबाद को गौरवान्वित किया है। भविष्य में गाजियाबाद से कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलें, इसको लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने योजना बनाई है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह की सोच है कि युवाओं को खेलकूद के प्रति आकर्षित करने के लिए उन्हें सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। शहर में खेल के मैदान की कमी है। पार्कों में बड़े बुजुर्ग टहलने जाते हैं। ऐसे में पार्कों को इस तरह से विकसित किया जाये कि वहां पर बच्चों के लिए अलग प्ले जोन हो और बड़े बुजुर्गों के लिए अलग एरिया हो। उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि कॉलोनी में स्थित पार्कों में छोटे बच्चों के लिए अलग प्ले एरिया होगा। जहां स्लाइडिंग, झूले इत्यादि लगे होंगे। वहीं, युवाओं के लिए बॉलीवाल, क्रिकेट इत्यादि खेलने की भी व्यवस्था रहेगी। इन प्ले एरिया को लोहे की ग्रिल और जाल से कवर किया जाएगा, जिससे कि बच्चों के खेल से पार्क में बैठने और वॉकिंग के लिए आने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हो।

### खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मिलेगा मौका

*नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया शहर में खेलकूद को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय स्पोर्ट्स जोन की योजना पर काम चल रहा है। गांवों में बनने वाले खेल मैदान में ग्रामीण खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रोफेशनल तरीके से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भविष्य में गाजियाबाद स्पोर्ट्स सिटी के तौर पर उभरे और यहां पर खिलाड़ियों को हर तरीके की सुविधाएं एवं प्रशिक्षण मिले, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भूमाफिया से कब्जामुक्त कराई गई जमीनों पर खेल मैदान और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किये जा रहे हैं।*

## भूमाफिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जनपद के दादरी तहसील में तैनात तहसीलदार ने थाना थाना सेक्टर 39 में एक चिन्हित भू-माफिया के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

आरोप है कि उक्त भू माफिया ने सलारपुर गांव में स्थित राज्य सरकार की करोड़ों की जमीन को धोखा- धड़ी कर कई लोगों को बेच दिया। सेक्टर-39 थाना प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि दादरी तहसील के लेखपाल लोकेंद्र पाल सिंह ने थाना सेक्टर 39 में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मनोज कुमार राठौर नामक व्यक्ति को आोपी बनाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 7 गांवों में स्पोर्ट्स कोर्ट बनवा रहा प्राधिकरण

## कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फाइल फोटो

नोएडा शहर के बीचोंबीच पड़ने वाले गांव के लिए अच्छी खबर है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए गांवों में खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण पांच गांवों में अलग-अलग स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए कोर्ट तैयार करवा रहा है। इनमें पुरुष और महिलाएं, दोनों खेल सकेंगे। दो गांवों में खासतौर से महिलाओं के लिए कोर्ट तैयार किए जा रहे हैं। इनमें केवल गांव की लड़कियां, युवतियां और महिलाएं खेल सकेंगी।

नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि निठारी में 4435 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 10.13 लाख रुपये की लागत से बैडमिंटन और वालीवॉल कोर्ट बनाया गया है। इसके अलावा बहलोलपुर गांव में 6 हजार वर्गमीटर में कुश्ती का कोर्ट और पर्थला गांव में 21700 वर्गमीटर में खेल का मैदान विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 39 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। याकूबपुर में 4 हजार वर्गमीटर में वॉलीवाल और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।

इसके निर्माण में 38 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। रायपुर गांव में 1600 वर्गमीटर क्षेत्रफल में वॉलीबॉल और बैंडमिंटन कोर्ट का निर्माण हो रहा है। इसके लिए 29 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इनमें महिला और पुरुष दोनों खेल सकते हैं।

वहीं, छिजारसी में 2846 वर्गमीटर में 54 लाख रुपये की लागत से सिर्फ महिलाओं के लिए बैंडमिंटन, टेनिस और वॉलीबॉल कोर्ट बनाया जाएगा। इसकी प्राइज बिड खोली जा चुकी है। इसके अलावा झट्टा गांव में 1100 वर्गमीटर में 29 लाख रुपये की लागत से 1100 कबड्डी और बैंडमिंटन कोर्ट का निर्माण हो रहा है। इसका 35 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह कबड्डी और बैडमिंटन कोर्ट भी केवल लड़कियों के लिए बनाए जाएंगे।

# भारी पत्थर से मारकर युवक की हत्या, आरोपी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



मृतक गुल्लू त्यागी

गौतमबुद्धनगर जिले में फेस-2 थाना क्षेत्र के भंगेल गांव में शनिवार रात तीन लोगों ने एक युवक के ऊपर भारी पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी फरार हैं और पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरीश चंदर के मुताबिक, अभय त्यागी उर्फ बुल्लू बीती रात भंगेल गांव मार्केट में अपने दो दोस्तों के साथ जा रहे थे, तभी तीन लोग दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए।

उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल तेज चलाने को लेकर अभय और मोटरसाइकिल सवार युवकों में वाद-विवाद हो गया। इस दौरान अभय ने उन्हें मारने के लिए सड़क पर पड़ा एक पत्थर उठाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार युवकों ने अभय के हाथ से पत्थर छीनकर उनके सिर पर वार कर दिया। हमले में अभय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## यौन शोषण के आरोप में चित्रकार के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 46 में रहने वाले 81 वर्षीय एक चित्रकार को एक किशोरी का सात साल तक यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किशोरी की शिकायत पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 46 स्थित एक मकान में रहने वाले मोरीस राइडर के खिलाफ 17 वर्षीय किशोरी ने एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता जब 10 वर्ष की थी, तब मोरिस उसका लालन-पालन करने के लिए उसे अपने घर पर लेकर आया था।

# जिले में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

## पुलिस ने एक अन्य शव किया बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में दो अलग-अलग घटनाओं में जहां दो लोगों की मौत हो गई वहीं पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि बागपत जिले के रहने वाले एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान ललित (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि बादलपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान सौदान सिंह (38) के रूप में की गई है। पुलिस ने इस बीच थाना बादलपुर क्षेत्र के गांव धूम मानिकपुर के पास 45 साल के एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है और पुलिस उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उधर, नोएडा के थाना सेक्टर 63 पुलिस ने रविवार को एक सूचना के आधार पर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, चाकू, देसी तमंचा, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन से फोर्टिस सम्मानित

**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा को वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा एंजेल्स डायमंड स्टेटस से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान, कोविड-19 के दौरान उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद 2021 की चारों तिमाहियों में गैर-संक्रामक रोगों के लिए प्रतिबद्ध तरीके से इलाज प्रक्रियओं का पालन करने पर दिया गया है। फोर्टिस नोएडा में डॉ ज्योति बाला शर्मा के नेतृत्व में स्ट्रोक प्रोग्राम को कोविड के चलते नए सुरक्षा मानकों के अनुरूप ढाला गया और इसके परिणामस्वरूप रिस्पॉन्स टाइम तथा सेफ्टी प्रोटोकॉल्स का पालन करते हुए स्ट्रोक मरीज़ों की जीवन रक्षा करने में सफलता मिली। मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद कुशलतापूर्वक मरीजों की सेवा में तत्पर रहने के लिए वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एंजेल्स डायमंड स्टेटस से सम्मानित होना हमारे लिए काफी प्रतिष्ठा का विषय है।

### किसानों को छूट न देने पर आंदोलन की चेतावनी

**नोएडा।** करप्शन फ्री इंडिया संगठन की बैठक रविवार को संस्थापक सदस्य आलोक नागर के सेक्टर डेल्टा दो स्थित आवास पर आयोजित की गई। इसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा शहर में बने अस्पताल एवं स्कूलों को सस्ते दरों पर दी गई जमीन के बदले स्थानीय किसानों को ट्यूशन फीस एवं इलाज में छूट नहीं देने पर आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। मौके पर डॉक्टर दीपक शर्मा, चौधरी प्रवीण भारतीय, बलराज हूण, प्रेम राज भाटी, यतेंद्र नागर, प्रेम प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खुले में शराब पी रहे कई गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरी में सभी थानों में बीती रात विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरे कमिश्नरी क्षेत्र में 4629 संदिग्ध लोगों को चेक किया गया। खुले में शराब पीने वाले 407 लोगों को पकड़ा गया। 3334 वाहनों की भी चेकिंग की गई। इसमें 1283 वाहनों के चालान किए गये। इसके अलावा सर्राफा बाजार, शॉपिंग मॉल की सुरक्षा व्यवस्था की भी जांच की गई।

### लूट मामले में आरोपी को दबोचा

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने बदला नहर स्थित बंद फाटक के पास मुठभेड़ के बाद 50000 का इनामी बदमाश नंदू और रंजीत निवासी राजीव गार्डन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश ने 28 मार्च को अपने दो साथियों के साथ गोविंदपुरम रोड स्थित अरिहंत पेट्रोल पंप से 22 लाख रुपये की लूट की थी।

# ना ई नीलामी हुई और ना ही हो रही बिल्डरों से वसूली

## सुपरटेक की 223, लॉजेस्टिक की 27 समेत करीब पांच सौ आरसी हो गई वापिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● फंस गये पांच सौ से अधिक फ्लैट खरीददार

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अपने सपनों का घर बुक कराने वाले बड़ी संख्या में लोग परेशान हैं। इन्होंने सालों पहले अपने फ्लैट बुक कराए थे और उनकी कीमत बैंक से लोन लेकर चुका दी गई थी। मगर अभी तक कई प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिनमें लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है या फिर वे अधूरे पड़े हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने रेरा में अपील की थी और रेरा से बिल्डर के खिलाफआरसी भी जारी कराई थी। इनमें से कुछ मामलों में जिला प्रशासन ने बिल्डर की संपत्ति जब्त कर ई.नीलामी की बात भी कही थी, लेकिन अभी तक ई नीलामी की तिथि तय नहीं हो सकी है। वहीं, रेरा से जारी आरसी बड़ी सख्या में आरसी भी जिला प्रशासन ने बिना वसूली के वापस कर दी हैं। इससे फ्लैट खरीदार परेशान हैं।

बुलंदशहर के रहने वाले मनोज सैनी ने सुपरटेक के प्रोजेक्ट में वर्ष 2011 में फ्लैट बुक कराया था। उन्होंने बैंक से लोन लेकर करीब 27 लाख रुपये बिल्डर को चुकाए थे। उनसे 2015 में फ्लैट देने का वादा किया गया था, लेकिन 2019 तक भी फ्लैट नहीं मिला तो उन्होंने बिल्डर के कार्यालय से लेकर रेरा तक लंबा संघर्ष किया और केस लड़कर रेरा से बिल्डर के खिलाफआरसी जारी करा दी, मगर अब आरसी को प्रशासन ने वापस कर दिया है। अभी तक भी मनोज को न पैसे वापस मिला है और न ही फ्लैट पर ही कब्जा मिल सका है। मेरठ के रहने वाले सुधीर गुप्ता नोएडा में सैनेट्री का कारोबार करते हैं। सुधीर ने बताया कि उन्होंने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक कराया था, जिसके लिए 32 लाख रुपये चुकाए थे। तय शर्तों के अनुसार, बिल्डर को 2016 में इस फ्लैट पर कब्जा देना था, लेकिन अभी तक वहां पर टावर बनना भी शुरू नहीं हुआ है। इस पर सुधीर ने प्राधिकरण और बिल्डर से अनेक बार शिकायत की, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने रेरा में केस डाला और रेरा ने उनके मामले में आरसी जारी कर वसूली के लिए जिला प्रशासन को भेजी थी।

# ग्रेनो वेस्ट मेट्रो : काम शुरू होने में और लगेंगे 60 दिन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो निर्माण के लिए करीब 2 महीने की देरी और लग सकती है। इसका मुख्य कारण यह है कि उत्तर प्रदेश शासन ने जो डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी थी उसमें संशोधन करने के लिए कहा गया था। अब संशोधित डीपीआर एनएमआरसी द्वारा उत्तर प्रदेश शासन को सौंप दी गई है और यह डीपीआर सोमवार (आज) केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

केंद्र सरकार की तरफ से जवाब आने के बाद इस पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की नोएडा सेक्टर.51 से लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित सेक्टर.2 तक मेट्रो लाइन बनाई जानी है। यह मेट्रो प्रोजेक्ट एक्वा लाइन पर होगा। उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के बीच अभी तक डीपीआर की फाइल फंसी हुई है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो प्रोजेक्ट के पहले चरण में 9.15 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। इस पर 5 स्टेशन बनाए जाएंगे।

## 50 पैसे की बीड़ी ने करवाया गांव में बवाल

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र की राम विहार कॉलोनी में दो पक्षों के बीच उस समय संघर्ष छिड़ गया। जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के मुखिया को बीड़ी पीने पर टोक दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में पहले तो झगड़ा हुआ और फिर एक पक्ष की ओर से जमकर गोलियां भी चलाई गईं। गनीमत रही कि गोलीबारी के दौरान किसी की जान नहीं गई, लेकिन कई लोग घायल जरूर हो गए।

इस मामले में एसएचओ अजय चौधरी ने बताया कि रामविहार कॉलोनी में रोहित और करतार सिंह पड़ोसी हैं। बीड़ी पीने के विवाद पर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।

# नोएडा में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब पड़ेगा भारी

## शहर में 84 जगहों से हटेगी पुलिस, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अब नोएडा में ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले नहीं बच पाएंगे। शहर के 20 चौराहों से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हटा दिया जाएगा। अभी चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे नजर रखेंगे। इन चौराहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। कैमरों का ट्रायल चल रहा है। अब तक के ट्रायल की समीक्षा की गई।

इसके लिए सेक्टर.94 कमांड कंट्रोल सेंटर में नोएडा प्राधिकरण और यातायात पुलिस अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में डीसीपी यातायात की ओर से कुछ सुझाव दिए गए हैं। इन सुझावों से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को इंजीनियरों की टीम दूर कर देगी। इसके बाद फाइनल ट्रायल होगा और शहर के 20 चौराहे कैमरों के हवाले कर दिए जाएंगे।

डीसीपी ट्रैफिक ने मुख्य रूप से एक वाहन का दो बार चालान नहीं होने की बात कही है। चालान का प्रिंट स्पष्ट मिलना चाहिए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम पीएएस सहित अन्य कई सुझाव शामिल हैं। अब आगे शहर के सारे मेट्रो स्टेशनों के नीचे, दिल्ली बार्डर और सभी यू.टर्न पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। अब इन सारे सुझावों को सॉफ्टवेयर में अपडेट किया जाएगा। प्रोजेक्ट को रफ्तार देने के लिए अब हर बुधवार बैठक होगी। अभी कैमरों का ट्रायल जारी है।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी आकिल और विशाल।

# पत्नी ने बेटे से चलवाई थी पति पर गोलियां, अस्पताल में मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● आशिक और प्रॉपर्टी बनी वारदात की वजह

बीते मंगलवार को नोएडा की सड़क पर दिनदहाड़े एक सुपरवाइजर को गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान बीती रात को सुपरवाइजर की मौत हो गई। अब इस मामले में नोएडा पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। सुपरवाइजर पर गोली चलाने वाली कोई और नहीं बल्कि उसकी पत्नी ही है। इतना ही नहीं सुपरवाइजर की दूसरी पत्नी का बेटा भी अपने बाप को मरवाने के लिए योजना में शामिल था।

सुपरवाइजर के बेटे और पत्नी ने संपत्ति के लालच में अपने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची थी और इस वारदात को अंजाम दिलवाया था। नोएडा पुलिस ने इस मामले में रविवार को दो आरोपियों को धर दबोचा है। पूछताछ के दौरान इन दोनों ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

गिरफ्तार अकील ने बताया कि मृतक ऋषिपाल शर्मा का अपनी पहली पत्नी मीनू से तलाक हो चुका था। मीनू के बाद ऋषिपाल ने पूजा नामक एक लड़की से दूसरी शादी कर ली थी। ऋषिपाल का अपनी पहली पत्नी मीनू से एक लड़का है, जिसका नाम विशाल है। ऋषिपाल और मीनू के तलाक होने के बाद ऋषिपाल ने पूजा से शादी की थी। इस मामले में पूजा और शॉर्प शूटर मेहंदी हसन अभी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।

# महिला की अश्लील वीडियो बनाने वाला किशोर धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● घटना के 20 दिन बाद पति ने दबोचा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित अजनारा ली गार्डन हाउसिंग सोसाइटी में एक लड़के ने नहाती हुई महिला का वीडियो बना दिया था। अज्ञात लड़के की यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना की जानकारी महिला के पति ने पुलिस को दी थी, लेकिन 20 दिनों बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। अब महिला के पति ने खुद ही अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की अश्लील वीडियो बनाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। आरोपी को पकड़ने के बाद व्यक्ति ने उसको पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। बताया जा रहा है कि युवक की उम्र अभी 18 वर्ष से कम है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित अजनारा ली गार्डन हाउसिंग सोसायटी में 20 दिन पहले एक किशोर ने एक नहाती हुई महिला का वीडियो बना लिया था। जब आरोपी नहाती हुई महिला का वीडियो बना रहा था तो वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में युवक की पूरी हरकत कैद हो गई।

# गर्मी में पांच घंटे तक बिजली कटौती से परेशान लोग

## 45 डिग्री तापमान के बीच जनपद में कई जगह आठ ट्रांसफार्मर भी फुंके

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



फाइल फोटो

जनपद में शनिवार को भी लगातार दूसरे दिन भीषण बिजली संकट रहा। पारे के 45 डिग्री सेल्सियस जाने के साथ ही ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने और जंफर फुंकने से शहर में पांच घंटे तो देहात में आठ और गांवों में 10 घंटे तक की बिजली कटौती झेलनी पड़ी। बड़े ट्रांसफार्मर को फुंकने से बचाने के लिए अघोषित कटौती करनी पड़ी। फिर भी जिले में आठ ट्रांसफार्मर फुंके।

जिलेभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 150 सब स्टेशनों व 800 फीडर से विद्युत आपूर्ति हो रही है। शनिवार को एसी और कूलर ज्यादा चलने से ओवरलोड हो गया। शनिवार को 317 फीडर सर्वाधिक ओवरलोड रहे। इससे कई इलाकों में ट्रांसफार्म फूंकने से बिजली कटौती हुई। वहीं, ट्रांसफार्मर गर्म होने से ज्यादातर इलाकों में अघोषित बिजली कटौती की गई। शहर के गोविंदपुरम सब स्टेशन के फीडर ओवरलोड होने से आकाश नगर, गोविंदपुरम के अलावा आसपास के इलाकों में दिनभर में साढ़े पांच घंटे की बिजली कटौती हुई। वहीं, राठी सब स्टेशन का टाउन फीडर ओवरलोड होने से शुक्रवार को रातभर में सेक्टर.नौ, सुंदरपुरी, रामपुरी आदि कॉलोनियों की अलग-अलग करीब चार घंटे और दिन में साढ़े तीन घंटे की बिजली कटौती हुई। इससे करीब दो हजार से ज्यादा परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासी सुदामा, रामदास सिंह ने बताया कि रात में बिजली कटौती होने से एसी, पंखे और कूलर नहीं चलने के कारण नींद खराब हो रही है। वहीं, इन्वर्टर भी एक से दो घंटे में ही जवाब दे रहे हैं। इसके अलावा लालकुंआ सब स्टेशन के दो फीडर भी ओवर लोड रहे, जिससे एनएच.9 के ज्यादातर इलाकों में अलग.अलग समय पर पांच घंटे तक की कटौती हुई।

सब स्टेशन पर लगे बड़े ट्रांसफार्मर गर्मी की चपेट से नहीं बच पा रहे हैं। प्रताप विहार, गोविंदपुरम, पटेलनगर, लोहियानगर समेत शहर के ज्यादातर सब स्टेशन पर अघोषित बिजली कटौती करनी पड़ रही है। वहीं, विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगर बिजली नहीं काटेंगे तो ट्रांसफार्मर फूंक जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मृतकों में अभी 19 की पहचान नहीं, होगा डीएनए

**मुंडका अग्निकांड**

● अब तक मृतकों के परिवारों से जुड़े करीब 20 लोगों के डीएनए नमूने लिए गए



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली पश्चिमी दिल्ली के मुंडका अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों में से सिर्फ आठ की पहचान हो पाई है। शव सत बिक्षत हैं, इसलिए पहचान में दिक्कतें आ रही हैं। अब शेष 19 शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाएगा। अब भी कई लोग लापता हैं।

अब तक मृतकों के परिवारों से जुड़े करीब 20 लोगों के डीएनए नमूने लिए गए हैं। इनमें उन आठ मृतकों के परिजन भी शामिल हैं जिनके शवों की पहचान पहले ही हो चुकी है। लेकिन उनकी पहचान की पूरी तरह से पुष्टि करने के लिए उनके परिवार के सदस्यों के भी डीएनए नमूने एकत्र किए हैं। डीएनए जांच एक लंबी प्रक्रिया है। पुलिस की कोशिश है कि यह पांच-दस दिन के भीतर पूरी हो जाए। एक बार डीएनए प्रोफाइलिंग हो जाने के बाद, सभी जले हुए शवों और अवशेषों की पहचान हो सकती है। इसके बाद संबंधित परिवारों को सौंपे जा सकते हैं। रोहिणी स्थित फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी के एक विशेषज्ञ ने यहां कहा कि हड्डियों, जड़ों के साथ बाल, दांत, रक्त और शरीर के अन्य हिस्सों से नमूने एकत्र किए गए हैं। ऐसे में पुलिस उन लोगों से संपर्क कर रहा है जिनके स्वजन लापता हैं। डीएनए की जांच के लिए उनसे नमूने देने का अनुरोध किया गया है।

इस बीच फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की निदेशक दीपा वर्मा ने कहा कि शवों के अवशेष के जरिये डीएनए जांच की जाएगी। जांच में दिल्ली पुलिस की सहायता के लिए फोरेंसिक की दो टीमें घटनास्थल पर पहुंची। शवों की पहचान के लिए टीमें डीएनए जांच के लिए सैंपल एकत्र कर रही हैं। जिसे बाद में जांच अधिकारी को सौंप दिया जाएगा। मुंडका अग्निकांड के अब तक लापता पीड़ितों के परेशान परिजन रविवार को भी संजय गांधी स्मारक अस्पताल के बाहर अपने प्रियजनों का इंतजार करते रहे क्योंकि 19 शवों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसके अलावा कई लोग अब भी लापता हैं जिनके जिंदा बचने की उम्मीद बहुत कम है।

राजेश कुमार की बहनें लापता हैं। उन्होंने कहा कि वह बहनों की पहचान नहीं कर सके क्योंकि शव बुरी तरह से जल गए हैं। अब भी डीएनए परीक्षण के अनुरोध पर अस्पताल से प्रतिक्रिया मिलने का इंतजार है। राजेश ने कहा, उनकी तीन बहनें हैं और सभी लापता हैं। उन्होंने अस्पताल से डीएनए जांच करने का अनुरोध किया है और अभी उनकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बहनें कैमरा पैकेजिंग विभाग में काम करती थीं। अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए राजेश ने कहा कि शवों को इस तरह से लाए जैसे उन्होंने कचरा इकट्ठा किया हो। दो भाई महिपाल कुमार और सुरेंद्र कुमार, जिनकी बेटियां लापता हैं, शव की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। महिपाल ने कहा कि वह शनिवार रात से यहां इंतजार कर रहे हैं। बेटी ने उन्हें शुक्रवार को फोन किया था जब इमारत में आग लग गई थी। महिपाल ने कहा कि वे अस्पताल से बेटी के शव की पहचान करने और अंतिम संस्कार के लिए सौंपने का अनुरोध कर रहे हैं। सुरेंद्र कुमार इसलिए दुखी थे क्योंकि वह अपनी बेटी से आखिरी बार बात तक नहीं कर सके। रानी खेड़ा की रहने वाली नफीसा ने अपनी एक रिश्तेदार के शव की शिनाख्त के लिए घंटों इंतजार किया। लेकिन उसकी पहचान नहीं कर पा रही थीं।

### प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में लगी आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** मुंडका में भीषण आग की घटना की तस्वीरें ओझल भी नहीं हो पाई थीं कि नरेला इलाके में प्लास्टिक दाना बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। दमकल की दो दर्जन से अधिक गाड़ियों ने देर रात आग को काबू किया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री में प्लास्टिक के दानों से तिरपाल बनाया जाता था। पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा जब आग लगी तो फैक्ट्री बंद थी। इसलिए किसी के अंदर फंसे होने की सूचना नहीं थी। एक स्काई लिफ्ट फायर टेंडर को भी अग्निशमन अभियान के लिए बुलाया गया था।

## मुडका बिल्डिंग मालिक के बीजेपी से संबंध : आप

● दुर्गेश पाठक ने जारी की नेताओं संग मनीष लकड़ा की फोटो



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा मौत के लिए सिर्फ और सिर्फ भाजपा शासित एमसीडी जिम्मेदार है।

2016 में बीजेपी एमसीडी ने सभी नियमों को ताक पर रखते हुए फैक्ट्री लाइसेंस जारी किया। कुछ महीनों बाद लोगों द्वारा शिकायत मिलने पर भाजपा एमसीडी को लाइसेंस रद्द करना पड़ा लेकिन चोरी-छुपके अंदर सभी काम चलते रहे। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा सील करने के बावजूद इमारत में अबतक इंडस्ट्रियल गतिविधियां जारी थीं रहीं। भाजपा शासित एमसीडी को इसकी पूरी जानकारी थी। पूरी घटना की जांच और इमारत के मालिक व उससे जुड़े भाजपा के सभी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

लाइसेंस रद्द होने के बाद भी इंडस्ट्रियल गतिविधियां जारी रहीं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई मॉनिटरिंग कमेटी ने इमारत को सील कर दिया। एमसीडी के कागजों पर आज भी यही इमारत सील है लेकिन चोरी-चुपके एक छोटा रास्ता बनाकर फैक्ट्री में इंडस्ट्रियल गतिविधियां की जा रही थी। एमसीडी को इन गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी थी बावजूद इसके उन्होंने यह सब होने दिया। दो तस्वीरें दिखाते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस तस्वीर में मनीष लाकड़ा की है जिन्होंने भाजपा का पटका पहना हुआ है और उनके साथ भाजपा की ही कई अन्य बड़ी हस्तियां खड़ी दिखाई दे रही हैं।

## बुलडोजर अभियान पर विधायकों संग आज बैठक करेंगे मुख्यमंत्री

**पाययिर समाचार सेवा।** नई दिल्ली,

अरविंद केजरीवाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित नगर निगमों द्वारा राजधानी के विभिन्न हिस्सों में चलाए जा रहे अतिक्रमण रोधी अभियान के मद्देनजर आज आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के साथ एक अहम बैठक करेंगे।

शाहीन बाग, मदनपुर खादर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, मंगोलपुरी, करोल बाग, ख्याला और लोधी कॉलोनी सहित दिल्ली के कई हिस्सों में तीनों नगर निगमों द्वारा अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अवैध निर्माणों को तोड़ा जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह बैठक पूर्वाह्न 11 बजे सिविल लाइंस स्थित केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर शुरू होगी, जिसमें अतिक्रमण रोधी अभियान को लेकर भाजपा का मुकाबला करने की रणनीति तैयार की जाएगी। पहले यह बैठक शनिवार को होनी थी लेकिन मुंडका इलाके में एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लगने के बाद



इसे रद्द कर दिया गया था। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अतिक्रमण रोधी अभियान के नाम परै विध्वंस कार्यै को रोकने का आग्रह किया था।

सिसोदिया ने भाजपा की ैबुलडोजर राजनीति की भी आलोचना की और दावा किया कि तीनों नगर निगम मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में 63 लाख मकानों को ध्वस्त करने की योजना बना रहे हैं।

## आग से बचाव के लिए नहीं ठोस उपाय : गुप्ता

● प्रदेश अध्यक्ष ने केजरीवाल सरकार को घेरा, ट्रामा सेंटर के लिए मिले 60 करोड़ का हिसाब मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में हर साल अग्निकांड के एक से दो बड़े हादसे होने व जान माल का भारी नुकसान के बाद भी दिल्ली सरकार न राहत व बचाव के ठोस उपाय नहीं किया है। न आग से लड़ने के लिए और न आग से जले मरीजों के इलाज के लिए।

यह आरोप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर दुर्घटना के बाद दिल्ली सरकार न सिर्फ लगातार अग्नि दुर्घटनाओं पर अपनी जवाबदेही से बचती रही है बल्कि अग्नि शमन विभाग के विस्तार पर भी लापरवाह करती रही है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद भी आग से जले मरीजों के लिये ट्रामा सेन्टर बनाने के मामले को दबाये बैठी है। आदेश गुप्ता ने कहा कि 1997 में हुई उपहार सिनेमा त्रासदी की लम्बी सुनवाई के बाद नवम्बर 2015 में उपहार के मालिक अंसल बंधुओं ने दिल्ली में सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड की तर्ज पर आग से जले मरीजों के लिये विशेष ट्रामा सेन्टर बनाने के लिये 60 करोड़ अरविंद केजरीवाल सरकार को सौंपे थे। साढ़े 6 साल बीत गये पर दिल्ली सरकार ने ट्रामा सेन्टर बनाने के लिये एक पत्ता भी नहीं हिलाया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री दिल्लीवसियों को बतायें की 60 करोड़ रूपये उपलब्ध रहते हुऐ भी आज तक ट्रामा सेंटर का निर्माण क्यों नही शुरू हुआ।

## बिजली कनेक्शन और फायर एनओसी पर उठाये सवाल



*भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता झूठ बोलते हैं । दुर्गेश पाठक ने का कथन पूरी तरह झूठ है कि मुंडका की वह बिल्डिंग 2019 से कानूनी रूप से सील थी और कागज़ों में आज भी सील है और उसमें अवैध रूप से सब काम चल रहा था। सच यह है की 2019 में दिल्ली सरकार की एक सरकारी शराब की दुकान इस बिल्डिंग में खोली गई थी जिसकी शिकायत के बाद सर्वोच्च न्यायालय की मोनिटरिंग कमेटी ने इसे सील किया था।*

*प्रवक्त ने कहा है कि जहां यह स्पष्ट है लाल डोरा विस्तार में बनी इस बिल्डिंग को उत्तरी नगर निगम से कोई लाईसेंस प्राप्त नही था वहीं दिल्ली सरकार बताये इसको इतने भारी बिजली कनेक्शन एवं फायर एनओसी कैसे मिले थे भाजपा का इस बिल्डिंग के मालिक मनीष लाकड़ा से कोई सम्बंध नही है। वह कभी भाजपा का सदस्य या पदाधिकारी नही रहा है। चुनाव के समय बहुत से लोग राजनीतिक दलों को समर्थन देते हैं पर इसका मतलब यह नही की वह पार्टी सदस्य है।*

## रेहड़ी व पटरी पर बुलडोजर के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में केंद्रीय भाजपा कार्यालय पर हल्ला बोल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा शासित नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे बुलडोजर और उनके द्वारा तोड़-फोड़ अभियान के खिलाफ भाजपा के केंद्रीय कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में जोरदार प्रर्दशन किया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जैसे ही भाजपा मुख्यालय की ओर कूच किया तो दिल्ली पुलिस द्वारा बेरीकेड़ लगा कर बीच में ही रोक दिया गया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में भाजपा की बुलडोजर राजनीति के खिलाफ अतिक्रमण तो बहाना है, गरीबों पर बुलडोजर चलाना है। प्रर्दशन में पूर्व सांसद रमेश कुमार, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, डा. नरेश कुमार, पूर्व विधायक अमरीश सिंह गौतम, वीर सिंह धिंगान, जिला अध्यक्षों में विशाल मान व चौ. जुबेर अहमद , हर्ष चौधरी, वीरेन्द्र शर्मा, व सोशल मीडिया के चेयरमैन राहुल शर्मा व सकड़ो की संख्या कांग्रेस कार्यकता आदि मौजूद थे।



दिल्ली भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## मंत्री के बेटे को पकड़ने जयपुर गई दिल्ली पुलिस

● महिला ने लगाया था बलात्कार का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस का एक दल महिला से कथित दुष्कर्म के मामले में राजस्थान के मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी को गिरफ्तार करने रविवार को जयपुर पहुंचा। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे अधिकारियों का दल मामले के संबंध में जोशी को पकड़ने के लिए जयपुर पहुंच गया है, जो फरार है।

हमारा दल उसका पता लगाने के लिए दबिश दे रहा है। कुछ दिन पहले जयपुर की युवती ने आरोप लगाया था कि राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री के बेटे रोहित जोशी ने पिछले एक साल से अधिक समय में कई बार उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने शुरुआत में शून्य प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने बताया कि बाद में शून्य प्राथमिकी को नियमित प्राथमिकी में बदल दिया गया। प्राथमिकी में दुष्कर्म की घटना सदर



बाजार थाने के अधिकार क्षेत्र में अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया गया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उससे पिछले साल आठ जनवरी और इस साल 17 अप्रैल के बीच कई बार दुष्कर्म किया गया। महिला ने बताया था कि उसकी पिछले साल फेसबुक पर रोहित जोशी से दोस्ती हुई और इसके बाद से वे संपर्क में रहने लगे। दोनों पहली बार जयपुर में मिले और रोहित जोशी ने कथित तौर पर उसे आठ जनवरी, 2021 को सवाई माधोपुर में आमंत्रित किया। युवती ने आरोप लगाया कि पहली मुलाकात के दौरान रोहित जोशी ने उसके पेय पदार्थ में नशीली वस्तु मिला दी और इसका फायदा उठाया। प्राथमिकी के अनुसार जब अगली सुबह वह उठी तो आरोपी ने उसकी निर्वस्त्र तस्वीरें और वीडियो दिखाए, जिससे वह परेशान हो गई।

एक अन्य मुलाकात का जिक्र करते हुए उसने आरोप लगाया कि रोहित जोशी दिल्ली में भी मिला तथा उसने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। रोहित ने मुझे एक होटल में बुलाया जहां उसने पति और पत्नी के तौर पर हमारा नाम लिखाया। उसने फिर मुझसे शादी का वादा किया लेकिन उसने शराब पी और मुझसे गाली गलौज की।

### भारत के भारतरत्न काव्य ग्रंथ का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** हिन्दी भवन में रविवार को काव्य ग्रंथ भारत के भारत रत्न का लोकार्पण हुआ। इस काव्य ग्रंथ के संपादक डॉ राजीव कुमार पाण्डेय है और ओंकार त्रिपाठी ने इसे संकलित किया है। इस लोकार्पण समारोह में देश के कोने कोने से आये 150 साहित्यकारों को काव्य रत्न से सम्मानित भी किया गया।

राजकुमार छापड़िया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रबन्ध निदेशक सुरेश चौहान ने इस ग्रंथ को राष्ट्रीय धरोहर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार पद्मश्री डॉ. श्याम सिंह ने किया। डॉ. हरि सिंह पाल, हिंदी अकादमी दिल्ली के सचिव डॉ जीतराम भट्ट ने सम्मेलन ने संबोधित किया।

## यशवंत प्लेस में वाणिज्यिक परिसर का होगा निर्माण

● 119 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य अगस्त में होगा शुरू : उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चाणक्यपुरी के यशवंत प्लेस में वाणिज्यिक परिसर का 119 करोड़ की लागत से निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दी। बतौर उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि दिल्ली शहर के केंद्र में एक अच्छा और प्रमुख कार्यालय स्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यह कर्मचारी की नौकरी की संतुष्टि और कार्य / जीवन संतुलन को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि राजधानी में एक अच्छा स्थान सर्वोत्तम कर्मचारियों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि अच्छे और प्रमुख स्थान पर कंपनी के दीर्घकालिक प्रदर्शन को काफी बढ़ावा दे सकते हैं। इसे देखते हुए एनडीएमसी यशवंत पैलेस में एक व्यावसायिक परियोजना का निर्माण करेगी। परियोजना का



तकनीकी विवरण देते हुए सतीश उपाध्याय ने बताया कि भवन में 4344.60 स्कवायर मीटर क्षेत्रफल के साथ 3 बेसमेंट, 4208.32 स्कवायर मीटर क्षेत्र के निचले भूतल और 1159.14 स्क्वायर मीटर क्षेत्र के साथ पोडियम ग्राउंड शामिल होंगे। उपाध्याय द्वारा सूचित परियोजना की सामान्य विशेषताएं और प्रमुख घटक, प्रस्तावित भवन का निर्माण सभी डिजाइन सुविधाओं को पूरा करने के लिए आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना पर किया जाएगा, एसटीपी के प्रावधान सहित गृह स्टार रेटिंग के लिए पूर्व-आवश्यकताएं, दोहरी पाइपिंग प्रणाली, संरचनात्मक ग्लेजगिं, आदि।

## बीमारी पर नियंत्रण के लिए अधिक प्रभावी कार्यक्रम बनाएं

**राष्ट्रीय डेंगू दिवस**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों पर न गर्मी का असर हो रहा है और न ही सर्दी का। जहां पहले डेंगू आमतौर पर जुलाई से नवंबर महीनों के बीच फैलता था, अभी पूरे साल डेंगू के मामले आ रहे हैं।

इसलिए डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम को न केवल अधिक प्रभावी रूप से लागू करना होगा बल्कि मच्छरों के खात्मे के लिए नई नीतियां बनाने और क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस की पूर्व संध्या पर प्रशांत विहार स्थित आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट व आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. आरपी पाराशर ने कहा कि राजधानी दिल्ली में पिछले वर्ष शुरू हुआ डेंगू का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा और इस वर्ष भी जनवरी से हर महीने डेंगू के मरीज लगातार आ रहे हैं। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अभी तक डेंगू के 82 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले वर्ष भी राजधानी में डेंगू के 9613 मामले दर्ज किए गए जो 2015 के बाद से सर्वाधिक हैं। तमाम कार्रवाई के बाद भी एडीज मच्छरों का प्रजनन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



### गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर विशेष कीर्तन समागम

**नई दिल्ली।** गुरू अमरदास जी का प्रकाश पर्व के अवसर पर दिलशाद गार्डन स्थित गुरूद्वारा बेबे नानकी जी में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इसमें रागी धर्मेंद्र सिंह, स्त्री संत्संग और बच्चों ने शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर अखंड पाठ साहिब का पाठ हुआ। मुख्य सेवादार भाई गुरमुख सिंह ने गुरु अमरदास की जीवनी के बारे में संगत को अवगत करवाया। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। गुरूद्वारा के नए चुने हुए कार्यकारिणी प्रधान खेम सिंह लांबा, मुख्य सचिव मनजीत सिंह, हरमोहन सिंह, हरजीत सिंह बजाज, वजीर सिंह, जसविंदर सिंह , करन सिंह कुंद्रा, मक्खन सिंह,भूपिंदर सिंह, बलजीत कौर, ने सभी आयी संगत को गुरु अमरदास के प्रकाश पर्व की बधाई दी। जिसमें जय प्रकाश रायसिंघानी ने भी अपनी हाजरी भरी।

### चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने जांच कराई

**नई दिल्ली।** कृष्ण नगर क्षेत्र के रामनगर (गुरु बाजार) के पास रविवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने निशुल्क जांच कराई चिकित्सा परामर्श लिया। चिकित्सा शिविर में मैक्स साकेत न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर मुकेश कुमार, मधुमेह के लिए डॉक्टर मोनाशीश साहू व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बृजेश कुमार मिश्रा ने मरीजों की जांच करी। शिविर में ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी और ईईजी की जांच की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता विश्व मोहन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष खट्टर उपस्थित रहे। कार्यकम के संयोजक और संस्था के अध्यक्ष शक्ति बक्शी ने बताया कि हाल ही में उनकी संस्था ने निशुल्क शव वाहन की सेवा भी शुरू की है। शिविर में मैक्स साकेत के डॉक्टर मुकेश कुमार, पुरुषोत्तम शर्मा, आशीष शर्मा, पुनीत बक्शी, अरविंद बक्शी, बॉबी मारवाह, मुकेश मित्तल और विकास खोसला का विशेष योगदान रहा।

# एसडीएमसी ने 125 विद्यालयों में स्थापित किए पुस्तकालय

## 73 विद्यालयों में रूम टू रीड एवं कथा नामक एनजीओ के साथ सहयोग से स्थापित किए रीडिंग कॉर्नर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने अपने विद्यालयों के पुस्तकालयों के आधारभूत ढांचे में बदलाव लाते हुए विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर उन्हें और अधिक आकर्षक पुस्तकों से सुसज्जित एवं सुविधा संपन्न बनाना आरंभ कर दिया है। इसी कड़ी में एसडीएमसी ने 125 पुस्तकालय स्थापित किया है।

एसडीएमसी आयुक्त ज्ञानेश भारती ने निगम के विद्यालयों में उत्कृष्ट पुस्तकालय स्थापित करने में विशेष रुचि दिखाई जिससे विद्यालयों में सुसज्जित पुस्तकालय स्थापित किया जा रहा है। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने गैर सरकारी



संगठन एंजेलिका फाउंडेशन,रूम टू रीड,कथा के सहयोग से करीब 125 विद्यालयों में पूर्णत: सुसज्जित एवं सुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। दक्षिणी निगम के शिक्षा विभाग ने एंजेलिका फाउंडेशन के साथ मिलकर मध्य क्षेत्र में तुगलकाबाद एक्सटेंशन, कालकाजी, प्रेमनगर, आश्रम इत्यादि स्थानों पर स्थित 56 निगम विद्यालयों,दक्षिणी क्षेत्र के अंबेडकर नगर, खानपुर, देवली, पुष्प विहार, आरकेपुरम इत्यादि स्थानों पर स्थित 39 निगम विद्यालयों एवं पश्चिमी क्षेत्र के टैगोर गार्डन, रघुबीर नगर, सुभाष नगर इत्यादि स्थानों पर स्थित 30 निगम विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। भविष्य में नजफगढ़ क्षेत्र के विद्यालयों में भी पुस्तकालय स्थापित किए जायेंगे।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के जिन प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालय के लिए अलग से कक्ष उपलब्ध नहीं है वहां पर रूम टू रीड एवं कथा नामक एनजीओ के साथ मिलकर दक्षिणी निगम के सभी चारों क्षेत्रों में 73 रीडिंग कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

### बौद्ध दर्शन का लक्ष्य दुख से मुक्ति दिलाना : प्रदीप

**नई दिल्ली।** बौद्ध दर्शन का मुख्य लक्ष्य "दु:ख से मुक्ति" रहा है। कर्म, ध्यान एवं प्रज्ञा इसके साधन रहे हैं। ये विचार दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा देश की आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव" में प्रो. प्रदीप कुमार दास अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग नव नालन्दा महाविहार विश्वविद्यालय नालन्दा विहार ने रखे।

संस्कृत नवोन्मेष व्याख्यानमाला के अन्तर्गत आधुनिक प्ररिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन की उपयोगिता विषय पर आयोजित व्याखानमाला अकादमी के सचिव डॉ. अरुण कुमार झा, डॉ. कान्ता भाटिया, डॉ. रणजीत वेहेरा ने डॉ. प्रदीप कुमार दास ने बौद्ध धर्म व दर्शन के संबंध में विचार रखे। कई गणमान्य व्यक्ति जूमऐप के माध्यम से वेविनार से जुडे रहे ।

# प्राकृतिक, जैविक खेती में किसानों का घाटा पूरा करेगी सरकार : जेपी दलाल



गुरुग्राम में ब्रह्मकुमारीज की ओर से ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आत्मनिर्भर किसान अभियान की शुरुआत के अवसर पर बोलते कृषि मंत्री जेपी दलाल।



गुरुग्राम में ब्रह्मकुमारीज की ओर से ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आत्मनिर्भर किसान अभियान की शुरुआत के मौके पर मौजूद लोग।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा आत्मनिर्भर किसान अभियान की शुरुआत के मौके पर कही यह बात

### आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के तहत देशभर में चलेगा अभियान

### ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम से हुई इस अभियान की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि आज के दौर में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है। इस तरह की खेती आज सबसे जरूरी है। अगर प्राकृतिक और जैविक खेती में किसानों को प्रारम्भ में घाटा होता है तो सरकार उसकी भरपाई करने को तैयार है। सरकार कृषि उपकरणों को सस्ते और उचित दामों पर किसानों को उपलब्ध करायेगी। यह बात उन्होंने यहां ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित आत्मनिर्भर किसान अभियान की शुरुआत के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है। इसके अलावा सरकार ने गौरक्षा के लिए गोसंवर्धन का कानून भी बनाया है। हरियाणा में गौशालाओं के माध्यम से भी जैविक खाद तैयार की जाती है। सामूहिक खेती से भी बहुत बचत होती है। उन्होंने कहा कि किसानों को हमें साहूकारों के चंगुल से भी निकालना है। मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा किसानों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित यह अभियान प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है। समाज के सभी वर्ग जब एक साथ मिलकर कार्य करते हैं तो तभी देश आगे बढ़ता है। हरियाणा किसानों का प्रदेश है। कोरोना काल में भी हमारे किसानों ने अभूतपूर्व पैदावार दी है।

**अन्न के शुद्धिकरण से होगा ही शुद्ध तन और मन : सुबेदी** : समारोह में पहुंचे नेपाल के उप-राजदूत राम प्रसाद सुबेदी ने कहा कि अन्न के शुद्धिकरण से ही वास्तव में शुद्ध तन और मन बनता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था नेपाल में भी बहुत ही सराहनीय कर रही है। संस्था के द्वारा इस प्रकार के अभियान समाज में एक नई जन चेतना पैदा करते हैं।

**आत्मनिर्भर बनने का अर्थ अपने मनोबल को ऊंचा उठाना : आशा** : ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि जीवन को चलाने के निमित भी हैं। आज देश में एक नई जागृति आई है। किसानों के प्रति सबके मन में श्रेष्ठ भावना उत्पन्न हुई है। जब हम आत्मनिर्भरता की बात करते हैं तो हम मनोबल की बात करते हैं। अनाज तो हम धरती से ले सकते हैं, लेकिन जब हमारे सम्मुख कोई परिस्थिति आती है तो उसके लिए हमारे में आत्मबल होना जरूरी है। जितना शरीर के लिए अन्न जरूरी है, जीवन में उतने ही प्रेम, दया, करूणा एवं संवेदना जैसे गुण भी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि किसान अगर व्यसनमुक्त हो जाएं तो धन का सदुपयोग कर सकता है।

# डीएलएफ फेज-1 थाना में नवकल्प के साथ एसीपी ने लगाए दाना-पानी व घोंसले

### एसीपी ईस्ट संजीव बल्हारा ने कहा, यह काम भी है बड़ी सेवा

### बाकी पुलिस थानों में भी दाना-पानी घोंसले लगाने का किया आग्रह



डीएलएफ फेज-1 थाना में नवकल्प फाउंडेशन की ओर से दाना-पानी घोंसला लगाते एसीपी ईस्ट संजीव बल्हारा।

**गुरुग्राम।** नवकल्प फाउंडेशन की ओर से रविवार को डीएलएफ फेज-1 के पुलिस थाना में एसीपी संजीव बल्हारा के हाथों ये घोंसले लगवाए गए। एसीपी ने स्टाफ के सभी सदस्यों को निर्देश भी दिए कि इनमें नियमित तौर पर दाना-पानी डालकर पक्षियों का जीवन बचाने में सहयोग करें। यह पुण्य का कार्य है।

घोंसले लगाने के बाद एसीपी ईस्ट संजीव बल्हारा ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन ये पंछियों के लिए जो यह दाना-पानी घोंसले लगाने का अभियान शुरू किया है, यह सबसे हटकर काम है। हर कोई इस तरह की सोच नहीं रखता या इस तरह से प्रयास नहीं करता। उन्होंने संस्था से आग्रह किया कि वे गुरुग्राम के सभी पुलिस थानों में दाना-पानी घोंसले लगवाएं। इस अवसर पर नवकल्प के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, एसएचओ दिनेश कुमार, एमएचसी गजेंद्र व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। फाउंडर अनिल आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**लगातार आ रही है घोंसलों की डिमांड : प्रवीण अग्रवाल** : नवकल्प फाउंडेशन के उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि दाना-पानी घोंसले को लेकर शहरभर से उनके पास लोग कॉल कर रहे हैं। लोगों में इसके प्रति जागरुकता आई है। पहले इस तरह से किसी ने भी नहीं सोचा।

**घोंसलों को प्राकृतिक लुक देने का प्रयास : डा. सुनील आर्य** : नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डा. सुनील आर्य ने कहा कि संस्था की ओर से तीन साल पहले एक प्रण किया था कि शरीर के अंदर तक झुलसाने वाली भीषण गर्मी में भूखे-प्यासे पंछियों के लिए दाना-पानी और आश्रय की व्यवस्था की जाए। पहले दो साल तो टीन के करीब 600 दाना-पानी बॉक्स वितरित किए गए।

**मेफिल्ड गार्डन के एन-ब्लॉक में भी लगाए घोंसले** : मेफिल्ड गार्डन के एन-ब्लॉक के सेंट्रल पार्क और आसपास घोंसले लगाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### द्वितीय द्वादसी संकीर्तन महोत्सव में बही भजनों की रसधारा



**गुरुग्राम।** श्री श्याम परिवार फाउंडेशन के तत्वावधान में द्वितीय द्वादसी संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत करके बाबा का आशीर्वाद और भजनों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। उन्होंने श्री श्याम परिवार फाउंडेशन द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। श्री श्याम परिवार फाउंडेशन का उद्देश्य है कि वो स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने के साथ साथ अपनी संस्कृति की तरफ भी बढ़ती हुई नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से समाजिक व धार्मिक कार्य भी करने के लिए तत्पर हैं। श्री श्याम परिवार फाउंडेशन द्वारा हर द्वादसी को किसी भीं ऐसे परिवार जो अपने घर बाबा श्याम का कीर्तन करवाने के इच्छुक हैं, वो संकीर्तन नि:शुल्क किया जाएगा। इस संकीर्तन में भजन गायक शुभम ठाकरान, हेमन्त भारद्वाज, वर्षा गुप्ता, युवी सैनी के द्वारा बाबा के भजनों की अमृत वर्षा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल महिला सम्मेलन सेक्टर-10ए गुरुग्राम की महिला मण्डल के सदस्यों समता सिंगला, ममता अग्रवाल, आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। इस संकीर्तन में संस्था के सदस्य नितिन अग्रवाल, नितिन गोयल, विजय गर्ग, शुभाष बंसल, राजेश ठाकरान, अंकुर गोयल, नितिन गर्ग, हिमांशु शर्मा, सोनू, विवेक सिंगला, अजय अग्रवाल, सुनील ठाकरान व पुनीत अग्रवाल उपस्थित रहे।

### शिवालय में संपन्न हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**गुरुग्राम।** श्रीहनुमान चालीसा वाचन मंडल द्वारा दौलताबाद ग्राम के प्राचीन शिवालय में हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विद द हनुमान चालीसा वाचन मंडल के संरक्षक अजय सिंहल ने कहा कि हनुमान शक्ति और भक्ति के प्रतीक हैं। देश में जिस प्रकार हनुमान जी का नाम लेने पर राजनीति हो रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें श्रीहनुमान चालीसा वाचन के माध्यम से हिंदू समाज का जागरण करना होगा। अपनी शक्ति को बढ़ाना होगा। धारा 370 हटाने के बाद भी कश्मीर में हिंदुओं की हत्या जारी है। इसका मुख्य कारण है विधर्मियों की बढ़ती संख्या और हिंदू समाज का जागृत ना होना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललित कौशिक, भुवनेश भारद्वाज, बीएल अग्रवाल अनिल कुमार, पंडित मुकेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वाचन मंडल के संयोजक दीपक जांघू ने किया।

### आज लगेगा साल का पहला खग्रास चंद्र ग्रहण

**गुरुग्राम।** सोमवार 16 मई को साल का पहला खग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा, जिसमें खास संयोग भी बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि बुध पूर्णिमा और चंद्र ग्रहण दोनों परिधि योग में इस दिन हैं। ऐसा संयोग 80 साल बाद बन रहा है। हालांकि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा और भारत में सूतक आदि का विचार भी नहीं होगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि यह चंद्रग्रहण वैसाख पूर्णिमा पर विशाखा नक्षत्र और वृश्चिक राशि में लग रहा है। इस दिन बुध पूर्णिमा भी है और चंद्र ग्रहण भी हैं। यह दोनों परिधि योग में होंगे। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो दक्षिण, पश्चिमी, यूरोप, अफ्रीका, अधिकांश उत्तरी अमेरिका, दक्षिण- पश्चिमी एशिया, दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक, प्रशांत महासागर, हिंद महासागर और अंटार्कटिका में दिखाई देगा। चंद्रग्रहण प्रात: 7 बजकर 68 मिनट से प्रात: 11 बजकर 25 मिनट के मध्य लगेगा। लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा।

### रविवार को 350 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना बुलेटिन अनुसार रविवार को जिला में 350 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए, वहीं पिछले 24 घंटे में 3078 लोगों के सेंपल टेस्टिंग के दौरान जिला के 241 नागरिकों में इस महामारी की पुष्टि हुई है। ओमिक्रोन का कोई नया मामला सामने नहीं आया। गुरुग्राम जिला में अब तक 2 लाख 69 हजार 698 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो चुके हैं। अब जिला में 1127 मरीज एक्टिव हैं, जिनमे से 1120 मरीज अभी होम आइसोलेशन में रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जिला में व्यापक स्तर पर चलाये जा रहे टेस्टिंग अभियान के तहत अब तक 30 लाख 10 हजार 979 टेस्ट करवाए जा चुके हैं।

# सोहना में आए दिन 60 फीसदी एटीएम बंद या खराब रहने से लोग परेशान

### धनराशि वाले एटीएम में घंटों लगना पड़ता है लाइन में




सोहना में आएदिन एटीएम मशीन पर नकदी या मशीन खराब के ऐसे चस्पा दिए जाते हैं नोटिस।

**सोहना।** शहर में स्थापित अलग-अलग बैंक शाखाओं के 30 से 45 स्थानों पर एटीएम सेवा 60 फीसदी बंद रहने से नागरिकों को एक से दूसरे स्थान पर चक्कर लगाना पड़ रहा है। विशेषकर रविवार के दिन 80 फीसदी एटीएम में नकदी नहीं होती है। जिसके चलते एटीएम शो पीस बनकर रहे गए हैं।

एक तरफ बैंक शाखाओं में नकदी जमा करने से लेकर निकालने के अवसर पर होने वाली भीड़ को कम करने के उद्देश्य से शहर में अलग-अलग बैंक शाखाओं ने अपने एटीएम स्थापित किए है। जिनकी संख्या शहर के सार्वजनिक स्थानों से लेकर अधिक भीड़भाड़ वाले स्थान या फिर गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ एटीएम स्थापित किए है। लेकिन एटीएम देने वालों की संख्या 35 से 40 फीसदी होती है। करीब 60 फीसदी एटीएम शो पीस बनकर खड़े है। रविवार के दिन नकदी न देने वाले एटीएम की संख्या 60 से 80 फीसदी तक पहुंच जाती है। जिससे आम नागरिकों को नकदी निकालने के लिए एक से दूसरे एटीएम तक चक्कर लगाने पड़ते हैं।

**कहां-कहां स्थापित हैं एटीएम**

**शहर** में 60 फीसदी एटीएम गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ एक से दा किलोमीटर की दूरी में लगे है। 40 फीसदी एटीएम बाजार और सोहना से बाहर जाने वाले वाले मार्ग बालूदा, पलवल, नूंह, मार्ग पर है।

# घर से कॉलेज गई युवती और पार्क से व्यक्ति संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** सोहना सिटी और भोंडसी थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में लापता हुए युवती समेत 52 वर्षीय व्यक्ति की परिजनों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं। पुलिस ने लापता नागरिकों के परिजनों से मिली शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

भोंडसी की देवनगर पार्ट टू में रहने वाली महिला सुमन सिह ने पुलिस को बताया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी गुरुग्राम के कॉलेज में पढ़ती है। उसकी बेटी शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे कॉलेज जाने के लिए कहकर निकली थी, लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नहीं पहुंची। कॉलेज में पता किया तो वह पर छुट्टी होने का मालूम हुआ। उन्होंने अपनी सभी रिश्तेदारियों में तलाश कर लिया है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं सोहना सिटी थाना में वार्ड-21 में रहने वाले विरेन्द्र कुमार ने अपने 52 वर्षीय पिता आसेराम के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है।

# सोहना के पुराने बाजारों में अतिक्रमण से राहगीर परेशान



सोहना की पुरानी आबादी वाले बाजारों के आम रास्तों में अतिक्रमण होने से तंग हुईं गलियां।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद का शहर की पुरानी आबादी क्षेत्र के बाजारों की तंग गलियों में छाया अतिक्रमण पर कभी भी ध्यान नहीं जाता है। जिसके कारण इन बाजारों में बैठे दुकानदारों का आम रास्तों पर अतिक्रमण करने की होड़ मची हुई है। दुकानदारों ने लोहे के पक्के जाल व सीढ़ियां बाहर बनाकर तथा दुकान से ज्यादा सामान रास्तों में रखा हुआ है।

नगर परिषद ने जब-जब भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया है। परिषद का अभियान चंद सड़क या बाजारों तक ही सीमित रहता है। नगर परिषद की टीम जब भी अतिक्रमण का सफाया करने निकलती है। वह अपने कार्यालय से हमेशा ही बाई और पुराना अलवर रोड पर चलकर ही शुरुआत करती है। परिषद का अभियान कार्यालय से लेकर अग्रसैन चौक, बाईपास, गुरुग्राम मार्ग, सिटी थाना से बाजार को आने वाले रास्ता, अस्पताल मार्ग पर ही होता रहा है। शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक पर आकर समाप्त हो जाता है।

# पुलिस ने 12 घंटा में चोर को चोरी गई बाइक समेत पकड़ा

**सोहना।** अदालत ने बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार शातिर चोर को एक दिन की रिमांड पर भेजा है। आरोपी को शनिवार की शाम को गिरफ्तार किया था। सोहना सिटी थाना पुलिस ने शनिवार को सुबह सब्जी मंडी से बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर को 12 घंटा में गिरफ्तार करके सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान मुबारिक निवासी जिला नूंह का गांव आकेड़ा के रुप में हुई है।

मुबारिक ने शनिवार की सुबह सोहना सब्जी मंडी में सब्जी बेचने आये किसान आस मौहम्मद की बाइक को चोरी किया था। आस मौहम्मद अपनी सब्जी को बाइक से उतारने के बाद आढ़त पर रखने चला गया था। चोरी की तलाश में घूम रहा मुबारिक ने मौका लगने पर बाइक को लेकर फरार हो गया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि मुबारिक की पहचान 12 घंटा के अंदर करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिससे चोरी की गई बाइक को आरसी समेत गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में एक अन्य बाइक को आरसी भी बरामद की है।

# पंजाबी बिरादरी महा संगठन विस्तार की ओर अग्रसर

### सेक्टर-38 में किया गया महासंगठन के पदाधिकारियों का स्वागत



गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन की बैठक में प्रधान बोधराज सीकरी का स्वागत करते पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-38** के पंजाबी समुदाय के लोगों ने पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान को टीम के साथ आमंत्रित किया। कोठी नंबर-656 में यह बैठक आयोजित की गई। इसमें करीब 50 पंजाबी भाई वहां एकत्रित थे। सभी ने अपने अपने विचार रखे।

संगठन के प्रधान सीकरी ने अब तक के हुए समाजिक कार्यों के विषय में बताया गया। आने वाले समय में जो कार्य किए जाएंगे, उन पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा युवा टीम को अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के लिए प्रार्थना की।

सभी लोगों ने आश्वासन दिया की अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने का प्रयास करेंगे। संगठन की ओर से बोधराज सीकरी, ओमप्रकाश कथुरिया, रामकिशन गांधी, बलदेव राज गुगलानी, धर्मेंद्र बजाज, अनिल कुमार और सेक्टर-38 से देवराज आहूजा, लोकेश अहुजा, किशन टूटेजा, नितिन टूटेजा, अनिल गिरधर, तरूण आहूजा, रमेश सुखीजा, राकेश ठक्कर, केएल मेहता, अनिल वासन, सुरेश भाटिया, एलडी अरोड़ा, मुनाल वासन उपस्थित रहे। देवराज आहूजा ने भी अपने विचार रखे। सुरेश भाटिया ने संगठन को 21000 की धनराशि का सहयोग किया, वहीं किशन टूटेजा ने 31000 रुपये की राशि संगठन को भेंट की।

# पैरा एशियन चैंपियनशिप: इंडिया नेशनल कैंप में सुरेश चयनित

### सुरेश और उसके कोच भगवत सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा

**सोहना।** तीरंदाज में सुरेश का पैरा एशियन चैंपियनशिप के लिए इंडिया नेशनल कैंप में चयन हुआ। सुरेश और उसके कोच भगवत सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

31 मई से 6 जून 2022 तक दिल्ली में होने वाले एशियन पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप व 2 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक चेक गणराज्य देश में होने वाली पैरा वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट 2022 के लिए भारतीय तीरंदाजी संघ के द्वारा ओपन सिलेक्शन ट्रायल लिया गया। जिसमें सुरेश ने 28 अप्रैल 2022 को यमुना स्पोर्ट्स कंपलेक्स दिल्ली में अच्छा प्रदर्शन करते हुए बेस्ट 8 खिलाड़ियों में रहे। 29 अप्रैल को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में बेस्ट 8 खिलाड़ियों की चयन के लिए ट्रायल दिया था। जिसमें सुरेश ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए बेस्ट 4 खिलाड़ियों में जगह पक्की की थी। इसके बाद 2 दूसरी नंबर के चयन के लिए स्टेज के लिए ट्रायल 8 और 9 मई 2022 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में ली गई थी। जिसमें सुरेश ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सुरेश को उपरोक्त प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम के लिए नेशनल कैंप के लिए चुना गया था।

# आधुनिक मंडी बनाने को नवीन गोयल का कृषि मंत्री से आग्रह

### कृषि मंत्री से जेपी दलाल से मंडी का दौरा करने का भी किया अनुरोध

### आरडब्ल्यूए प्रधान धर्म बीर दलाल, धर्मेंद्र, विवेक भी मौजूद रहे



गुरुग्राम में अनाज मंडी को आधुनिक बनाने के लिए कृषि मंत्री जेपी दलाल को पत्र सौंपते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रोजाना** विकास के नये आयामों को छूता गुरुग्राम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। सरकार भी यहां मूलभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर काम कर रही है। गुरुग्राम की अनाजमंडी की खस्ता हालत में भी सुधार हो। इस मंडी को भी आधुनिक तरीके से बनाकर लोगों को सुविधा दी जाए। यह अनुरोध पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कृषि मंत्री जेपी दलाल को एक पत्र देकर किया गया है। इस दौरान सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए के प्रधान धर्मबीर दलाल, धर्मेंद्र शर्मा, विवेक शर्मा भी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री जेपी दलाल को एक पत्र सौंपकर नवीन गोयल ने कहा है कि गुरुग्राम में अनाजमंडी और सब्जीमंडी साथ-साथ हैं। यहां रोजाना लाखों लोगों का आवागमन होता है। गुरुग्राम की अनाज मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां ना तो किसानों द्वारा फसल रखने के लिए फड़ है और ना ही शेड है। ऐसे में बरसात, आंधी के बीच किसानों की फसल खराब होने का अंदेशा बना रहता है। मंडी की खराब हालत के बारे में नवीन गोयल ने कृषि मंत्री जेपी दलाल को बारीकी से जानकारी दी। एक-एक कमी और यहां भविष्य के लिए सुविधाओं का खाका उन्होंने मंत्री के समक्ष रखा। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के हिसाब से इस अनाजमंडी को आधुनिक बनाया जाना चाहिए।

मंडी का जीर्णोद्धार करके किसानों को सुविधा मिले। हर जिले में मंडियों में काफी सुविधाएं हैं, लेकिन गुरुग्राम में मंडी की तरफ पूर्व की सरकारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कृषि मंत्री जेपी दलाल से यह भी अनुरोध किया कि वे व्यक्तिगत रूप से यहां अनाज मंडी का निरीक्षण करें। जिस पर कृषि मंत्री ने हामी करते हुए जल्द ही मंडी का दौरा करने का आश्वासन दिया।

# भारत की योग पद्धति को आज दुनिया ने अपनाया है : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है योग

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान




गुरुग्राम के न्यू कालोनी स्थित सनातन योगस्थली की योगशाला में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**किसी** भी बीमार व्यक्ति को आज चिकित्सक भी नियमित योग करने की सलाह देते हैं। क्योंकि योग से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पौराणिक समय में जब हमारे यहां योग जीवन का हिस्सा था तो बीमारियां भी दूर रहती थी। ऐसा समय अगर हम फिर से चाहते हैं तो योग को जीवन का फिर से हिस्सा भी बनाएं। शरीर को अधिक आराम देने की बजाय योग करके उसे मजबूत बनाएं। यह बात गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने यहां न्यू कालोनी स्थित जितेंद्र बहल पार्क में सनातन योगस्थली की योगशाला में सुबह लोगों को संबोधित करते हुए कही।

रविवार सुबह विधायक सुधीर सिंगला ने इस योगशाला में हिस्सा लिया। उनके साथ गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद, पार्षद सीमा पाहुजा, योग विशेषज्ञ डा. परमेश्वर अरोड़ा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. परमेश्वर अरोड़ा ने योग की क्रियाएं करवाई। योगशाला में मौजूद अनेक लोगों ने योग करके खुद को तंदुरुस्त रखने की दिशा में कदम बढ़ाया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भारतीय योग पद्धति को दुनियाभर में पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष भूमिका रही है। उनके प्रयासों से ही 21 जून के दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है। हमारे योग को दुनिया ने सेहत के लिए सही माना है और अपनाया भी है। ऐसे में जरूरी है कि हम सब भी नियमित तौर पर योग करें। योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि हम निरोग रह सकें। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। श्री सिंगला ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव-शहरों में योग शालाएं शुरू करवाई हैं। जहां रोज युवा, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं योग करके खुद को फिट बना रहे हैं। ग्रामीण अंचल में भी योग के प्रति जागरुकता आई है। एक समय था योगाचार्य ढूंढने पर मुश्किल से मिलते थे, लेकिन अब योग का इतना प्रचार-प्रयास हो चुका है कि लाखों युवाओं ने योग को कैरियर के रूप में अपनाया है। विशेष प्रशिक्षण लेकर वे योग आचार्य बने हैं। विधायक ने कहा कि आगामी 21 जून 2022 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गुरुग्राम का हर बच्चा, बुजुर्ग, जवान, माताएं, बहनें जहां कहीं भी हों, योग करें और इस दिवस को यादगार बनाएं।

# बीके : करीब 80 की लागत से मरीजों को मिलेगी अग्नि सुरक्षा

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल की जर्जर हालत में सुधार लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। पिछले कुछ समय से अस्पताल में कायाकल्प का काम किया जा रहा है। अस्पताल के भवन की मरम्मत का काम जारी है। हाल ही में बिजली से संबंधित काम पूरे कर लिये गए हैं। अब जल्दी ही अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए

## मरीजों की अग्नि से सुरक्षा देने के लिए किये जा रहे हैं ठोस प्रबंधन

स्वास्थ्य विभाग ने पीडब्ल्युडी को बजट जारी कर दिया है। पीडब्ल्यूडी ने इसका ठेका टैंडर के माध्यम से जारी कर दिया है। करीब एक से डेढ़ महीने में काम पूरा हो जाएगा।

गौरतलब है कि बीके अस्पताल के नए भवन का निर्माण एनबीसीसी द्वारा करवाया गया था। उस दौरान एनबीसीसी ने नियमों के मुताबिक फायर फाइटिंग सिस्टम भी स्थापित किये थे। लेकिन समय गुजरने के साथ ही यह सभी उपकरण जर्जर होने के साथ-साथ पुराने जमाने के होकर रह गए थे। ऐसे में आग लगने की घटना से यह उपकरण निपटने में सक्षम नहीं थे। पिछले दिनों एक जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में एक शिकायत पर सुनवाई करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सभी सरकारी भवनों को फायद एनओसी लेने के आदेश दिये थे। जिसके बाद इस काम बीके अस्पताल प्रबंधन की तरफ से काफी तेजी के साथ करवाया जा रहा है।



बीके अस्पताल परिसर में जर्जर हालत में लगे अग्निशमन उपकरण।

पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिल्डिंग बायलॉज 2017 के मुताबिक बीके अस्पताल में आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने की व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत अस्पताल परिसर और बिल्डिंग की छत पर 20-20 हजार लीटर के दो पानी के टैंक स्थापित किये जाएंगे। इसके साथ ही सभी आग से निपटने के सभी आधुनिक उपकरणों के साथ साथ अलार्म और स्मॉक सिस्टम भी स्थापित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए पीडब्ल्युडी को बजट दे दिया गया है।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने टैंडर जारी कर ठेका दे दिया है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार कंपनी ने अपना काम शुरू कर दिया है। अगले करीब एक से डेढ़ महीने के भीतर काम पूरा हो जाएगा। फिलहाल एनओसी लेने की तैयारी भी की जा रही है।

# जीजा की बहन के प्रेमी की हत्या कर शव नहर में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस से बचने के लिए ऑटो चलाने का काम कर रहा था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उत्तर** प्रदेश विधान सभा इलेक्शन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस ने वांछित अपराधियों की एक लिस्ट फरीदाबाद पुलिस को दी थी। पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए पीपी नंबर तीन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सोमपाल की टीम ने हत्या के आरोपी को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नौशाद राहुल कॉलोनी का निवासी है। आरोपी की बहन की शादी अलीगढ़ के गांव फिरदोस नगर में हुई है। उसके जीजा की बहन का अफेयर मृतक फहीम के साथ था। लड़की के भाई जिसान,


हत्या के आरोप में गिरफ्तार नौशाद।

जिसान की पत्नी फयीदा, शंभू, शंभू की पत्नी अफसाना ने मिलकर फहीम को बुलाकर खाने में जहर देकर हत्या कर दी थी। वारदात मई 2021 की है। आरोपियों ने आरोपी नौशाद को लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसकी गाड़ी के साथ बुलाया था। पांचो आरोपियों ने मिलकर गाड़ी में लाश को अलीगढ़ ले जाकर एक भारी पत्थर लाश के साथ बांधकर जवां नहर में फेंक दिया था। उधर फहीम के घर न पहुंचने पर उसके परिजनों ने अलीगढ़ के सिविल लाइन थाना में गुमशुदगी की शिकायत दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने फहीम की नाश को जवा नहर से निकाल कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन नौशाद फरार चल रहा था। उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार नौशाद की तलाश कर रही थी। जिसकी सूचना अलीगढ़ पुलिस ने फरीदाबाद पुलिस को दी। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई बार आरोपी के घर रेड की थी लेकिन हाथ नहीं लगा। पुलिस टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को ऑटो के साथ बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का मृतक व्यक्ति फहीम का उसके जीजा की बहन के साथ अफेयर था। उसके दोनों जीजा और उनकी पत्नियों ने मिलकर फहीम की हत्या कर दी थी। फहीम की लाश को फेंकने के लिए नौशाद को गाड़ी को लेकर बुलाया था।

आरोपी अपनी गाड़ी स्विफ्ट डिजायर को लेकर अलीगढ़ गया और गाड़ी से लाश को जवां नहर तक लेकर गया था। आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद अपनी स्विफ्ट गाड़ी मामा के घर सेक्टर 56 फरीदाबाद में छिपाकर खड़ी कर दी थी। गाड़ी को बरामद कर लिया गया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए टैक्सी चलाना छोड़ कर ऑटो चला रहा था। आरोपी नौशाद को अलीगढ़ पुलिस टीम के हवाले किया गया है।

# पीएम मोदी ने विश्व में जगाई योग की अलख : रावत


गांव जाजरू में आयोजित योग शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित योग साधकों व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक रावत।

**फरीदाबाद।** हरियाणा योग आयोग एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा पृथला क्षेत्र के गांव जाजरू में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर का आज समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने शिरकत करके जाजरू युवा टीम की इस पहल की सराहना की।

इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि योग से शरीर निरोगी रहता है और योग के माध्यम से बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज भी संभव है इसलिए हम सभी को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में योग की अलख जग चुकी है और आज विदेशों में भी योग को महत्व दिया जाता है, यही कारण है कि लोग भागदौड़ भरी जिंदगी में भी बेहतर स्वास्थ्य हासिल कर रहे है। उन्होंने भारत स्वाभिमान-पतजंलि व युवा टीम को गांव में योग शिविर लगाने के लिए बधाई दी तथा ग्रामीण जनों को सम्बोधित करते हुए हरियाणा सरकार की जनहितकारी कार्यों के विषय में बताया। इससे पूर्व शिविर में पहुंचने पर विधायक नयनपाल रावत का योगाचार्य जयपाल शास्त्री व युवा टीम ने जोरदार स्वागत किया।

# दो लाख लोगों को मुफ्त चिकित्सा देकर बनाया रिकॉर्ड

## डॉ के सुधाकर फाउंडेशन ने 2 लाख लोगों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कई** मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के सहयोग से स्वास्थ्य मंत्री सुधाकर फाउंडेशन द्वारा आयोजित अपनी तरह का पहला मुफ्त स्वास्थ्य शिविर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने डॉ. के सुधाकर फाउंडेशन को पहली तरह का, विशाल, मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का विश्व रिकॉर्ड प्रदान किया, इसमें कुल दो लाख लोगों ने भाग लिया।

बृहत आरोग्य तपस्ने और चिकित्सा मेला नाम के इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रोगियों को मुफ्त परामर्श, परीक्षण, निदान और उपचार की पेशकश की जा रही है। मेला का आयोजन डॉ के सुधाकर फाउंडेशन द्वारा चिकबल्लापुर जिला प्रशासन के समन्वय में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, और चिकित्सा शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया है। कर्नाटक के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ के सुधाकर ने मेले के उद्घाटन के मौके पर कहा, शुरू में मुझे मेले में भाग लेने के लिए 25,000 से 30,000 की उम्मीद थी, लेकिन मुझे पता चला कि 1.5 लाख लोगों ने सिर्फ ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से पंजीकरण कराया है। शिविर एक अनूठी पहल है जहां कई सरकारी और गैर-सरकारी



संस्थाएं एक साथ आई हैं जिसकी वजह इस तरह का शिविर संभव हो पाया। इस पहल का समर्थन करने के लिए, दक्षिणी कर्नाटक के 100 से अधिक प्रसिद्ध संस्थान, जिसमें 22 निजी अस्पताल, 13 निजी प्रयोगशालाएं, 18 मेडिकल कॉलेज, 8 सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, 15 नेत्र अस्पताल, 6 आयुष संस्थान और 10 डेंटल कॉलेज, इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। कैंप में कुल 1500 डॉक्टर, 1500 नर्स, 1000 लैब टेक्नीशियन और पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेगा।

इस शिविर में आंख, कान, दांत, त्वचा, हड्डी, ह्रदय, फेफड़े, मधुमेह, सामान्य सर्जरी, कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर, लिवर, न्यूरोलॉजी और मेंटल डिसऑर्डर से संबंधित कोई भी सामान्य रोग, जिसमें संचारी और गैर-संचारी रोग शामिल हैं, की जांच और उपचार किया जा रहा है। यहां तक कि ऑन द स्पॉट दवाएं भी पूरी तरह से नि:शुल्क उपलब्ध दी जा रही है। साथ ही जिन मरीजों को जरूरत है उन्हें आंखों का चश्मा और डेन्चर भी दिया जा रहा है।

# बहू बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी

## गुंडागर्दी और कब्जा करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शूगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बहू बेटियों की सुरक्षा व्यवस्था करना और उनके पढ़ने लिखने के लिए स्कूलों और कॉलेज का निर्माण करवाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मैं बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कब्जा धारियों और गुंडों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शुगा। चाहे वह मेरा कोई अपना ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि सेक्टर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को स्थानीय सेक्टर- 2 की सड़कों के नवीनीकरण का शुभारंभ कर उपस्थित लोगों की को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।


बल्लभगढ सेक्टर-2 में सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व स्थानीय निवासी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यो के लिए खजाने खुले रखे हुए हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सेक्टर-2 में सड़कों के नवीनीकरण के बाद हॉर्टिकल्चर विभाग की टीम पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सड़कों के साथ-साथ वृक्षारोपण, पौधारोपण करने का काम करेगी। ताकि पर्यावरण शुद्ध हो। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गदर फंड नहीं होने दूंगा। मर्यादा में रहकर विकास कार्य करवा रहा हूं और जब तक शरीर में दम रहेगा तब तक विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकारों द्वारा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने एचएसवीपी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में कोताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में इतना विकास नहीं हुआ जितना पिछले 2014 के बाद अब तक वर्षों में हुआ है।। फरीदाबाद महानगर प्राधिकरण द्वारा पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके अलावा बिजली के लिए अलग-अलग ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे। ताकि लोड अधिक होने पर फ्यूज ना ऊड़े। क्षमता के अनुसार ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

# शहर के अता मोहम्मद ने जंप में जीते दो स्वर्ण पदक

## आयोजन कर्ण स्टेडियम करनाल में 14 से 15 मई तक हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि 12वीं सीनीयर और 11वीं स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का दो दिवसीय आयोजन कर्ण स्टेडियम करनाल में 14 से 15 मई तक एथलेटिक्स हरियाणा और जिला एथलेटिक्स संघ करनाल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ माननीय खेल मंत्री संदीप कुमार के बडे भाई लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह अंतरराष्ट्रिय हाकी खिलाड़ी और हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपप्रधान के द्वारा किया गया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सीनियर पुरुष वर्ग में 400 मीटर दौड में अमन



एथलेटिक्स हरियाणा के निदेशक नरेन्द्र मोर, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा ने अता साजिद को पदक प्रदान किए।

(करनाल) ने पहला, अनूप कुमार (भिवानी) ने दूसरा और अमित कुमार (भिवानी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर जूनियर वर्ग दौड में संजीत बल्हारा (रोहतक) ने पहला, साहिल रोहतक (रोहतक) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर सीनियर वर्ग में मंजीत (हिसार) ने स्वर्ण, देवेंदर (सोनीपत) ने रजत पदक और सत्यदेव (पलवल) ने कांस्य पदक जीता। 5000 मीटर दौड में शुभम सिंह (रोहतक) ने पहला, सूरज (सोनीपत) ने दूसरा और मोहित पानू (करनाल) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर स्टेपल चेज में रोहित वर्मा (रेवाडी) ने स्वर्ण, अंकित (रोहतक) रजत पदक और सुमित (रोहतक) ने कांस्य पदक जीता। ट्रिपल जंप में रोहित कुमार (फतेहाबाद) ने पहला, जतिन ढिंचक (पानीपत) ने रजत पदक और विकास (रोहतक) ने कांस्य पदक जीता। लांग जंप में अता साजिद (फरीदाबाद) ने स्वर्ण, अजय शर्मा (सोनीपत) ने रजत और और मनोज (रोहतक) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 800 मीटर सीनियर महिला वर्ग में रेखा (पानीपत) ने पहला, प्रियंका (महेंदरगढ) ने दूसरा और दिव्या तिवारी (फरीदाबाद) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर महिला वर्ग में पूजा (सिरसा) ने स्वर्ण, खुशबु (भिवानी) ने रजत पदक और दिक्षा (हिसार) ने कांस्य पदक जीता। ट्रिपल जंप में महिला वर्ग में रेणु (भिवानी) ने पहला, हिमांशी दहिया (करनाल) ने दूसरा और मोनिका (फतेहाबाद) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

शाट पुट इवेंट में योंगिता (भिवानी) स्वर्ण पदक, अंजलि (भिवानी) रजत और कीर्ति (कैथल) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। हैमर थ्रो में रेणु चिकारा (सोंनीपत) ने पहला, ज्योति (झज्झर) ने दूसरा और संजीता (झज्झर) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर स्टेपल चेज में प्रमिला (हिसार) ने स्वर्ण पदक, चंचल (गुरुग्राम) ने रजत और सविता रानी (हिसार) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 10000 मीटर दौड में पूजा (सिरसा) ने पहला, प्रगति (चरखी दादरी) ने रजत और दिव्यंका (यमुनानगर) ने कांस्य पदक जीता।

# जिले में अब तक लगाई गई करीब 41 लाख डोज

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन अनिवार्य : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है।

वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 65729 लोगों को बुस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज़ सहित कुल 4004784 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत शनिवार को


कोरोना की वैक्सीन लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन सेंटर्स में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1362982 लोगों को पहली और 1108169 लोगों को दूसरी और 5237 लोगों को बुस्टर डोज़ दी गई। डॉ. सिंह ने आगे बताया कि 40145 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39815 को दूसरी और 8101 को बुस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13375 को प्रथम, 13604 को दूसरी और 2152 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई।

# संक्षिप्त समाचार

## कुरूक्षेत्र में 29 की रैली होगी ऐतिहासिक : भड़ाना

**फरीदाबाद।** जिला कार्यालय पर वार्ड नंबर 19 के प्रभारी अमित शर्मा एवं वर्माजी द्वारा जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में मृदु ढींगरा, अनीता ढाका, पवन कुमार, विजय सिंह, देवेन्द्र, महेन्द्र, पंकज वर्मा, जयदीप, शशी, विनोद, सोनी, अर्चना वर्मा, आलोक वर्मा एवं सरोज आदि ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। पार्टी के जिला महासचिव भीम यादव, दक्षिण हरियाणा जोन की महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, उमा सागर ने सभी लोगों को आम आदमी पार्टी की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से जोगेन्द्र चंदीला, निरंकार जी, चंदन सिंह, विनोद भड़ाना, श्यामबीर भड़ाना एवं वर्मा जी उपस्थित रहे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि जब से पंजाब के लोगों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के मॉडल को अपनाया है, पूरे हरियाणा में आप पार्टी की सुनामी चल पड़ी है। आज प्रत्येक नागरिक हरियाणा सरकार की नीतियों से आहत है और दिल्ली की तर्ज पर सुविधाएं पाना चाहता है। इसी को देखते हुए भारी संख्या में महिलाएं एवं युवा पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान करती है। धर्मबीर भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 29 मई को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली ऐतिहासिक होगी। प्रदेश के कोने-कोने से लोग उनको देखने के लिए भारी संख्या में रैली में शिरकत करने पहुंचेंगे। भड़ाना ने कहा कि हरियाणा में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल हो रही है। पुलिस की नाक के नीचे गुंडागर्दी हो रही है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में बीते कल एक युवा एवं उसकी माता के साथ जिस प्रकार से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वाले गुंडों ने मारपीट की है वह शर्मनाक है। आम आदमी पार्टी गरीब एवं महिलाओं पर अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी और ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करती है। फरीदाबाद में बढ़ रहे गुंडाराज एवं कानून व्यवस्था को लेकर आप पार्टी शीघ्र ही पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करेगी और गुंडा तत्वों पर सख्ती से कार्यवाही करने की मांग करेगी। भड़ाना ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी का प्रत्येक सिपाही कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता के साथ खड़ा है। भड़ाना ने कहा कि पिछले आठ सालों में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने लोगों को केवल महंगाई और भ्रष्टाचार का तोहफा दिया है, इस सरकार में जहां महंगाई ने रिकार्ड तोड़े वहीं भ्रष्टाचार के मामलों ने भी इस सरकार का असली चेहरा उजागर कर दिया। उन्होंने पार्टी में शामिल कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल के बारे में लोगों को विस्तार से बताएं ताकि आने वाले समय में जनविरोधी इस सरकार का देश प्रदेश से सूपड़ा साफ किया जा सके।

## सांसद खेल महोत्सव के रजिस्ट्रेशन 17 तक : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में जो भी टीमें अथवा खिलाड़ी शामिल होना चाहते हैं उनके लिए हडल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि 17 मई तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 15 मई तक थी। सांसद खेल महोत्सव में टीमों की एंट्री फीस ?500 रूपये और एक कल खेल की एंट्री फीस 200 रूपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में टीम गेम में प्रथम विजेता टीम को 31,000 रुपये व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21000 रुपये इनाम दिया जाएगा। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 11,000 रुपये की धनराशि का इनाम दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर एकल खेल में प्रथम विजेता खिलाड़ी को 5100 रुपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 3100 रुपये व तीसरे विजेता खिलाड़ी को 2100 रुपये धनराशि का इनाम दिया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आगे बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में बास्केटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन पैरा, फुटबॉल, एथलेटिक, सर्कल कबड्डी, बैडमिंटन, टग ऑफ वार, खो-खो, वॉलीबॉल खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। रजिस्ट्रेशन व अधिक जानकारी के लिए https://hudle.in/pages/sansad-khel-mahotsav इस लिंक को खोलें।

## श्रीब्राह्मण सभा ने मनाई भगवान परशुराम जयंती

**फरीदाबाद।** श्रीब्राह्मण सभा सेक्टर-55 फरीदाबाद द्वारा सेक्टर-55 के सामुदायिक भवन में आयोजित भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, विधायक नीरज शर्मा, विधायक कुलदीप वत्स, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता जेजेपी अरविन्द भारद्वाज, प्रवक्ता कांग्रेस सुमित गौड़, बलजीत कौशिक, जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन बातिश, राकेश वशिष्ठ मौजूद थे। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का संस्था के प्रधान जे.सी कौशिक, चेयरमैन डीपी शर्मा, संरक्षक सतबीर भारद्वाज, पारस कौशिक सहित अन्य संस्था के पदाधिकारियों ने पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा ने भगवान परशुराम जयंती मनाने पर ब्राह्मण सभा को बधाई देते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी ने दुनिया को दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब तक धरती पर भगवान भोलेनाथ, श्री राम और भगवान हनुमान जी का नाम रहेगा तब तक भगवान परशुराम जी का नाम रहेगा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते यूक्रेन से बीच में ही पढ़ाई छोड़ कर भारत सरकार की मदद से वापस आने वाले छात्रों को आश्वासन दिया कि उनके भविष्य को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात करेंगे ताकि उनकी बीच में अटकी पढ़ाई को लेकर कोई बीच का रास्ता निकल कर आए और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होंने यूक्रेन से सकुशल बच्चों को लाने के लिए देश और प्रदेश की सरकार का धन्यवाद भी किया। इस मौके पर विनोद कौशिक, अनिल कौशिक, कपिल कौशिक मोहना, प्रवीन शर्मा, तुलाराम शास्त्री, अनिता शर्मा, पं. शशिकांत अग्निहोत्री, पं.वेदराम, पुनीत पाराशर, पारस भारद्वाज, अजय शर्मा सहित सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग व संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

## संकल्प पूरा, सरयू नदी में स्नान कर नीरज शर्मा पहनेंगे जूते

**फरीदाबाद।** एनआईटी-86 से विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद नगर निगम में हुए घोटाले के खिलाफ आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जो संकल्प किया था उस मामले में चीफ इंजीनियर भास्कर की गिरफ्तारी के बाद नीरज शर्मा आज 15 मई को रात्रि 8:00 बजे टीम पंडितजी के अहम सदस्यों के साथ 4 बस एवम् अन्य वाहन लेकर अयोध्या के लिए रवाना होंगे और कल सरयू नदी में स्नान कर जूते पहनेंगे। एक दिन पूर्व ही टीम पंडित के अहम सदस्य मुनेश शर्मा सभी व्यवस्थाओं के लिए अयोध्या पहुंच चुके हैं विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि लगभग 55 दिनों के इस संघर्ष के बाद चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी जरूर हुई है परंतु वह पूर्ण रूप से संतुष्ट नहीं है क्योंकि बड़े-बड़े मगरमच्छ अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं लेकिन मेरी विधानसभा के मेरे मतदाताओं के निरंतर दबाव के कारण आज मैंने जूते पहनने का निर्णय लिया है और यह काम मैंने श्री राम लला की शरण में आकर करने का निर्णय लिया क्योंकि इस भ्रष्टाचार रुपी रावण का वध श्री राम ही कर सकते हैं मुझे इस सरकार से अब इंसाफ की कोई आस नहीं है इसीलिए मैं भगवान श्री राम की शरण में आया हूं मेरे प्रभु राम मेरी प्रार्थना अवश्य सुनेंगे और मुझे विश्वास है कि बाकी बचे सभी मुख्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी जल्द हो जाएगी विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि मैं जीवन भर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा चाहे इसके लिए मुझे अपने प्राणों की आहुति भी क्यों ना देनी पड़े आज हमारा देश गर्त में जा रहा है देश में आज हर जाति ,हर धर्म हर वर्ग, त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है और उसका सबसे मुख्य कारण भ्रष्टाचार है जब तक मैं हरियाणा प्रदेश से इस भ्रष्टाचार का पूर्ण रूप से सफाया ना कर दूं मैं रुकने वाला नहीं हूं।

# गर्मी की मार

## काम करना मुश्किल

**समुद्री** तूफान असनी कमजोर पड़ कर बेअसर हो गया। नमी से भरी पुरवा हवाओं ने उत्तरी भारत में एक-दो दिन तापमान कम रखा, पर देश के मैदान एक बार फिर चिलचिलाती गर्मी में तपने लगे हैं। मौसम विभाग ने यलो एलर्ट जारी किया है जिसे जल्दी ही आरेंज एलर्ट में उच्चीकृत किया जा सकता है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि जब दिल्ली व पड़ोसी राज्यों में तापमान 46 डिग्री सेंटीग्रेड से ऊपर जाने की आशंका है तो लोगों को परेशानियों से बचाने के लिए क्या किया जा सकता है? स्कूलों का समय घटाना स्वागत योग्य कदम है। इसके साथ ही छात्रों की आउटडोर गतिविधियां कम होंगी तथा उनको ड्रेस कोड मानकों से राहत मिलेगी। लेकिन क्या ऐसे में प्राइमरी स्कूल खुले रखना ठीक है? वैसे गर्मी के कारण वयस्क जनसंख्या पर भी कम असर नहीं पड़ता है। लू लगने के मामले बढ़ रहे हैं तथा निर्जलीकरण आम बात हो गई है। इसके बावजूद कार्यालय के घंटे कम करने या कार्यालय जल्दी शुरू करने के बारे में कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। यदि कार्यालय का समय जल्दी करना संभव न हो तो निजी कार्यालय आसानी से घर से काम-डब्लूएफएच का रास्ता अपना सकते हैं। डिजिटलीकृत सरकारी विभागों में आनलाइन काम की अनुमति दी जा सकती है। वर्तमान स्थिति आधे दिन काम के लिए उपयुक्त है। अदालतों में होने वाले रूटीन काम, जैसे मुकदमों की तारीखें बढ़ाना, दस्तावेज पेश करना, जमानत के लिए तर्क रखना तथा खासकर छोटे अपराधों के मामले में सुनवाई आनलाइन हो सकती हैं। लेकिन दैनिक वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों, खेतिहर मजदूरों तथा सार्वजनिक निर्माण विभागों में सिविल काम करने वाले लोगों का क्या होगा? लाखों लोग



कड़कती धूप में दिन भर बाहर काम करते हैं और उनको कोई सुरक्षा या अतिरिक्त पोषक आहार भी नहीं मिलता है। सिविल काम रोका या स्थगित नहीं किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण, पटरियां बिछाने तथा पुलों व इमारतों के निर्माण कार्यों में काम के घंटे कम करने की कोई व्यवस्था नहीं है। कुछ राज्यों में सरकारों ने ठंडे पेयजल, बटरमिल्क पैकेटों तथा चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की है। अधिकांश राज्यों के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्राथमिक सहायता पैकेट उपलब्ध होते हैं। लेकिन इन सारे प्रयासों से मुख्य समस्या का समाधान नहीं होता है। इनका संबंध मूलत: लू लगने के शिकार श्रमिकों व कामगारों को पुन: ऊर्जान्वित करना होता है। हम गर्मी में लगातार व निश्चित रूप से भयंकर गर्मी के बार-बार आने वाले पैटर्न का सामना कर रहे हैं। यह पैटर्न गर्मियों का अभिन्न अंग बन गया है और मौसम वैज्ञानिकों को भय है कि आने वाले सालों में स्थितियां और खराब हो सकती हैं। ऐसे में हमें मूल चीजों के बारे में ज्यादा गंभीरता से विचार करना चाहिए। हमारा ध्यान उत्पादकता को प्रभावित किए बिना काम के घंटों में परिवर्तन होना चाहिए ताकि कामगारों को भयानक गर्मी से बचाया जा सके। ऐसे में काम के घंटे आम समय से जल्दी शुरू करने या उनको दोपहर बाद देर शाम तक बदलने पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, बिना सहायक ढांचागत संरचना के उनका क्रियान्वयन आसान नहीं होगा। इनमें बिजली, परिवहन, क्रेच व्यवस्था तथा श्रमिकों के बच्चों के लिए 'आंगनबाड़ी' में अस्थाई व्यवस्थायें शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण को गर्मी में सार्वजनिक कार्य प्रोटोकाल विकसित करने चाहिए जिसके लिए केन्द्र सरकार, राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्र से विचार-विमर्श हो सकता है। अधिकरण की वेबसाइट पर अत्यधिक गर्मी के कारण संभावित खतरों की पहचान की गई है। इसके होमपेज पर मौसम विभाग द्वारा लू के मानकों की सूची के साथ ही लू लगने पर प्राथमिक चिकित्सा तथा लू से बचने के उपायों का वर्णन है। यह भी स्वीकार किया गया है कि भारत में भी लू के थपेड़ों के प्रभाव का अनुभव कर रहा है। लेकिन बात बस इतने पर ही समाप्त हो जाती है।

# बेहतर भविष्य के लिए टिकाऊ विकास

टिकाऊ विकास हेतु समाज को संसाधनों के संरक्षण, प्राकृतिक परिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा, प्रदूषण न्यूनतम रखने तथा सामाजिक समता बढ़ाने की जरूरत है।



**संजीव सिंघल**
(लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं)



जलवायु आपातकाल के रूप में मानवजाति सबसे भयानक खतरे का सामना कर रही है जिसे 'मानवता के लिए कोड रेड' का नाम दिया गया है। औद्योगीकरण, शहरीकरण तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन एवं जहरीले रसायनों व प्रदूषकों से उनके प्रदूषण से अभूतपूर्व संकट पैदा हुआ है। इसके साथ ही हमारे ग्रह पर लगातार बढ़ती ग्रीनहाउस गैसों का दूरगामी प्रभाव भी पड़ रहा है। आर्गेनाइजेशन फार इकोनोमिक कोआपरेशन एंड डेवलपमेंट-ओईसीडी जैसे संगठनों के अनुमानों के अनुसार इसके परिणामस्वरूप धरती का तापमान 2050 तक 2 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक बढ़ जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण बाढ़, सूखा, ग्लेशियर पिघलने, आदि की प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि हो रही है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट के अनुसार मानव-निर्मित कारणों से वनस्पतियों व जीवों की अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। यह स्थिति अतीत की प्राकृतिक दर की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक है और बदलती स्थितियों को देखते हुए यह निकट भविष्य में हजारों गुना तेज हो सकती है। दुनिया भर में लोग पीने योग्य पानी तथा सांस लेने योग्य हवा के संकट के शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही भूमि क्षरण की समस्या खतरनाक ढंग से बढ़ रही है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी 'द ग्लोबल रिस्क्स रिपोर्ट 2022' के अनुसार भविष्य में 10 साल में ग्रह के स्वास्थ्य सरोकारों में पर्यावरणीय जोखिमों को पांच सर्वाधिक खतरनाक दीर्घकालीन खतरों में शामिल किया गया है। जनता तथा ग्रह के लिए खतरों में 'जलवायु कार्रवाई में विफलता', 'अत्यधिक खराब मौसम' तथा 'जैव-विविधता विनाश' को सर्वोच्च तीन गंभीर संकटों में शामिल किया गया है। संकट घटाने के प्रयासों के बावजूद मानव-निर्मित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक व व्यापक बाधा पैदा कर रहा है जिससे दुनिया भर के अरबों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। परिवर्तन के अनुकूल स्वयं को ढालने में अक्षम लोग व परिस्थितिकी तंत्र इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। गैर-अपघटनीय कचरा हर मिनट बढ़ रहा है और इसके कारण प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित हो रहे हैं तथा मनुष्यों को नुकसान हो रहा है। 'ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच' शीर्षक वाली एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रशांत महासागर की सतह पर टेक्सास के आकार का लगभग 1.6 मिलियन किलोमीटर आकार का कचरा तैर रहा है।

इस खतरनाक स्थिति पर फौरन ध्यान दिया जाना चाहिए। समय की आवश्यकता है कि सरकारें, गैर सरकारी संगठन, व्यक्ति, समुदाय, देश तथा पूरी दुनिया स्वयं को 'टिकाऊपन' से जोड़ें। मानव समाज और अर्थव्यवस्था प्रकृति पर निर्भर हैं। केवल प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण अस्तित्व ही मानवजाति को बनाए रख सकता है और इससे ही वह इस ग्रह पर फल-फूल सकती है। टिकाऊ विकास या टिकाऊपन हेतु समाज को संसाधनों के संरक्षण, प्राकृतिक परिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा, प्रदूषण न्यूनतम रखने तथा सामाजिक समता बढ़ाने की जरूरत है। 1987 में ब्रडलैंड रिपोर्ट के नाम से लोकप्रिय पर्यावरण एवं विकास पर विश्व आयोग की रिपोर्ट में विकास को ऐसी स्थिति में 'टिकाऊ' के रूप में परिभाषित किया गया है जब वह 'वर्तमान लोगों की आवश्यकता पूरी करे तथा भावी पीढ़ियों की आवश्यकतायें पूरी करने की क्षमता के साथ कोई समझौता न करे।' टिकाऊपन के तीन स्तंभ-पर्यावरण, समाज व अर्थव्यवस्था हैं। पर्यावरण का टिकाऊपन सर्वाधिक परिचित अवधारणा है जिसमें न केवल प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन न करना, बल्कि उनके टिकाऊ प्रबंधन पर जोर देना भी शामिल है। प्राकृतिक परिस्थितिकी तंत्रों तथा जैव-विविधता की सुरक्षा तथा पेयजल व हवा की सुरक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाइयां आवश्यक हैं। सामाजिक टिकाऊपन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सबको मूलभूत आवश्यकताओं तक पहुंच मिले जिसमें स्वच्छ जल, समुचित भोजन, स्वास्थ्यरक्षा, शरणस्थल तथा मानवाधिकार शामिल हैं।

इसका अर्थ ऐसी नीतियां बनाना भी है जो कार्यस्थल पर न्यायोचित नीतियों को प्रोत्साहित करें ताकि कोई शोषण या भेदभाव न हो। आर्थिक टिकाऊपन को ऐसे व्यवहारों के रूप में परिभाषित किया गया है जो दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ समुदाय के सामाजिक, पर्यावरणीय व सांस्कृतिक आयामों पर कोई नकारात्मक प्रभाव न डालें। टिकाऊपन पाने तथा परस्पर जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बहुस्तरीय सहयोग की जरूरत है ताकि आर्थिक वृद्धि की आवश्यकताओं व संसाधनों के संरक्षण पर समान रूप से संतुलन बनाए रखा जा सके। हम सबको ऐसे कदम उठाने चाहिए जिनमें टिकाऊपन को जीवन के सभी आयामों में शामिल किया जाए। आर्थिक विकास व पर्यावरण को समान आधार पर रखते हुए उनको केन्द्रीय भूमिका में लाना, अलग ढंग से सोचने और काम करने की इच्छा रखना तथा वायु प्रदूषण व खाद्य संकट जैसी तात्कालिक समस्याओं से निपटना आवश्यक है।

अपने टिकाऊ प्रदर्शन में सुधार कर संगठन समाज और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। टिकाऊ व्यवहारों, पहलों व प्रदर्शन के बारे में बेहतर संचार के रूप में सभी पक्षों की पारदर्शिता की मांग को पूरी करने वाली टिकाऊ रिपोर्टिंग हर साल महत्वपूर्ण होती जा रही है। अपने वैश्विक समकक्षों की तरह भारतीय कार्पोरेट का झुकाव भी उन रिपोर्टिंग ढांचों की ओर है जो विविधतापूर्ण पक्षों के बीच सृजन, संरक्षण व मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दे सकें। द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया-आईसीएआई की परंपरा टिकाऊ व आर्थिक विकास के माध्यम से देश सेवा की है। सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग स्टैंडर्डस बोर्ड-एसआरएसबी के माध्यम से आईसीएआई ने टिकाऊ क्षेत्र में अनेक पहलें की हैं और वह देश में टिकाऊ रिपोर्टिंग परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। देश में इसे मजबूत करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रकाशन किए गए हैं जिनमें बीआरएसआर, एसएई 3410, एसआरएमएम आदि शामिल हैं। 'टिकाऊ विकास लक्ष्यों'-एसडीजी पर प्रकाशन भी किए गए हैं जिससे सभी पक्षों को एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। आईसीएआई को 2020-21 में टिकाऊ रिपोर्टिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इससे टिकाऊ बिजनेसों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिला है तथा टिकाऊ विकास एजेंडा 2030 की पूर्ति में उनके योगदान को मान्यता मिली है। इस उभरते क्षेत्र में चार्टर्ड एकाउंटेंटों के क्षमता निर्माण के लिए अनेक विषयों पर आनलाइन सार्टीफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं जिनमें बिजनेस दायित्व व टिकाऊ रिपोर्टिंग को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। कार्बन फुटप्रिंट चैलेंज, आईसीएआई टिकाऊ साक्षरता अभियान, ग्रह को टिकाऊ बनाने के सरल कदमों पर कार्पोरेट फिल्म, एसडीजी वीडियो, आदि ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

सेबी द्वारा सामाजिक स्टाक एक्सचेंजों के माध्यम से परिस्थितिकी तंत्र बनाने के प्रयासों में आईसीएआई सोशल आडिट मानकों को विकसित करने तथा सोशल आडिटर्स के लिए सार्टीफिकेट कोर्स बनाने पर काम कर रहा है। वह विभिन्न पक्षों, जैसे सरकार, नियामकों व अन्य के साथ मिल कर एसडीजी में अधिकतम योगदान का प्रयास कर रहा है। आईसीएआई ने आईएसएसबी तथा आईएफआरएसएफ जैसे नए अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाने का स्वागत किया है और वह उनको समान टिकाऊ रिपोर्टिंग मानक बनाने की दिशा में पूरी सहायता कर रहा है। इस दिशा में टिकाऊ फाइनेंस, ग्रीन बांड, ईएसजी रेटिंग, आदि तैयार करने के प्रयास हो रहे हैं। इन सभी पहलों का लक्ष्य टिकाऊ संगठनों का विकास तथा निवेशकों व समाज के लिए दीर्घकालीन मूल्य सृजित करना है।

टिकाऊ विकास के लिए आवश्यक है कि मनुष्य अपने ग्रह की सीमाओं में प्रकृति से सामंजस्य बना कर रहें। सरकारों तथा नीति निर्माताओं को एकसाथ आ कर टिकाऊ विकास लक्ष्यों के राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन तथा संस्थानों को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए जिनके लिए 2030 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। व्यक्तियों के रूप में हम सबको इस वैश्विक संकट से निपटने के लिए अपनी सोच व आदतों में परिवर्तन करना चाहिए तथा दिन-प्रतिदिन के जीवन में टिकाऊ पसंदों को स्वीकार करना चाहिए। वर्तमान व भावी पीढ़ियों के सुरक्षित अस्तित्व तथा उनके फलने-फूलने के लिए ग्रह का सही स्वास्थ्य बनाए रखना आवश्यक है।

# जल्द ही भारत के पास होगी बुलेट ट्रेन

"जापानियों ने 250 किमी प्रति घंटे की औसत गति वाली ट्रेनों को शुरू करके इस सीमा को पार करने का एक तरीका खोज लिया।"

**आरसी आचार्य**
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



दुनिया भर में शहरीकरण ने साइकिल से लेकर घोड़े से खींची जाने वाली गाड़ियों, बसों, कारों, ट्रेनों तक परिवहन प्रणालियों को जन्म दिया है। ट्रेनों में अंतिम %बुलेट% ट्रेनें हैं जो पहली बार 1964 में जापान में दिखाई दी थीं। आमतौर पर, एक यात्रा 2 से अधिक नहीं होनी चाहिए या 3 घंटे जिसके बाद इसे दैनिक आधार पर बनाए रखना, सप्ताह में 5 दिन, महीनों के अंत तक, कुछ हद तक असुविधाजनक होगा। शहरी फैलाव कुछ हद तक इस आवश्यकता से सीमित है जहां आम तौर पर रेलवे कम्प्यूटर सिस्टम जैसे दिल्ली मेट्रो, लंदन ट्यूब, या न्यूयॉर्क ट्रांजिट सिस्टम 100 किमी प्रति घंटे की औसत गति से चल रहा है, 2 घंटे में 200 किमी की दूरी तय करेगा। हालांकि, जापानियों ने 250 किमी प्रति घंटे की औसत गति वाली ट्रेनों को शुरू करके इस सीमा को पार करने का एक तरीका खोज लिया, लीड बोगी की बुलेट के आकार की नाक ने इसे बुलेट% ट्रेन नाम दिया। इसने ओसाका को 500 किलोमीटर दूर टोक्यो से जोड़ा, जिससे केवल 2 घंटे में दैनिक आवागमन संभव हो गया।

द्वितीय विश्व युद्ध की राख से बाहर निकलकर, शिंकानसेन जापानी राष्ट्रीय गौरव का एक साहसिक पुनर्मूल्यांकन था, और इसमें ट्रेन यात्रा को प्राथमिकता देने के लिए सरकार, व्यापार और वैज्ञानिक समुदाय द्वारा ठोस प्रयास शामिल थे। ये अत्याधुनिक ट्रेनें रखरखाव को कम करने के लिए आमतौर पर कंक्रीट पर बिछाई गई समर्पित पटरियों पर चलती हैं, और कुछ लेवल क्रॉसिंग होती हैं, जिससे वे पिछले लगभग 60 वर्षों से दुर्घटना-मुक्त रिकॉर्ड बनाए रख सकें। टोकैडो शिंकानसेन, टोक्यो और शिन-ओसाका के बीच 515 किमी की दूरी तय करते हुए, पहली सेवा थी, जो कई प्रमुख शहरों शिन-योकोहामा, शिज़ुओका, नागोया और क्योटो मार्ग में सेवा कर रही थी। कम से कम 4 किमी की वक्र त्रिज्या वाले ट्रैक के साथ बिछाई गई गति को अब 260 किमी तक बढ़ाया जा सकता है। शिन-ओसाका, शिन-कोबे, ओकायामा, हिरोशिमा, कोकुरा और हाकाटा के प्रमुख शहरों की सेवा करते हुए, यह लाइन एक राष्ट्रव्यापी शिंकानसेन



नेटवर्क का अग्रदूत थी। अब, अधिकांश ट्रेनें 300 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त करती हैं। टोक्यो स्टेशन के दक्षिण में शिनागावा में एक नया स्टेशन परिसर अक्टूबर 2003 में खोला गया था, जिसने कुछ ट्रेनों को वहां से शुरू और समाप्त करने की अनुमति दी, जिससे टोकैडो लाइन पर ट्रेनों की संख्या 11 से 15 प्रति घंटे तक बढ़ गई, यानी एक हर चार मिनट। कुल मिलाकर, नौ लाइनें, हाकाटा-मिनामी की सबसे छोटी से लेकर जेआर वेस्ट द्वारा केवल 8.5 किमी तक चलती हैं, और 593 किमी की टोक्यो-हचिनोहे की सबसे लंबी, कुल 2556 किमी अब परिचालन में हैं।

जापान, एक अपेक्षाकृत छोटा देश होने के कारण, उच्च गति पर कम रनों ने सफलतापूर्वक राष्ट्र को टोक्यो का एक उपनगर बना दिया है। और यात्रियों को खुश रखने के लिए, मुंबई की उपनगरीय ट्रेनों की तरह, पीक आवर्स के दौरान कुछ सेक्शन पर साढ़े तीन मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलती हैं। घर वापस, हमें अभी भी अपनी खुद की बुलेट ट्रेनों के बारे में सपना देखना है, जो जल्द ही अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलने वाली भारतीय दृश्यों का हिस्सा बन जाएगी, जो अब सुपर-फास्ट शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा ली गई सात की तुलना में केवल दो घंटे में 492 किलोमीटर की यात्रा कर रही है। .इस प्रक्रिया में यह सूरत, वलसाड, भरूच और वडोदरा जैसे तेजी से बढ़ते टियर 2 शहरों को भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई से जोड़ने वाले एक त्वरित ट्रांजिट मैप पर रखेगा। 250 किमी प्रति घंटे की औसत गति से चलने वाली ट्रेनों के साथ, शहर-केंद्र से शहर-केंद्र तक की यात्रा को केवल दो घंटे में पूरा करने से एक यात्री को हवाई अड्डे से आने-जाने की लंबी यात्रा की परेशानी, सुरक्षा जांच और धुंध के दौरान उत्पन्न अनिश्चितता से भी बचाया जा सकेगा। दिन। ट्रेनों में देरी हो सकती है, लेकिन आपको बोर्ड की घोषणा की प्रतीक्षा में यात्री लाउंज में अपनी एड़ी को ठंडा करने की ज़रूरत नहीं है। अंतिम लेकिन कम से कम नहीं, वे हमेशा आप तक पहुंचेंगे इच्छित गंतव्य तक, और एक टुकड़े में।

## आप की बात

### सबके लिए समान हों नियम

**आगामी** चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस में सुधार की पहल शुरू हुई है लेकिन जिस तरह के निर्णय लिए जा रहे हैं वे औचित्य से परे हैं।महज 2 राज्यों तक सत्ता में सीमित रह गई कांग्रेस के सुधार को लेकर राजस्थान में चिंतन शिविर में जिस तरह के फैसले सामने आए हैं वह हास्यास्पद है। इनसे ऐसा कतई नहीं लगता कि गांधी परिवार से कांग्रेस को बाहर रखकर प्रभावी बनाने की कोशिश की जा रही है। एक परिवार से एक व्यक्ति को टिकट का फैसला सराहनीय है लेकिन गांधी परिवार को इससे मुक्त रखना समझ से परे है। उदयपुर में चिंतन शिविर के जरिए कांग्रेस में हलचल तेज हुई है। कार्यकर्ताओं को काम के बाद जवाबदारी के साथ ही नेता पुत्रों को सेवाओं के बदले ही उपकृत करने की बात कही गई है जो समय की मांग है। पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में संगठन की प्रक्रिया को तवज्जो देने की बात गले तो उतरती है लेकिन उस पर अमल की समय सीमा तय नही होना ढांक के तीन पांत बराबर है। साथ ही एक से अधिक टिकट को लेकर गांधी परिवार को छुट किसी भी दशा में उचित नहीं है। पार्टी का आंतरिक अनुशासन सबके लिए समान होना चाहिए। नए नियमों में शिथिलता दी जाकर गांधी परिवार को पार्टी लोकतंत्र से ऊपर रखनें से भला संभव नहीं है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### शिकारियों पर अंकुश लगाएं

**महोदय**, गत दिनों काले हिरण के शिकारियों ने चार वन कर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी मध्य प्रदेश में पिछले 12 साल में 73 वनकर्मी वनमाफिया से मुकाबला करते हुए बलिदान हुए हैं। सरकार उन्हें अभी तक बंदूक चलाने के अधिकार तक नहीं दे पाई है। इन सालों में सात बार वन मुख्यालय ने सरकार को प्रस्ताव भेजकर वनकर्मियों के लिए पुलिस के समान अधिकार मांगे हैं, पर हर बार प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। तर्क एक ही रहा कि हथियार चलाने के अधिकार पाकर वनकर्मी निरंकुश हो जाएंगे व इससे घटनाएं बढ़ेंगी। वर्ष 2021 में भी वनकर्मियों पर हमले की 27 घटनाएं हुई हैं। वन विभाग में वायरलेस व्यवस्था ठप है और 10 साल पहले ली गई तीन हजार बंदूकें भी कभी नहीं गरजीं। शिकारी के साथ ही साथ चंदन चोर व वन संपदा को चुराने वाले कई गिरोह सक्रिय है! और हथियारों के अभाव में वनकर्मियों को जान बचाने के लाले पड़ रहे हैं । ऐसे में सरकार को तत्काल वन कर्मियों को पुलिस के समान अधिकार देना चाहिए तथा अत्याधुनिक संचार उपकरण उपलब्ध करवाएं ताकि वह अपनी रक्षा में सक्षम हो सकें और वनों में सक्रिय गिरोह हो से मुकाबला कर सके गिरोह में भय व्याप्त हो!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### अंधविश्वास से बचें

**खबरों** के मुताबिक लोकप्रिय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सुपुत्र कक्षा आठवीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण (फेल) हो गया । यह समाचार कितना सच है या झूठ यह नहीं कह सकते। जबकि पंडित जी प्रवचन के समय परीक्षार्थियों को परीक्षा में पास होने के टोटके बताते हैं। टोटके अपनी जगह होते हैं। मगर सफलता मेहनत (परिश्रम) से ही हासिल होती है। अगर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सफल है तो उनकी मेहनत से । चाहे टाटा हो या बिड़ला, अदानी हो या अंबानी, संसार की जो भी प्रसिद्ध हस्तियां है, उन्होंने संघर्ष व परिश्रम से ही सफलता हासिल की है। भगवान कृष्ण ने भी गीता में यही संदेश दिया है कि कर्म करना बहुत जरूरी है, मंदिर में पूजा अर्चना करें, भगवान पर भरोसा करें, मगर मेहनत करना ना छोड़े। अगर ऐसा होता तो मंदिर का पुजारी आज सबसे आगे होता। धर्म के नाम पर ऐसे अंधविश्वासों से बचना चाहिए। अंधविश्वास से तर्कसंगतता का क्षरण होता है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**महामहिम** शेख खलीफा बिन जायद के निधन का समाचार सुन कर मैं अत्यधिक दु:खी हूं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नव**-नियुक्त प्रधानमंत्री को मेरी शुभकामनायें। एकसाथ काम कर हम श्रीलंका को फिर मजबूत बनाएंगे।

– **गोटाबाया राजपक्षे**
श्रीलंका के राष्ट्रपति



**बहुत** से लोग कहते हैं कि आपको हिंदी सीखने से रोजगार मिलेगा। देखें कोयम्बटूर में पानी पूरी कौन बेच रहे हैं।

– **के. पोनमुडी**
तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री

# चिकित्सा क्षेत्र में चैरिटी का भाव होना जरूरी: योगी

● मुख्यमंत्री ने किया विश्वस्तरीय कैंसर अस्पताल का शुभारंभ

● शासन के साथ-साथ अब प्राइवेट अस्पताल भी अपनी भागीदारी देने के लिए आगे आ रहेः सीएम




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेशवासियों** की आवश्यकतानुसार चिकित्सा क्षेत्र में शासन स्तर पर ढेर सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। चिकित्सा क्षेत्र में रोज नए प्रयोग, आविष्कार हो रहे हैं। ऐसे में शासन के साथ साथ अब प्राइवेट अस्पताल भी अपनी भागीदारी देने के लिए आगे आ रहे हैं जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को काफी मदद मिलेगी। ये बातें रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी में एक कैंसर हॉस्पिटल के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि टाटा कैंसर अस्पताल में इलाज कराने वाले लोगों में सबसे ज्यादा संख्या उत्तर भारत के लोगों की है। हर संस्थान की अपनी एक क्षमता होती है। यूपी की आबादी और क्षेत्र के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं की मांग अधिक थी। ऐसे में शासन स्तर पर लखनऊ में एसजीपीजीआई के बाद कल्याण सिंह के नाम पर कैंसर संस्थान का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि इस नए प्राइवेट कैंसर अस्पताल में लगभग 200 बेड हैं। अस्पताल अत्याधुनिक मशीनें, जांच की सुविधा, सीटी स्कैन और एमआरआई समेत कई आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस अस्पताल के संचालन से एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी सहूलियतें मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में व्यवसाय नहीं चैरिटी का भाव होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना काल में भी भारत ने दूसरे देशों से कहीं अधिक अच्छा प्रदर्शन किया। जिसका परिणाम है कि कोरोना काल में दूसरे देशों के मुकाबले भारत की मृत्यु दर कम रही। दुनिया के बड़े बड़े देशों की सत्ता कोरोना काल में हिल गई पर पीएम के नेतृत्व में बेहतर परिणाम सभी ने देखे। उन्होंने कहा कि यूपी को पहले खराब चिकित्सीय सुविधाओं के कारण जाना जाता था पर अब वहीं यूपी एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज पर तेजी से काम कर रहा है। साल 1947 से 2017 तक उत्तर प्रदेश में 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे लेकिन 2017 के बाद महज पांच सालों में 59 मेडिकल कॉलेज बने।

# प्रधानमंत्री ने सिस्टम को बदलकर भ्रष्टाचार को कम किया: राजनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



● 85 हजार करोड़ का बजट है रक्षा क्षेत्र काः राजनाथ

**रक्षामंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र के उपकरण खरीदने के लिए 85 हजार करोड़ का बड़ा बजट रखा है। इसमें भी 68 प्रतिशत भारत की सरकारी व प्राइवेट कम्पनी के लिए होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिस्टम को बदलकर भ्रष्टाचार को कम किया है। नेताओं की कथनी करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और नेताओं से जनता का विश्वास कम हुआ है। भारत आज ताकतवर देशों की कतार में है।

राजनाथ सिंह ने गोमतीनगर जन कल्याण समिति की तारीफ करते हुए कहा की समिति सक्रिय प्रभावी है जो जन सामान्य के कार्यों को करती है। कोविड-19 के समय जनकल्याण समिति ने अभूतपूर्व कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गति शक्ति प्लान 100 लाख करोड़ का किया है इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ के विकास में महासमिति ने अहम भूमिका अदा की है। दिखाया है कि बिना जनप्रतिनिधि हुए बिना जनता की सेवा की जा सकती है। भरोसा दिलाता हूं। कभी भी यह महसूस न कीजियेगा की हम दूर हैं। रक्षा मंत्री के कारण में लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनेंगी। अभी तक इतने पुल मिले है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने लखनऊ के विकास के लिए कई कल्पनाएं की हैं। लखनऊ पूर्वी क्षेत्र से विधायक गोपाल टण्डन ने कहा कि इस महासमिति ने जनउपयोगी बहुत कार्य किये है। कोरोना आपदा में इनके सहायता कार्य अनुकरणीय हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में महासमिति की कई महिलाओं द्वारा एवं कॉलेज की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके लिए सभी सम्मानित महिलाओं एवं बच्चों को रक्षामंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। महासमिति के अध्यक्ष प्रो डॉ बीएन सिंह एवं महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल द्वारा रक्षामंत्री को महासमिति का मांग पत्र सौंपा गया।

# ग्राउंड सेरेमनी में तय होगी ग्लोबल समिट की जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अगले** महीने की तीन तारीख को पूंजी निवेश की होने वाली ग्राउंड सेरेमनी में योगी सरकार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की भी जमीन तैयार करेगी। सेरेमनी में आने वाले देशी-विदेशी निवेशकों से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का ब्लूप्रिन्ट तैयार करने की सरकार की योजना है। ग्लोबल समिट पर निवेशकों का फीडबैक लेने के लिये ग्राउंड सेरेमनी में योगी सरकार की एक टीम अलग से काम करेगी।

यूपी में ज्यादा से ज्यादा निवेश लाने के लिये योगी सरकार ने पहला ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कराने का निर्णय लिया है। अभी तक यूपी में किसी भी सरकार ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट नही कराया है। हालांकि यूपी की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कराने का निर्णय लिया था। इसके लिये निर्धारित समय का भी ऐलान कर दिया गया था, लेकिन सरकार की तैयारियों के बीच कुछ देशों द्वारा मौसम का हवाला देकर आने में असमर्थता जताने पर सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। इसके बदले में योगी सरकार ने इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। जिसमे कुछ देशों के साथ-साथ देश के तमाम औद्योगिक घरानों ने हिस्सा लिया था। जिसमे पौने पांच लाख करोड के एमओयू हुये थे। इन एमओयू की दो ग्राउंड सेरेमनी सरकार करा चुकी है और तीसरी सेरेमनी तीन जून को प्रस्तावित है।

ग्राउंड सेरेमानी के बात अगले साल पहली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कराने की योजना है। जिसमे सिंगापुर, यूएसए, जापान, यूके, कनाडा, जर्मनी, दक्षिण कोरिया से 20559 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव अभी तक सरकार को मिल चुके है। सीएम योगी ने एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य रखा है। अगले पांच वर्षों में तीन ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह भी होंगी। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश को निवेश हब बनाने के लिए नियमों में सरलीकरण करने के साथ करीब दो दर्जन नीतियों पर अमलीजामा पहनाया है। जिस कारण राष्ट्रीय ही नहीं अंतर राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने भी प्रदेश की ओर रुख किया है।

# काशन मनी से सुविधाओं का विस्तार कर सकेंगे एडेड डिग्री कालेज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● योगी सरकार में डेढ़ गुना बढ़ा उच्च शिक्षा का बजट

**योगी** सरकार में उच्च शिक्षा बजट का वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 3678.56 करोड़ रहा जो 2003-04 की तुलना में सात गुना और 2012-13 के सापेक्ष डेढ़ गुने से अधिक है। वर्ष 2003-04 में उच्च शिक्षा का बजट 530.02 करोड़ था। 2012-13 में यह 2501.66 और 2017-18 में 2655.8 करोड़ था। वहीं वित्तीय वर्ष में बजट को बढ़ाकर 3678.56 करोड़ आवंटित किया गया।

पिछले पांच सालों में उच्च शिक्षा के बजट में भारी इजाफा करने बाद योगी सरकार 2.0 ने अशासकीय (एडेड) और स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में व्यापक सुधार के लिए बड़ी पहल की है। एडेड कालेज अब काशन मनी से अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन के तहत इसकी अनुमति देने का निर्णय लिया है। सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालय भी राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से संसाधन और सुविधाओं में इजाफा कर सकेंगे। इसके लिए शासन स्तर से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार कर रही योगी सरकार ने अशासकीय और स्ववित्तपोषित कालेजों में बुनियादी सुधार और अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य के 331 एडेड कालेज अब जमा काशन मनी का उपयोग अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार में कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने अनुमति देने जा रही अभी है। इसे एडेड कालेजों में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इसी क्रम में सरकार सेल्फ फाइनेंस कालेजों के कायाकल्प के लिए कार्य योजना तैयार कर रही है। इसके तहत 7300 से अधिक सेल्फ फाइनेंस कालेजों की अवस्थापना सुविधाओं बढ़ाने में राज्य विश्वविद्यालय सहयोग करेंगे। अभी तक स्ववित्तपोषित कालेज अपने संसाधन से अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था करते थे। विश्वविद्यालयों से सहायता मिलने के बाद सुविधाएं बढ़ने से शिक्षा का स्तर सुधरेगा। सरकार ने शिक्षा के आधुनिकीकरण और नवाचार के लिए महाविद्यालयों में अगले तीन चार वर्षों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था और स्टीम लैब्स के नवीनीकरण की योजना तैयार की है। हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन के तहत तीन सालों में 50,100 और 181 कालेजों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाएगी।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सभपति व स्पीकर ने भी दी बधाई

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध का दिया गया करूणा, दया, प्रेम, मैत्रीभाव और सेवाभाव का पंचशील सिद्धांत आज भी समाज, देश और दुनिया के लिए प्रासंगिक है।

वहीं अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। उन्होंने चित्त की शांति तथा हृदय में करुणा की शिक्षा दी। वर्तमान समय में महात्मा बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध का संदेश मानव मात्र के लिए हमेशा प्रासंगिक बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हम सभी को जीवन में धर्म का आचरण करने, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए बुद्ध पूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है। वहीं श्री महाना ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हम सभी को जीवन में धर्म का आचरण करने, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भाव तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया है। वर्तमान समय में महात्मा बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति एवं सदभाव का वातावरण सृजित किया जा सकता है। विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महात्मा गौतम बुद्ध ने अपने दार्शनिक व सांस्कृतिक विचारों से भारत ही नहीं अपितु समूचे जगत को प्रभावित किया है। चीन, जापान, श्रीलंका, कोरिया सहित अनेक देशों में बौद्ध अनुयायी हैं। गौतम बुद्ध ने मानवता, अहिंसा व भारतीय संस्कृति का जो संदेश दिया था वह आज भी प्रासंगिक है। वे सदा श्रद्धेय व नमनीय हैं।

# प्रदेश के हर अस्पताल अब जुड़ेंगे राज्य कंट्रोल रूम से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मरीजों को अस्पतालों के काउंटर से ही दवा उपलब्ध कराने के निर्देश

**प्रदेश** के सरकारी अस्पतालों के निरीक्षण के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने महानिदेशक को पत्र लिखकर मरीजों को अस्पताल से ही दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि हर अस्पताल को राज्य कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों के जरिये ओपीडी व दवा काउंटरों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्री द्वारा हाल में जिलों के भ्रमण और निरीक्षण के दौरान अस्पतालों के रखरखाव में काफी कमियां पाई गई हैं। इन कमियों को दूर किया जाना है। इसके लिए सभी जिला अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाए। इन्हें राज्य मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए, ताकि यहीं से अस्पताल में हो रही गतिविधियों की जानकारी मिल सके। इसके लिए ओपीडी काउंटर और दवा काउंटर सीसीटीवी के फुटेज में जरूर होने चाहिए। निर्देश दिया है कि अस्पतालों में मशीनों का रखरखाव ठीक से किया जाए और इनका उपयोग भी हो। अपरिहार्य स्थिति में ही जांच बाहर से कराई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की सूची एक नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी, जहां उनकी उपस्थिति के समय का भी उल्लेख होना चाहिए। इसी तरह सभी अस्पतालों में ईडीएल के अनुसार दवाओं की सूची और उपलब्धता प्रदर्शित की जाए।

# कोरोना के बाद भी पर्यटन क्षेत्र में आया सर्वाधिक निवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● विभिन्न शहरों में बनेंगे नए होटल

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की पिछले पांच सालों में दूरदर्शी नीति का परिणाम है कि कोरोना के बाद भी प्रदेश में पर्यटक बढ़ने के कारण होटल इंडस्ट्री अपने नई उड़ान पर है और पर्यटन के क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवेश प्रदेश में आया है। जबकि इस मामले में देश के अन्य राज्य उत्तर प्रदेश से पिछड़े हुए हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) थ्री में 575 करोड़ की 23 परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इतनी ही धनराशि की अन्य परियोजनाएं अभी पाइप लाइन में हैं।

सीएम योगी ने 2018 में प्रदेश में पर्यटन नीति तैयार कराई थी। उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ सालों में पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में पर्यटकों से लेकर निवेश में भी वृद्धि हुई है। सीएम योगी के पिछले कार्यकाल में पर्यटन विकास की करीब तीन हजार करोड़ रुपए की 1084 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। जबकि 2012 से 2017 तक मात्र 820 करोड़ की 222 परियोजनाएं ही धरातल पर उतर पाई थीं। कोरोना के बावजूद 2017 से 2021 तक प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में 27 फीसदी का इजाफा हुआ है। प्रदेश में 125 करोड़ से अधिक भारतीय पर्यटक और सवा करोड़ से अधिक विदेशी पर्यटक आए हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण प्रदेश में होटलों और कमरों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। 2017 से 2019 तक होटलों में 45 सौ से अधिक नए कमरे बने हैं।

जीबीसी थ्री में करीब डेढ़ सौ करोड़ की लागत से गोरखपुर में तीन नए होटल की आधारशिला रखी जाएगी। ऐसे ही बरेली में 70 करोड़ की लागत से तीन होटल, मेरठ में 94 करोड़ की लागत से वेलनेस टूरिज्म और आगरा में 66 करोड़ की लागत से ताज होटल और कन्वेंसन सेंटर बनने जा रहा है।

# योगी सरकार ने शुरू की समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर करने की कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



● महिला सुरक्षा को लेकर अपनायी जा रही जीरो टालरेंस की नीति

**उत्तर** प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सभी की समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर हो। इस दिशा में योगी सरकार ने तहसील स्तर की समस्याओं को तहसील स्तर पर निस्तारण की अभियान के रूप में शुरू किया है। इस क्रम में प्रदेश में तहसील दिवस पर आई ज्यादातर शिकायतों को निस्तारण कर दिया गया है। योगी के कार्यकाल में प्रदेश में तहसील दिवस पर कुल 29,87,609 शिकायतें आईं। इसमें से 29,64,920 का निपटारा कर दिया गया। प्रयागराज में सबसे ज्यादा 1,80,408 शिकायतें आईं, जिसमें से 1,79,203 का समाधान कर दिया गया। योगी सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर कराने का लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि लोगों को अपनी परेशानी के लिए दौड़ना न पड़े और विशेषकर गांव के लोगों की समस्याएं स्थानीय स्तर पर ही सुलझाई जाएं। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। इसको लेकर प्रशासन भी मुस्तैद है। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय भी तहसील दिवस और थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों पर नजर रख रहा है। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण और प्रगति के बारे में सीएम कार्यालय को जानकारी देनी होती है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि तहसील दिवस पर आने वाले प्रकरणों को कतई लंबित न रखा जाए। लोगों की शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे तुरंत निस्तारित किया जाए। गौरतलब है कि योगी सरकार महिला सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। इसके साथ ही महिलाओं और बेटियों को अपनी शिकायतों के लेकर जिला या राज्य मुख्यालय स्तर पर उनको चक्कर काटने न काटने पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ब्लॉक, तहसील और थाना दिवसों में प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं की शिकायतों का समाधान करने को कहा है।

# अनाधिकृत बस संचालकों पर चाबुक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में बैठक कर अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए थे, जिसके क्रम में परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर विभिन्न मण्डलों में अनधिकृत बसों के संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। अपर परिवहन आयुक्त वी.के. सोनकिया ने बताया कि अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड माल वाहनों के विरुद्ध लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, प्रयागराज, बरेली, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, सहारनपुर, आगरा एवं झांसी संभागों में 10 मई से 13 मई तक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कुल 537 ओवरलोड माल वाहनों का चालान किया गया तथा 212 ट्रक बंद किए गए और 52.04 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया।

# यूपी के 13 शहरों में बनेंगे 26 सिटी फारेस्ट

● स्थानीय लोगों को मिलेगा नेचुरल पिकनिक स्पॉट का विकल्प

● बनेंगे स्मृति वन, आरोग्य और नक्षत्र वाटिका



प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहरों** की हरियाली बढ़ाने के लिए योगी 02 में एक अभिनय पहल की गई है। इस पहल के तहत सरकार अगले छह महीने में 13 शहरों में 26 जगहों पर 'सिटी फारेस्ट' विकसित कर हरियाली बढ़ाएगी। जिन शहरों के लिए इस बाबत चिन्हित किया गया है उनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शहर गोरखपुर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, झांसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, हरदोई, हाथरस, इटावा, हरदोई, रायबरेली, मुरादाबाद और अमरोहा शामिल हैं।

इन वनों के विकसित होने पर पर्यटकों को नेचुरल पिकनिक स्पॉट का एक विकल्प मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार इको टूरिज्म के दायरे का भी विस्तार विस्तार होगा। स्थानीय स्तर पर रोजी-रोटी के अवसर मिलना इस अभिनव योजना का बोनस होगा। हर नगर वन के लिए की ओर से निधारित 2 करोड़ की धनराशि में से 1.40 करोड़ रुपये की धनराशि राज्य सरकार को जारी कर दी गई है। जल्द ही यह धनराशि संबंधित जिलो को काम शुरू कराने के लिए उपलब्ध करा दी जाएगी। उम्मीद है कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर इस बाबत पौधरोपण की शुरुआत भी हो जाएगी। ये वन क्षेत्र बाउंड्री या बाड़ से घिरे होंगे। इनमें स्मृति वन, आरोग्य वाटिका, नक्षत्र वाटिका और हरिशंकरी वाटिका बनाई जाएगी। जैव-विविधता के लिए इसमें सभी प्रकार की सजावटी, झाड़ियां, बेलदार, औषधीय पौधे, फूल और फलों के पौधे लगाए जाएंगे। यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स, साइकिल ट्रेक, पाथवेज, आपेन जिम, जागर्स पार्क, बेंच समेत जनसुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

मालूम हो कि पर्यावरण संरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में से एक है। अपने पहले कार्यकाल से ही उनका जोर प्रदेश में हरियाली का रकबा बढ़ाने का रहा है। लोग इस अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें इसके लिए मुख्यमंत्री की पहल पर गंगा के किनारे गंगा वन, नक्षत्र वाटिका, गृह वाटिका, राम वनगमन मार्ग पर उस समय के पौधों का पौधरोपण, विरासत वृक्षों का संरक्षण एवं संवर्धन, ब्रज क्षेत्र में द्वापर युग मे जितने तरह के वनों का जिक्र है उनको केंद्र में रखकर पौधरोपण, अपने पूर्वजों के नाम पर पौधरोपण जैसी योजनाएं शुरू की गयीं।

# भीषण गर्मी व उमस से लोगों को राहत देने के लिए 25384 मेगावाट बिजली की आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● ऊर्जा मंत्री ने दी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई

**भीषण** गर्मी में बिजली की आवाजाही ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। शहर हो या गांव, दिन हो या रात, अघोषित कटौती का सिलसिला जारी है। प्रदेश में बिजली की मांग 25 हजार मेगावाट पार हो गई है। ऐसे में पावर कॉर्पोरेशन की चुनौती और बढ़ गई है। 3000 से 4000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का इंतजाम किए जाने के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर रखना मुश्किल हो रहा है। बिजली का संकट का असर उद्योग-धंधों पर भी पड़ रहा है।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में और स्वयं के प्रयासों से भीषण गर्मी एवं उमस से लोगों को राहत देने के लिए विद्युत कार्मिकों के अथक परिश्रम से यूपी के इतिहास में अब तक की सर्वाधिक 25384 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की गई। प्रचंड गर्मी के कारण विद्युत मांग बढ़ती जा रही है जिसको पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष गर्मी की शुरुआत से ही प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मई में ही पीक आवर जैसी बिजली की मांग पहली बार हुई है जिसको पूरा करने के लिए सभी स्रोतों से बिजली लेने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिये उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जिसके लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस ऐतिहासिक कार्य के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। एके शर्मा ने बिजली की बढ़ती हुई मांग की इस चुनौती को पूरा करने के लिए अपने सभी सहयोगियों से तत्परता से कार्य करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने देश एवं समाज हित में बिजली बचने के लिए लोगों से भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि आवश्यकतानुरूप ऊर्जा का उपयोग करके ही हम एक समृद्ध राष्ट्र व समाज का निर्माण कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बढ़ती हुई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए सजग रहे और जनता की सेवा में ढ़िलाई न की जाय। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने और जहाँ कहीं भी व्यवधान आए उसे तुरंत ठीक करने के निर्देश दिये हैं।

बिसवां तहसील अंतरराष्ट्रीय मानकों पर उतरी खरी, मिली बड़ी उपलब्धि....

# सीतापुर की बिसवां तहसील को मिला आईएसओ प्रमाणपत्र

संवाददाता। सीतापुर

**करीब एक** साल की मेहनत के बाद सीतापुर जनपद की बिसवां तहसील को आईएसओ (अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन) प्रमाणपत्र मिल गया है। आईएसओ संस्था के सदस्य गौतम एवं उनकी टीम ने बिसवां तहसील पंहुचकर उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्र और तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह को प्रमाणपत्र भेंट किया। संस्था ने विगत एक वर्ष में कई सर्वे और निरीक्षण कराने के उपरांत यह प्रमाण पत्र बिसवां तहसील को सौंपा है। आईएसओ 9001:2015 का प्रमाण पत्र पाने वाली सीतापुर जिले की सदर तहसील के बाद बिसवां दूसरी और मंडल में चौथे नम्बर की तहसील बन गयी है। यह प्रमाण पत्र बिसवां तहसील को यूं ही नहीं मिल गया, करीब दस से ज्यादा बिंदुओं पर आईएसओ की ओर से तहसील भवन को परखा गया। दरअसल, न्यायिक और प्रशासनिक सेवाओं, राजस्व कोर्ट के कम्प्यूटराइज्ड प्रबन्ध सिस्टम, राजस्व अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव सिस्टम और राजस्व अभिलेखों के रखरखाव, सरकार की राजस्व वसूली, नजारत, वृद्धावस्था, विधवा तथा निराश्रित पेंशन, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं राष्ट्रीय परिवार लाभ योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने आय जाति निवास प्रमाणपत्र, भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण, जनता की शिकायतों (आईजीआरएस) के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, पुनर्वास एवं आपदा राहत प्रबंधन तथा तहसील में स्वच्छता एवं साफ सफाई आदि बिंदुओं पर संस्था ने बिसवां तहसील का कामकाज परखा। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बिसवां तहसील खरी उतरी है। लिहाजा, बिसवां तहसील ने आईएसओ प्रमाणपत्र हासिल कर लिया है। हांलाकि यह प्रमाण पत्र तीन वर्षो तक वैलिड रहेगा। इस अवधि में समय-समय पर इसके मानक और गुणवत्ता की जांच के लिए सर्वे भी किए जाएंगे। पहला सर्वे 10 अप्रैल 2023 और दूसरे सर्वे की तारीख 10 अप्रैल 2024 मुकर्रर की गई है। बिसवां तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि को टीम वर्क का नतीजा बताया।

ब्लॉक कसमंडा के चंदोखा मजरा सरौरा कला में गरजा बुलडोजर..

# अवैध पक्के निर्माण पर चला बुलडोजर

- दस साल से अतिक्रमण के चलते अवरुद्ध मार्ग था मार्ग
- अवैध कब्जा हटवाकर रास्ते पर खडंजा लगवाने का कार्य शुरू
- एसडीएम सिधौली के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** विकास खंड कसमंडा में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा कर बनाए गए पक्के निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर की कार्रवाई। बुलडोजर से स्थाई अवैध निर्माण ढहाया गया जबकि अस्थाई अवैध निर्माण को ग्रामीणों की मदद से हटवाकर सार्वजनिक रास्ता साफ करा दिया गया। दस साल से अतिक्रमण के चलते मार्ग अवरुद्ध था। अतिक्रमण हटते ही रास्ते पर तत्काल खडंजा लगवाने का काम भी शुरू हो गया है। दरअसल, ब्लॉक कसमंडा की ग्राम पंचायत सरौरा कला के मजरा चंदोखा निवासी मूलचन्द्र, सहजराम व अन्य ग्रामीणों ने 30 अप्रैल को आईजीआरएस के जरिए सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। एसडीएम सिधौली पंकज प्रकाश राठौर ने शिकायत का संज्ञान लेकर राजस्व व इलाकाई पुलिस को अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता बहाल कराए जाने के निर्देश जारी किए। एसडीएम के आदेशों को अमली जामा पहनाने के लिए रविवार को राजस्व निरीक्षक पीरनगर रामफल वर्मा, लेखपाल अविनाश मिश्रा, संजीव शुक्ला, शारदा बक्श सिंह, शरद कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वेश कुमार, कमलापुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद खालिद, आरक्षी शिवकुमार यादव, देवेश कुमार, साजन सिंह व महिला आरक्षी रचना गौड़, दीपिका मिश्रा चंदोखा पहुंचे। टीम की देखरेख में रास्ते पर अवैध कब्जा कर बनवाए गए पक्के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया। साथ ही रखे गए छप्पर को ग्रामीणों की मदद से हटवाया गया। इस रास्ते पर रामलाल द्वारा दस साल से अवैध कब्जा कर रखा गया था। अतिक्रमण हटवाए जाने के तत्काल बाद प्रधान सरौरा कला देशराज यादव ने मार्ग पर खडंजा बिछवाना शुरू कर दिया। सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटने के बाद खडंजा लग जाने से ग्रामीणों का अवागमन दस साल बाद फिर से बहाल हो गया है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में कैबिनेट मंत्री के पुत्र बाल-बाल बचे

**बरेली ।** दिल्ली से लौट रहे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के बेटे बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गये उनके साथ कार में मौजूद चालक और साथी भी बाल बाल बच गए। सीबीगंज थाना क्षेत्र में पावर स्टेशन के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में आंवला विधायक और कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के बेटे मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह उनके साथ ही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुधीश पांडे व कारचालक जितेंद्र कुमार बाल-बाल बच गए बताया जाता है कि यशवंत सिंह अपने साथी सुधीश पांडे के साथ कार से दिल्ली गए थे जहां से कल शाम को वापस बरेली लौटने के लिए चले थे देर रात उनकी कार जब सीबीगंज थाना क्षेत्र में पावर स्टेशन के सामने पहुंची तभी डिवाइडर बनाने के लिए खोदी गई सड़क मे अचानक कार का पहिया आ गया और वह बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल और एक पेड़ के बीच से होते हुए खाई में पलट गई लेकिन कार में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं आई क्योंकि दुर्घटना के समय कार्य की गति काफी कम थी स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मिली है कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### पेड़ से टकराई बाइक चार घायल

**बरेली।** तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिससे बाइक चला रहा है युवक उसकी पत्नी और 2 बच्चे घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव शेर नगर निवासी सोनू उसकी पत्नी सोना और दो बच्चों को इलाज के लिए आज सुबह जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सोनू अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कल रात में अपने साढ़ू के घर आयोजित होने वाले देवी जागरण में शामिल होने के लिए गया था जहां से आज सुबह तड़के वह सभी एक मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने घर को वापस लौट रहे थे लेकिन रात में जागने के कारण बाइक चला रहे सोनू को झपकी आ गई और बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई जिससे सोनू और उसकी पत्नी और बच्चे जमीन पर गिर पड़े और घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**बरेली।** एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया अहमद नगर निवासी 20 वर्षीय अनिल पुत्र धर्मपाल की उसके घर के कमरे में छत के कुंडे से बंदे गमछे के सहारे फांसी पर लटकी मिली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई सुशील ने बताया कि अनिल पंजाब में रहकर टेलर के पास काम करता था लेकिन लगभग 3 महीने पहले वह पंजाब से घर वापस लौट आया था और बेरोजगार था जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान था सुनील ने बताया कि वह खुद भी ड्राइवर है और कल शाम को गाड़ी लेकर दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में ही उसे सूचना मिली कि उसके भाई अनिल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या अनिल को फांसी पर लटका देख एक पड़ोसी ने इसकी सूचना सुनील को दी जो वापस घर लौटा और घटना की शिकायत पुलिस से की मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक तीन भाई बहन थे उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

### दो मोटरसाइकिल टकराई युवक की मौत

**बरेली ।** दो मोटर साइकिलों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव सिंघाई निवासी 35 वर्षीय आसिफपुत्र जाहिद अली की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि आसिफ अली कल दिन में अपने एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गया था लेकिन भुता फरीदपुर रोड पर सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी दोनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े लेकिन आसिफगंभीर रूप से घायल हो गया दूसरी बाइक सवार मौका देकर फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आसिफके घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए भोजीपुरा स्थित अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की पत्नी का नाम हबीबा है वह एक बेटी का पिता था और प्राइवेट नौकरी करता था।

जेएस सिंह इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी पारा सरांय में टैबेलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# सांसद ने 78 छात्रों को वितरित किए टैबलेट

संवाददाता। सीतापुर



**जेएस सिंह** इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी पारा सरांय में टैबेलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा रहे। डिप्लोमा के समस्त 78 छात्रों को सांसद श्री वर्मा द्वारा टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन अरूण सिंह, निदेशक डा. भूमिका योगी, प्रिंसिपल सूरज मिश्रा, लेखाधिकारी सिंह, शिवम सिंह, हरिओम मिश्रा व समस्त विद्यालय स्टाफ मौजू रहा।

**बाबा चंद्र सिंह महाविद्यालय में 125 छात्र-छात्राओं को वितरित हुए स्मार्टफोन**

विकास खंड एलिया में बाबा चंद्र सिंह महाविद्यालय में एसडीएम महोली पूनम भास्कर एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एलिया जय प्रकाश सिंह उर्फ मिंटू सिंह की उपस्थिति में 125 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में महा विद्यालय प्रबंधक बृजेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी अभय प्रताप सिंह, कार्यालय अधीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह, उमेश वर्मा, बृजेंद्र प्रताप सिंह, अनूप कुमार सिंह समेत महाविद्यालय का समस्त स्टॉप मौजूद था। सिधौली क्षेत्र के प्रभुदयाल महिला महाविद्यालय ढकवा मे आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में एमए द्वितीय वर्ष की चौसठ छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला पंचायत प्रेमदीप जायसवाल उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य नवीन यादव नें मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबन्धक सुन्दरलाल यादव ने कहा सरकार की यह योजना सीधे विद्यार्थियों के हित से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में प्रभुदयाल बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मीनू यादव, प्रवक्ता प्रियंका सिंह, सुशील यादव, रवी सिंह राठौर व अन्य अभिभावक मौजूद थे। आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए टेबलेट स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु द्वारा छात्र-छात्राओं को टेबलेट, स्मार्टफोन वितरित किए गए। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसपी सिंह ने की। राज्यमंत्री राकेश राठौर ने कहा कि वर्तमान युग में तकनीकी ज्ञान व समझ सफलता की कुंजी है। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद इमरान एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार प्रबंधक रामशंकर अवस्थी, प्रबंध समिति अध्यक्ष कैलाश चंद्र मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रनिता सिंह, डॉ. दीपा अवस्थी, डॉ. नितिन कुमार पांडे, आलोक सिन्हा, सुरभि, राजकीर्ति रस्तोगी, उज्जवला वैश्य, विनय कुमार पांडे, पंकज अवस्थी आदि मौजूद थे।

### स्टूडेन्ट्स में वितरण के लिए आए स्मार्टफोन चोरी, हड़कंप, बरामद

**सीतापुर।** सीतापुर में प्रशासनिक और पुलिस महकमें में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब छात्र-छात्राओं को वितरित करने के लिए आए स्मार्टफोन चोरी होने की खबर सामने आई। स्मार्ट फोन चोरी का राज तब खुला जब सांसद राजेश वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। कॉलेज प्रशासन कमरे से स्मार्ट फोन लेने गया तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे का ताला टूटा था और तीस स्मार्ट फोन गायब थे। दरअसल, बीएस एजुकेशनल महाविद्यालय पकरिया खैराबाद में रविवार को 150 स्मार्ट फोन और 33 टैबलेट छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाने थे। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मंच पर पहुंच गए। कॉलेज प्रबंधन स्मार्ट फोन व टैबलेट लेने कमरे में गया तो वहां का ताला टूटा देख सभी के होश उड़ गए। गिनती करने पर तीस स्मार्टफोन कम मिले। यानी तीस स्मार्ट फोन कॉलेज से चोरी हो चुके थे। आपाधापी के बीच 120 स्मार्ट फोन और 33 टैबलेट वितरित करा दिए गए। कॉलेज प्रबंधन ने मानपुर थाने में चोरी की सूचना दी। मानपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एसडीएम सदर अनिल कुमार के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि कॉलेज में मजदूरी करने वाला संजय आज दोपहर से गायब है। शक की सुई संजय की तरफमुड़ी तो पुलिस ने बिसवां कोतवाली क्षेत्र के भम्भुवा स्थित उसके घर से उठा लिया। पहले तो वह घटना से अंजान बनता रहा, लेकिन आईएमईआई नंबर ट्रेस हो जाने के चलते जब सख्ती बरती गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस व प्रशासनिक अमले की सक्रियता से चोरी गए सभी तीस स्मार्ट फोन एक घंटे के भीतर बरामद कर लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# असलहा फैक्ट्री के साथ एक गिरफ्तार



**मोहम्मदी-खीरी।** मिशन पाताल अभियान के तहत कोतवाली मोहम्मदी पुलिस की बड़ी कार्यवाही सामने आई। असलहा बनाने वाली फैक्ट्री के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया गया। मामला दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया ईएसआई जयराम यादव और वह प्रकाश पांडे के संयुक्त प्रयास से असलहा बनाने की फैक्ट्री कारतूस सहित 315 बोर के 3 तरीके 12 बोर के तीन तमंचे राठ अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पुवायां निवासी मुशीर को रगें हाथों गिरफ्तार किया गया है। इस टीम में एसआई जय नारायण यादव रूद्र प्रकाश पांडे आरक्षी शिव बहादुर सिंह करण शर्मा गौरव कुमार रहे।

# मानव तस्करी को रोकने के लिए जनपद खीरी एएचटीयू टीम ने चलाया अभियान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में एएचटीयू टीम जनपद खीरी द्वारा लगातार विभिन्न अभियान चलाकर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को मानव तस्करी को रोकने के लिए जनपद खीरी एएचटीयू टीम द्वारा मानव तस्करी के अंतर्गत जनपद खीरी की एएचटीयू टीम द्वारा भारत नेपाल बार्डर के एसएसबी कैम्प गौरीफंटा पर चैक पोस्ट प्रभारी उप निरीक्षक मनीषा, एएचटीयू हेड कांस्टेबल कोमल यादव, एलआईयु हेड कांस्टेबल राजेश राय, एनजीओ नेपाल शांति पुर्नस्थापना गृह धनगढ़ी जिला कैलाली के काऊंसलर लक्ष्मी व आशा क्षेत्रीय संयोजक भूमी राय भट्टराईए व यूपी एनजीओ मानव सेवा संस्थान (सेवा) गोरखपुर सेंटर गौरीफंटा सेड़ाबेड़ा प्रभारी महेश कुमार राना नेपाल पुलिस एएचसी शेर बहादुर अराईया, मका एर्लीवाला वोहरा, गौरीफंटा बस स्टाफ के चालक, परिचालक और आस पास के मौजूद लोगों को एकत्रित कर मानव तस्करी और बालश्रम, बंधुआ मजदूरी और एक युद्ध नशे के विरूद्ध कानून के औचित्य के बारे में व रोकथाम के बारे में बता कर लोगों को जागरूक किया गया।



# दाम्पत्य विवादों में कराया गया सुलह-समझौता



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

- काउंसलिंग के बाद भेजे गए दम्पत्ति

महिला थाना खीरी परामर्श केंद्र पर पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई। साथ ही महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में महिला थाना खीरी परिवार परामर्श केन्द्र पर 15 मई को महिला थानाध्यक्ष खीरी, शकुन्तला उपाध्याय व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया गया और महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरुक किया गया। जनपद खीरी के महिला थाने पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक परामर्श केंद्र में काउंसलर की मध्यस्थता से पारिवारिक मामलों की शिकायतों में सुलह समझौते का प्रयास कराया जाता है। इसी क्रम में आज काउंसलर की उपस्थिति में परिवारिक शिकायतों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया। इसमें जो परिवार काफी मनमुटाव के कारण एक दूसरे के विरूद्ध मुकदमा दायर करके प्रार्थना पत्र देकर शिकायतें कर रहे थे और अलग-अलग रह रहे थे। दोनों पक्षों के मध्य सुलह-समझौता कराने के पश्चात दम्पत्ति आज से साथ-साथ रहकर पारिवारिक जीवन निर्वाह करने को राजी हो गए।

## पेज एक का शेष

### भारत ने...

की बेहतर शुरुआत की और वह पहले गेम में ब्रेक तक 11-7 से आगे चल रहे थे। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने इसके बाद अगले 11 में से 10 अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम किया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई जिसे ब्रेक तक उन्होंने 11-7 कर दिया। गिनटिंग ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 11-12 किया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि धैर्य बरकरार रखते हुए पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर दूसरा गेम जीतकर मैच को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया। लक्ष्य ने गिनटिंग को रैली में उलझाने का प्रयास किया लेकिन विरोधी खिलाड़ी अपने दमदार खेल की बदौलत 5-। की बढ़त बनाने में सफल रहा। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि धैर्य नहीं खोया और वापसी करते हुए स्कोर 6-8 किया। गिनटिंग ब्रेक तक 11-7 की प्रभावी बढ़त बनाने में सफल रहे। लक्ष्य ने इसके बाद रैली में दबदबा बनाना शुरू किया। गिनटिंग ने दो बार शॉट बाहर मारे और भारतीय खिलाड़ी वापसी करते हुए लंबी रैली के बाद क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ स्कोर 12-12 से बराबर करने में सफल रहा।

### गांधी जयंती...

देश की सबसे पुरानी पार्टी(कांग्रेस) का मूल चरित्र है। कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था की बदहाल स्थिति, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि मौजूदा वैश्विक एवं घरेलू हालात के मद्देनजर यह जरूरी हो गया कि उदारीकरण के 30 साल बाद अब देश की आर्थिक नीतियों को फिर से तय किया जाए। कांग्रेस ने किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने, अलग कृषि बजट बनाने, एमएसपी का सी 250 प्रतिशत फार्मूला लागू करने, किसान कल्याण कोष बनाने और फसल बीमा योजना नए सिरे से बनाने की भी पैरवी की।

### पाकिस्तान में..

ने हमले की निंदा की और पुलिस को दोषियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह घटना सूबे में अंतर-धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाया जाएगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने इसमें शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने एक बयान में कहा, किसी को भी देश में अंतर-धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ने और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी देश की वास्तविक प्रतिनिधि पार्टी है और यह सिख समुदाय का परित्याग नहीं करेगी। इस बीच, पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने हत्या की निंदा की।

### दोषियों को...

निंदनीय घटना पर भारतीय नागरिक संस्था और सिख समुदाय के विभिन्न वर्गों द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। बागची ने कहा, हमने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को लगातार निशाना बनाए जाने पर पाकिस्तान सरकार के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

### अमेरिका के...

हमलावर ने स्टोर के बाहर चार लोगों को गोली मारी। जवाब में स्टोर के अंदर एक सुरक्षाकर्मी ने कई गोलियां चलाईं और एक गोली बंदूकधारी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिसका उस पर कोई असर नहीं पड़ा। यह सुरक्षाकर्मी बफेलो पुलिस का सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी है। आयुक्त के अनुसार, इसके बाद हमलावर ने सुरक्षाकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी और स्टोर में अन्य लोगों पर गोलियां बरसाने लगा। बफेलो के मेयर बायरन ब्राउन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह किसी भी समुदाय के लिए सबसे बुरे सपनों में से एक है और हम अभी बेहद आहत हैं। पीड़ितों के परिजन और हम सभी अभी जो दर्द महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक, पुलिस ने स्टोर में पहुंचकर हमलावर का सामना किया। ग्रामाग्लिया ने कहा, उस वक्त हमलावर ने अपनी ही गर्दन पर राइफल तान दी थी। इसके बाद दो अधिकारियों ने उससे राइफल नीचे रखने के लिए कहा।

### पोप ने...

दाएं घुटने में दर्द की शिकायत है। वह व्हील चेयर पर बैठकर समारोह की अध्यक्षता करने आए। देवसहायम के अलावा नौ अन्य लोगों को भी यह उपाधि दी गई है जिनमें चार महिलाएं शामिल हैं। पोप ने समारोह में कहा, हमारा कार्य धर्म शिक्षा और हमारे भाइयों और बहनों की सेवा करना है। हमारा कार्य बिना किसी पारितोषिक की उम्मीद किए स्वयं को समर्पित करना है। समारोह में जब देवसहायम के नाम की घोषणा की गई तब वहां तिरंगे के साथ मौजूद भारतीयों के समूह ने खुशी का इजहार किया। प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही पिल्लई पहले भारतीय आमजन बन गए जिन्हें मरणोपरांत संत घोषित किया गया है। उन्होंने वर्ष 1745 में ईसाई धर्म स्वीकार करने के बाद अपना नाम लाजरस रखा था। देवसहायम का जन्म 23 अप्रैल 1712 को एक हिंदू नायर परिवार में हुआ था। उनका मूल नाम नीलकंठ पिल्लई था।

### कश्मीरी पंडितों...

लिए नमूने एकत्र किए हैं। आधार शिविर से जम्मू के लिए रवाना होने के कुछ ही देर बाद कटरा से करीब तीन किलोमीटर दूर नोमई के निकट चलती बस में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। एनआईए की एक टीम ने शनिवार को बस के मलबे का निरीक्षण किया और घटनास्थल पर डेढ़ घंटे तक निरीक्षण के दौरान नमूने एकत्र किए। एनआईए ने शुक्रवार को कटरा के पास यात्री बस में आग लगने के मामले की जांच में जम्मू-कश्मीर पुलिस को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की है। एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत फोरेंसिक जांच जारी है। हालांकि बचे हुए लोगों और घटना के आसपास रहने वाले लोगों ने बस में विस्फोट की आवाज सुनने की बात कही, जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मुकेश सिंह ने शुक्रवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में बस में कोई विस्फोटक या विस्फोट की आवाज का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### ज्ञानवापी मस्जिद...

शनिवार वाली ही पूरी टीम रविवार को अंदर जा रही है। सिंह के मुताबिक, पूरी कोशिश होगी कि सर्वे समय पर पूरा कर लिया जाए और 17 मई को अदालत में रिपोर्ट पेश की जाए। वहीं, हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि आज सर्वे का लगभग 65 प्रतिशत काम पूरा हो गया और कल (सोमवार को) भी सर्वे का कार्य होगा। यादव ने कहा, चूंकि अधिवक्ता इस तरह के सर्वे कार्य के लिए अभ्यस्त नहीं हैं और यह पूरी तरह से पुरातात्विक सर्वे का कार्य है, इसलिए इसमें थोड़ा समय लग रहा है। सर्वे स्थल पर पहुंचे वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने रविवार को कहा, माननीय अदालत के आदेश के अनुसार आज दूसरे दिन भी ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की गई और आयोग के सदस्यों ने अंदर कार्य किया। उन्होंने कहा, कल भी सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी, लेकिन आज उसे और बेहतर करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि दर्शन-पूजन करने आए लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो।

### आसमान से...

में तापमान 48.1 डिग्री, जफरपुर में 47.5 डिग्री, नोएडा में 47.1 डिग्री, पीतमपुरा में 47.3 डिग्री, एसपीएस मयूर विहार में 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सफदरजंग वेधशाला जहां के आंकड़ों को दिल्ली का मानक माना जाता है, वहां भी अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस साल अब तक का सबसे अधिक तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। वहीं, शुक्रवार को वहां अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। उल्लेखनीय है कि 27 मई 2020 को सफदरजंग में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शहर के आयानगर, पालम और लोधी रोड वेधशाला में तापमान में वृद्धि देखी गई और इन वेधशालाओं में अधिकतम तापमान क्रमशः 46.8 डिग्री, 46.4 डिग्री और 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी के सभी मौसम केंद्रों में लू दर्ज की गई। हरियाणा के गुरुग्राम में अधिकतम तापमान 48.1 डिग्री दर्ज किया गया जो 10 मई 1966 के 49 डिग्री सेल्सियस के बाद सर्वाधिक है।

### आज से...

में अप्रैल के महीने में महज 0.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जबकि मासिक औसत 12.2 मिलीमीटर है। मार्च महीने में भी यहां बारिश नहीं हुई जबकि मासिक औसत 15.9 मिलीमीटर है। आईएमडी ने मई में भी सामान्य से अधिक तापमान होने का पूर्वानुमान लगाया है।

# शिवसेना ने हिंदुत्व छोड़ दिया है: नवनीत राणा

## ● कहा, 10 जनपथ के निर्देश पर काम कर रही है पार्टी

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा की** निर्दलीय सदस्य नवनीत राणा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर अपना हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि वह शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के रास्ते से भटक गए हैं। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि वह (उद्धव) 10 जनपथ में रह रही मातोश्री के निर्देश पर काम कर रहे हैं। नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने ठाकरे को मुंबई में शनिवार को आयोजित रैली में किसानों और बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दों को न उठाने पर आड़े हाथ लिया। रवि राणा महाराष्ट्र विधानसभा के निर्दलीय सदस्य हैं।

राणा दंपती ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, शिवसेना ने घोषणा की थी कि वह औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजी नगर करेगी, लेकिन अब मुख्यमंत्री दावा कर रहे हैं कि इसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ठाकरे को इस बात की चिंता है कि अगर वह औरंगाबाद का नाम बदलने के काफी समय से लंबित वादे को पूरा करने के लिए कदम उठाते हैं, तो शिवसेना के सहयोगी दल समर्थन वापस ले लेंगे, और इससे उनकी सरकार गिर सकती है। नवनीत ने कहा, मुख्यमंत्री के दिमाग में केवल भय है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवसेना ने हिंदुत्व का रास्ता छोड़ दिया है। रवि राणा ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने घोषणा की थी कि उन्हें कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़ा तो वह शिवसेना को भंग कर देंगे। राणा दंपती ने संभवत: कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का संदर्भ देते हुए कहा, लेकिन उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को खारिज कर दिया है। अब वह 10 जनपथ की मातोश्री के निर्देश पर कार्य कर रहे हैं। दंपती ने आरोप लगाया कि ठाकरे हनुमान चालीसा का पाठ करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि मुगल शासक औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ाने वालों को छूट दे रहे हैं। नवनीत राणा ने कहा, अगर बाला साहेब ठाकरे होते तो ऐसे लोगों को उसी कब्र में औरंगजेब की तरह दफनाया जाता। कैसे कोई व्यक्ति दूसरे राज्य से आकर औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ा सकता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएमआईएम) नेता अकबरुद्दीन ओवैसी के औरंगाबाद के खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र पर जाने के संदर्भ में की। नवनीत राणा ने सवाल किया, उद्धव ठाकरे स्वयं के हिंदुत्ववादी होने का दावा करते हैं। क्या उन्होंने औरंगजेब के रास्ते पर चलने की तैयारी कर ली है? क्या शिवसेना, औरंगजेब सेना बन गई है? राणा दंपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ठाकरे मुख्यमंत्री के तौर पर उन उपलब्धियों का एक छोटा सा हिस्सा भी हासिल नहीं कर सके हैं, जितना फडणवीस के कार्यकाल में हासिल की गई थी। बदनेरा से विधायक रवि राणा ने कहा, फडणवीस लोगों के लिए काम करते हैं। वे (लोग) अब भी उन्हें (फडणवीस को) मुख्यमंत्री बनाने के लिए लालायित हैं। आप (उद्धव) ने मोदी के नाम पर वोट हासिल किया और बाद में उनके पीठ में छुरा घोंपा। नवनीत राणा ने कहा कि वह हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा जेल भेजकर दिए गए जख्म से अब भी उबरने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ठाकरे उनके दर्द को तभी समझ सकते हैं जब उनके परिवार की महिला बिना किसी गलती के जेल जाए। नवनीत राणा ने मुख्यंत्री की पत्नी का संदर्भ देते हुए कहा, जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री नहीं होंगे और रश्मि ठाकरे जेल जाएंगी, तब मैं उनसे पूछूंगी कि उन्हें दर्द हो रहा है कि नहीं।

## हम पर थोपा गया इतिहास पश्चिम का दुष्प्रचार: सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि जो इतिहास भारत पर थोपा गया, वह वास्तव में पश्चिम का दुष्प्रचार है। उन्होंने कहा कि घटनाओं का दर्ज किया जाना राय से प्रेरित होने के बजाय तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। सावंत यहां कुमाऊं साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन विक्रम संपत की विनायक दामोदर सावरकर पर आधारित पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी राय में, इतिहास उन चीजों का स्वतंत्र प्रस्तुतीकरण होना चाहिए जो अतीत में हुई हैं। अनुभव और समझ के आधार पर किसी की अपनी व्याख्या हो सकती है। लेकिन इतिहास को तथ्य से प्रेरित होना चाहिए, न कि राय से। उन्होंने जोर देकर कहा, दुर्भाग्य से, हमारे देश में, जो इतिहास हम पर थोपा गया है, वह पश्चिम का दुष्प्रचार और वे हमारे बारे में क्या सोचते हैं, इस पर आधारित है। उन्होंने सोचा कि हम सपेरों की भूमि हैं, उन्होंने सोचा कि हम एक गरीब देश हैं।

## क्विक न्यूज

### दिल का दौरा पड़ने से दो और श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन को आए दो तीर्थयात्रियों की रविवार को ह्रदयाघात से मौत हो गई जबकि श्रद्धालुओं की मौत के बढते आंकड़ों से अलर्ट मोड में आए स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद 25 यात्रियों को जानकी चट्टी से ही लौटा दिया। यमुनोत्री दर्शन के लिए आए पश्चिम बंगाल के कूच विहार जिलके निवासी पुरनेंद्र सरकार (70) का सुबह स्यानाचट्टी में अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें तत्काल बड़कोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। गंगोत्री दर्शन के लिए गुजरात के सूरत से आए एक अन्य तीर्थयात्री प्रमोद भाई (62) की तबीयत गंगनानी में खराब हो गई जिन्हें तत्काल उत्तरकाशी जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का कारण ह्रदयाघात बताया जा रहा है। ताजा आंकड़ों को मिलाकर उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री और गंगोत्री धामों के दर्शन को आए अब तक 18 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो चुकी है। साढ़े 10 हजार फीट से अधिक की उंचाई पर स्थित यमुनोत्री धाम के पैदल रास्ते में ही 14 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। मौत के आंकड़ों में लगातार वृद्धि से अलर्ट मोड में आए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने यात्रा पड़ावों पर तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू कर दी है, जिसके तहत रक्तचाप, रक्त में शर्करा का स्तर, ऑक्सीजन स्तर की जांच की जा रही है। करीब 25 यात्रियों को स्वास्थ्य जांच के बाद चिकित्सकों की सलाह पर यमुनोत्री के पड़ाव जानकीचट्टी से ही वापस लौटा दिया गया। इस संबंध में उत्तरकाशी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केएस चौहान बताया कि तीर्थयात्रियों की यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग पर दोबाटा बड़कोट, जानकीचटटी तथा गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर हीना में स्क्रीनिंग की जा रही है तथा उनकी बीमारी के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार तक 1442 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है जिनमें से 25 चिकित्सकों की सलाह पर जानकी चट्टी से ही वापस रवाना हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के त्रिकुट वन क्षेत्र में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के त्रिकुट वन क्षेत्र में आग लग गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। माता वैष्णों देवी का प्रसिद्ध मंदिर त्रिकुट वन क्षेत्र में स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर क्षेत्र पर आग का कोई असर नही हुआ और तीर्थयात्रा सुचारूरूप से चल रही है। त्रिकुट वन क्षेत्र में लगी आग पर आम लोगों, दमकल विभाग के कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों की मदद से काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार शनिवार रात जंगल में लगी आग से वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। जिस स्थान पर आग लगी, वह मंदिर से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि आग के कारणों का तत्काल पता नही चल पाया है, लेकिन इस मौसम में लू चलने और कम बारिश होने की वजह से जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं।

### द्रमुक ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, कांग्रेस को एक सीट दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए रविवार को तीन उम्मीदवारों की घोषणा की और प्रमुख सहयोगी कांग्रेस को एक सीट आवंटित करने की घोषणा की। सत्तारूढ़ दल ने के आर एन राजेश कुमार को बरकरार रखने का फैसला किया है, जो पिछले साल उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए थे। राज्य से छह रिक्त सीटों में से द्रमुक और मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के तीन-तीन सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पार्टी की एक विज्ञप्ति में घोषणा की है कि वरिष्ठ नेता तंजई एस कल्याणसुंदरम और तंजावुर (उत्तर) जिले के पार्टी जिला सचिव तथा पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ सचिव आर गिरिराजन द्रमुक के दो अन्य उम्मीदवार हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक सीट सहयोगी कांग्रेस के लिए तय की गई है। तमिलनाडु में 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले द्रमुक अनौपचारिक रूप से कांग्रेस को राज्यसभा की एक सीट देने के लिए सहमत हो गई थी। द्रमुक के टी के एस इलनगोवन, आर एस भारती और के आर एन राजेश कुमार का कार्यकाल खत्म हो रहा है। अन्नाद्रमुक के ए नवनीतकृष्णन, एस आर बालासुब्रमण्यम और ए विजयकुमार का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, द्रमुक द्वारा उसे आवंटित एकमात्र सीट पर कब्जा करने के लिए कड़ा संघर्ष जारी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम सहित कुछ नेताओं के समर्थकों को उम्मीद है कि उनके नेता को पार्टी के आला नेताओं द्वारा चुना जाएगा। वर्ष 2016 में महाराष्ट्र से उच्च सदन के लिए चुने गए चिदंबरम का कार्यकाल जुलाई 2022 में समाप्त हो रहा है। हाल में चिदंबरम ने यहां स्टालिन से मुलाकात की। द्विवार्षिक चुनाव 10 जून को होंगे।

# पवार पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में अभिनेत्री को 18 तक पुलिस हिरासत में भेजा

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र की** एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार के बारे में सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में रविवार को मराठी अभिनेत्री केतकी चिताले को 18 मई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, पुणे साइबर पुलिस ने कहा कि ठाणे पुलिस की हिरासत अवधि समाप्त होने पर वह अभिनेत्री की हिरासत मांगेगी। पुणे साइबर पुलिस ने भी चिताले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुणे साइबर पुलिस के निरीक्षक दगडू हाके ने कहा, हमने चिताले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और ठाणे पुलिस की हिरासत अवधि समाप्त होने बाद हम उनकी हिरासत का अनुरोध करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री 29 वर्षीय चिताले ने कथित तौर पर अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट साझा की थी, जिसके कारण ठाणे पुलिस ने उन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभिनेत्री को रविवार को एक अवकाशकालीन अदालत के सामने पेश किया गया, जिसने उन्हें 18 मई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बीच, पुणे के एक संगठन ने चिताले द्वारा साझा पोस्ट में कथित तौर पर संत तुकाराम का जिक्र करने के लिए अभिनेत्री के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। संत तुकाराम देहू संस्थान ने पुणे के देहू थाने में लिखित शिकायत कर चिताले द्वारा साझा पोस्ट में कथित तौर पर 17वीं सदी के कवि का जिक्र करने के लिए उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की है। पवार के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने पर चिताले और फार्मेसी के 23 वर्षीय छात्र निखिल भामरे को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था।

# माणिक साहा ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

## ● लखनऊ के केजीएमयू से पढ़े हैं त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री

**भाषा।** अगरतला



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य माणिक साहा ने रविवार सुबह त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल एसएन आर्य ने यहां राजभवन में उन्हें नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब भाजपा विधायकों और मंत्रियों के साथ उपस्थित थे। देब के शनिवार शाम मुख्यमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद साहा इस पद पर काबिज हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक भी शामिल हुईं।

उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा और मंत्री राम प्रसाद पॉल ने शनिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में साहा की नियुक्ति का विरोध किया था। दोनों शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के कुछ समय बाद राजभवन पहुंचे। शपथ समारोह के बाद साहा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए त्रिपुरा के लोगों के लिए काम करूंगा। कानून-व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान दूंगा। विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के नेतृत्व में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, कोई चुनौती नहीं है। विपक्षी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायकों ने राज्य में भाजपा के शासन में फासीवादी शैली में हिंसा होने का आरोप लगाते हुए समारोह का बहिष्कार किया। तृणमूल कांग्रेस, जो राज्य में पैठ जमाने की कोशिश कर रही है, उसने दावा किया कि मुख्यमंत्री को बदल दिया गया, क्योंकि भाजपा को एहसास हुआ कि लोगों का राज्य सरकार पर से भरोसा उठ गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह कदम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएसएस) द्वारा भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भेजे गए विश्लेषण के बाद उठाया गया है, जिसमें संकेत दिया गया था कि पार्टी और सरकार में बदलाव की जरूरत है। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज से स्नातक करने वाले साहा साल 2016 में भाजपा में शामिल होने से पहले विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्य थे। वह 2020 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने। बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुके साहा त्रिपुरा क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष भी हैं। भाजपा में उनका कद उनकी स्वच्छ छवि और बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड के कारण बढ़ा है, जिसमें नवंबर 2021 में हुए चुनावों में सभी 13 नगर निगमों में भाजपा को जीत दिलाना शामिल है।

# राजीव कुमार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में प्रभार संभाला

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व वित्त** सचिव राजीव कुमार ने रविवार को 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में प्रभार संभाल लिया और उनकी पहली बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव कराना होगी, जो जल्द ही होने वाले हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) के एक बयान के अनुसार, कुमार ने कहा कि आयोग किसी भी सुधार को लाने में आम सहमति बनाने और परामर्श करने के लंबे समय से चल रही पद्धतियों का पालन करेगा तथा सख्त फैसले लेने से भी नहीं हिचकिचाएगा।

राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति पद के चुनाव जुलाई-अगस्त में होने हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और कई विधानसभा चुनाव कुमार के कार्यकाल में ही होंगे। उनका कार्यकाल फरवरी, 2025 तक है। वह एक सितंबर, 2020 से निर्वाचन आयुक्त के तौर पर निर्वाचन आयोग से जुड़े हुए थे और बृहस्पतिवार को उन्हें सीईसी नियुक्त किया गया। उन्होंने सुशील चंद्रा का स्थान लिया है जो शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। निर्वाचन आयोग के बयान के अनुसार, सीईसी के तौर पर प्रभार संभालने के बाद कुमार ने कहा कि वह उत्कृष्ट संस्थानों में से एक की अगुवाई करने की जिम्मेदारी दिए जाने से सम्मानित महसूस कर रहे हैं, यह ऐसा संस्थान है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने पिछले 70 वर्षों में काफी कुछ किया है, मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की, कदाचारों को रोका और चुनावों की गुणवत्ता बढ़ाई। उन्होंने कहा, आयोग कोई भी बड़ा सुधार लाने के लिए आम सहमति बनाने और परामर्श की लंबे समय से चल रही पद्धतियों और लोकतांत्रिक प्रणालियों का पालन करेगा। कुमार ने कहा कि बेहतर चुनाव प्रबंधन तथा संचालन के लिए पारदर्शिता लाने और मतदाताओं के लिए सेवाओं को सुगम बनाने के वास्ते प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए तकनीक एक प्रमुख उपकरण होगा। कुमार को उनके सहकर्मी और उनके मातहत काम करने वाले लोग सख्त छवि वाले अधिकारी के तौर पर जानते हैं जो व्यावहारिक रुख रखते हैं और ईमानदारी के साथ काम करते हैं। उनके साथ काम कर चुके दो वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय सेवा सचिव और वित्त सचिव रहते हुए उन्होंने समाज के गरीब और कमजोर वर्गों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा, पारदर्शिता और तकनीकी बढ़ाने के लिए काम किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके कार्यकाल में वित्तीय क्षेत्र में गलत गतिविधियों में लिप्त कई लोगों को कानून का सामना करना पड़ा। इनमें कुछ बड़े नाम चंदा कोचर, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, कपिल वधावन, राणा कपूर और धीरज वधावन के हैं। कुमार ने कोविड-19 के दौरान भी अपने काम का लोहा मनवाया, जब उन्हें अप्रैल 2020 में लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

# पाटीदारों के खिलाफ मामले वापस लेने की प्रक्रिया में तेजी लाए गुजरात सरकार: नरेश पटेल

**भाषा।** अहमदाबाद

**पाटीदार समुदाय** के एक प्रमुख नेता नरेश पटेल ने रविवार को कहा कि गुजरात सरकार को 2015 के आरक्षण आंदोलन के सिलसिले में समुदाय के युवाओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए। प्रभावशाली सामाजिक कार्यकर्ता और श्री खोडलधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष पटेल ने कहा कि वह इस बारे में जल्द ही फैसला करेंगे कि किस राजनीतिक दल में शामिल होना है। वह गुजरात के राजकोट जिले के जेतपुर में कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार पाटीदार युवकों के खिलाफ मामले वापस लेने की दिशा में सकारात्मक रूप से काम कर रही है, लेकिन उसे प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है। हाल में, अहमदाबाद की एक अदालत ने हार्दिक पटेल और समुदाय के अन्य आरोपियों के खिलाफ दंगा का एक मामला वापस लेने की सरकार की याचिका स्वीकार कर ली थी। पटेल राज्य में 2015 के आरक्षण आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने के बाद पाटीदार समुदाय के नेताओं के खिलाफ दर्ज 200 से अधिक मामलों का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा, युवाओं के खिलाफ मामले वापस लिए जा रहे हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया धीमी है। हम सरकार से पाटीदारों के खिलाफ मामलों को वापस लेने में तेजी लाने का अनुरोध करते हैं। यह उन बिंदुओं में से एक है जिन पर हमने (हार्दिक पटेल और आंदोलन के दो अन्य नेताओं के साथ) बैठक में चर्चा की। कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल ने कहा कि सरकार ने पाटीदारों के खिलाफ मामले वापस लेने की प्रक्रिया उस वक्त शुरू की, जब नरेश पटेल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे इसके लिए अनुरोध किया। पटेल ने कहा, चूंकि नरेशभाई ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनके साथ इस मुद्दे पर चर्चा की, सरकार ने अब तक 22-25 मामले वापस ले लिए हैं। लेकिन उन्होंने शेष 244 मामलों को तेज गति से वापस लेने का अनुरोध किया है। गुजरात में दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति में उतरने के विषय पर खोडलधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि वह एक या दो सप्ताह में समुदाय के और भी नेताओं के साथ एक और दौर की बैठक करने के बाद निर्णय लेंगे। हार्दिक और पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान उनके प्रमुख सहयोगियों, दिनेश भंभानिया और अल्पेश कथीरिया ने इस बैठक में भाग लिया। उन्होंने पटेल से जल्द से जल्द राजनीति में शामिल होने का निर्णय लेने का आग्रह किया। हार्दिक ने कहा, हमने उनसे (राजनीति और किस राजनीतिक दल में शामिल होना है) इस पर जल्द से जल्द फैसला लेने और इस बारे में घोषणा करने का अनुरोध किया।

# श्रीलंका में संकट के लिए गलत नीतियां जिम्मेदार: कंठ

**भाषा।** नई दिल्ली

**पड़ोसी मुल्क** श्रीलंका वर्ष 1948 में आजादी मिलने के बाद अब तक के सबसे खराब आर्थिक दौर से गुजर रहा है। इस वजह से वहां लोग सड़कों पर उतरे, हिंसक प्रदर्शन हुए और फिर कर्फ्यू तथा आपातकाल लगाने तक की नौबत आई। भारी राजनीतिक उथल-पुथल के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से देश की कमान संभाली है। श्रीलंका की यह स्थिति कैसे हुई और नए प्रधानमंत्री के समक्ष क्या चुनौतियां होंगी, इन्हीं सब मुद्दों पर वरिष्ठ राजनयिक, चीन में भारत के राजदूत और श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त रह चुके अशोक कंठ से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब-

**सवाल:** ***श्रीलंका आज संकट के जिस दौर में है, उसकी मुख्य वजह क्या मानते हैं आप?***

**जवाब:** अपनी आजादी के बाद श्रीलंका सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। आर्थिक संकट के साथ ही वहां राजनीतिक संकट भी है। यह संकट पिछले कई सालों से पनप रहा था लेकिन हाल के वर्षों में हुए कुछ घटनाक्रमों ने वहां की स्थितियां और बिगाड़ दीं। 2019 के ईस्टर बम धमाकों में सैंकड़ों लोग मारे गए। इससे पर्यटन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जो श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार रहा है। उसके बाद कोविड-19 आ गया और अब रूस-यूक्रेन युद्ध। इन सबके बीच वहां के शासकों की कुछ नीतिगत गलतियां रहीं, जिसने इस स्थिति को अप्रत्याशित और गंभीर बना दिया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होने लगा। ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी होने लगी। और उसके बाद वहां अब राजनीतिक अस्थिरता के हालात बन गए। अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के कारण लोगों में भारी नाराजगी है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा और लोग राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अब रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री पद संभाला है। वह काफी अनुभवी हैं। आगे देखते हैं स्थितियां कैसी उभरती हैं। उनके सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं।

**सवाल:** ***श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक अस्थिरता एशियाई देशों, खासकर भारत के लिए कितनी चिंता की बात है। क्या कोई खतरा देखते हैं आप?***

**जवाब:** हम सब जानते हैं कि श्रीलंका और भारत करीबी मित्र देश हैं। अर्थव्यवस्था से लेकर सुरक्षा तक हमारे संबंध बहुआयामी हैं। यहां तक कि हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। श्रीलंका में अगर कुछ होता है तो उसका भारत पर निश्चित तौर पर असर पड़ेगा और अगर भारत में कुछ होता तो उसका श्रीलंका पर भी असर पड़ेगा। फिलहाल जो स्थिति श्रीलंका में है, वह लंबी खिंच सकती है। भारत सरकार ने सबसे पहले श्रीलंका की मदद की, वह भी पड़ोसी प्रथम की नीति का अनुसरण करते हुए। एक अरब डॉलर की ऋण सहायता दी। भारत का यह समर्थन श्रीलंका की जनता के लिए है, श्रीलंकाई समाज के लिए है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से श्रीलंका ने जब मदद की गुहार लगाई तो भारत ने इसमें भी पड़ोसी मुल्क का साथ दिया और इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उसने हस्तक्षेप भी किया। इसलिए भारत ने इस मामले में बहुत सही रुख अपनाया है। मैं उम्मीद करता हूं कि आगे भी यह रुख जारी रहेगा।

**सवाल:** ***आज जो श्रीलंका की स्थिति है, उसमें क्या आप चीन की भी कोई भूमिका देखते हैं?***

**जवाब:** निश्चित तौर पर, इसका संबंध चीन से है। श्रीलंका के वर्तमान आर्थिक हालात का संबंध उन खर्चीली परियोजनाओं से भी है जिसके लिए उसने विदेशी कर्ज लिए। कर्ज लेकर उसने बुनियादी ढांचा विकास की नीति अपनाई। श्रीलंका ने खास तौर पर चीन से बड़े पैमाने पर कर्ज लिया और हंबनटोटा बंदरगाह और मताला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जैसी बड़ी और खर्चीली परियोजनाएं शुरू कीं। लेकिन इन परियोजनाओं से उम्मीद के मुताबिक रिटर्न नहीं मिला उसे। कर्ज की किस्तें उसे आज भी चुकानी पड़ रही हैं। मौजूदा परिस्थितियों में ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि चीन श्रीलंका की मदद करेगा लेकिन अभी तक कोई वैसी मदद नहीं मिली उसे। चीन इस पक्ष में भी नहीं था कि श्रीलंका आईएमएफ का रुख करे।

**सवाल:** ***श्रीलंका के घटनाक्रमों से भारत को क्या सीख लेनी चाहिए?***

**जवाब:** दोनों देशों की परिस्थितियां अलग हैं और उनकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। भारत एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है और श्रीलंका के मुकाबले वह अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिर भी जब हमारा एक पड़ोसी देश चुनौतियों का सामना कर रहा है, तो इस परिस्थिति में हम दोनों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए और इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

**सवाल:** ***भारत में एक भावना यह भी है कि श्रीलंकाई शासकों ने धार्मिक आधार पर वहां विभाजन को बढ़ावा दिया और आज जो उसकी स्थिति है, उसके लिए वह भी एक कारण रहा?***

**जवाब:** श्रीलंका में नस्लीय और धार्मिक मुद्दों का समाधान लंबित है। श्रीलंका में गृह युद्ध हुआ था जो दशकों तक चला और फिर 2009 में वह समाप्त हुआ। इसके बाद ही नस्लीय और धार्मिक विभाजन के मुद्दे का गंभीरता से समाधान होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तमिल, ईसाई और मुसलमान सहित श्रीलंका के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों में एक भावना है कि वह समाज में बराबर के भागीदार नहीं हैं। मेरा मानना है कि यह भी एक कारक रहा श्रीलंका की वर्तमान स्थिति के लिए। हालांकि इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हाल के दिनों में श्रीलंका में जो प्रदर्शन हुए उसमें समाज के सभी वर्ग शामिल थे। ऐसा नहीं था कि इसमें सिर्फ बहुसंख्यक समाज के ही लोग थे। इन प्रदर्शनों में मुसलमान, तमिल और ईसाई भी शामिल हुए। तो यह एक अच्छा संकेत है।

# होठों को चूमना, प्यार से छूना अप्राकृतिक अपराध नहीं: बंबई उच्च न्यायालय

**भाषा।** मुंबई



**बंबई उच्च** न्यायालय ने कहा है कि होठों को चूमना और प्यार से किसी को छूना भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अप्राकृतिक अपराध नहीं है और इसी के साथ अदालत ने एक नाबालिग लड़के के यौन शोषण के आरोपी शख्स को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई ने हाल में एक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इस व्यक्ति को 14 साल के लड़के के पिता की शिकायत के बाद पिछले साल गिरफ्तार किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, लड़के के पिता ने पाया कि उनकी अलमारी से पैसे गायब हैं। लड़के ने उन्हें बताया कि उसने आरोपी शख्स को पैसे दिए हैं। नाबालिग ने कहा कि वह ऑनलाइन गेम ओला पार्टी का रिचार्ज कराने के लिए मुंबई में एक उपनगर में आरोपी शख्स की दुकान पर जाता था। लड़के ने आरोप लगाया कि एक दिन जब वह रिचार्ज कराने गया तो आरोपी ने उसके होठों को चूमा तथा उसके निजी अंगों को छूआ। इसके बाद लड़के के पिता ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून की संबंधित धाराओं तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई। धारा 377 के तहत शारीरिक संभोग या कोई अन्य अप्राकृतिक कृत्य दंडनीय अपराध के दायरे में आता है। इसके तहत अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है और जमानत मिलना मुश्किल हो जाता है। न्यायमूर्ति प्रभुदेसाई ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि लड़के की मेडिकल जांच यौन शोषण के उसके आरोप का समर्थन नहीं करती है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 16 मई 2022



# रूस को यूक्रेनी सैनिकों से कड़े मुकाबले का करना पड़ रहा सामना

## फिनलैंड नाटो में शामिल होने का पक्षधर

एपी। कीव

रूस के हमले का लगभग तीन महीने से मुकाबला कर दुनिया को चौंका देने वाला यूक्रेन रविवार को अंतरराष्ट्रीय वार्षिक संगीत प्रतियोगिता यूरोविजन में जीत से उत्साहित है और वहीं उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का विस्तार होने की भी संभावना बन रही है। फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो में शामिल होने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही यूरोप में तटस्थ रहने वाले देशों की संख्या में और कमी आ जाएगी। इन दो नॉर्डिक देशों की तरह अन्य देश भी यूरोपीय संघ में इसलिए, शामिल हुए थे ताकि पूर्व-पश्चिम समूह में विभाजित हुए बिना यूरोप की आर्थिक और राजनीतिक एकता को मजबूत किया जा सके। नाटो उप महासचिव मिर्सिया जियोना ने संवाददाताओं से कहा, रूस का क्रूर आक्रमण गति खो रहा है। हम जानते हैं कि यूक्रेन के लोगों और सेना की बहादुरी से तथा हमारी मदद से यूक्रेन इस युद्ध को जीत सकता है। उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके शहर मारियुपोल में एक दिन गीत प्रतियोगिता आयोजित करने का रविवार को आह्वान किया। यूक्रेन के कलुश ऑर्केस्ट्रा ने अपने गीत स्टेफेनिया के लिए यह लोकप्रिय प्रतियोगिता जीत ली है। यह गीत युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिकों के बीच लोकप्रिय हो गया और इसे पुरस्कार मिलना देश का मनोबल बढ़ाने वाला है। जेलेंस्की ने फेसबुक पर कहा, हमारे साहस ने दुनिया को प्रभावित किया है, हमारे संगीत ने यूरोप को जीत लिया है। अगले साल यूक्रेन यूरोविजन की मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति की ए आशावादी टिप्पणियां ऐसे वक्त आई हैं जब रूसी सैनिक देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर हफ्तों तक बमबारी करने के बाद उसके आसपास के इलाकों से वापस जा रहे हैं। दूसरी ओर, कीव और मॉस्को के सैनिक देश के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र के लिए जंग लड़ रहे हैं। यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूसी सैनिक उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव से पीछे हट रहे हैं और अब अपना पूरा ध्यान आपूर्ति मार्ग की सुरक्षा पर केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी इलाके दोनेत्स्क में मोर्टार, तोपों के साथ-साथ हवाई हमले शुरू किए हैं ताकि यूक्रेनी सैनिकों को निशाना बनाया जा सके और उनकी मोर्चाबंदी को नष्ट किया जा सके। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेज्निकोव ने कहा, यूक्रेन दीर्घकालिक युद्ध के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। रूस की सेना ने यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जो पूर्वी डोनबास क्षेत्र के तहत आता है, जहां यूक्रेन की सेना 2014 से मॉस्को समर्थित अलगाववादियों से लड़ रही है। दक्षिण डोनबास में अजोव सागर के बंदरगाह शहर मारियुपोल पर काफी हद तक रूस का नियंत्रण है और यूक्रेन के कुछ सैनिक एक इस्पात संयंत्र में छिपे हुए हैं। शहर से नागरिकों को लेकर 500 से 1,000 वाहनों का काफिला शनिवार को जापोरिज्जिया शहर पहुंचा। यूक्रेन की उपप्रधानमंत्री इरिना वेरेश्चुक ने कहा कि प्राधिकारी इस्पात संयंत्र में गंभीर रूप से घायल 60 सैनिकों को निकालने पर बातचीत कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी को हमले के बाद कीव पर कब्जा जमाने में नाकाम रहने के बाद अब अपना ध्यान पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर केंद्रित कर दिया है। यह एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां यूक्रेन 2014 से मॉस्को समर्थित अलगाववादियों से लड़ाई लड़ रहा है। रूसी सेना का मकसद यूक्रेन के सबसे अनुभवी और उच्च कौशल वाले सैनिकों को घेरना है, जो पूर्वी क्षेत्र में तैनात हैं। साथ ही उसका उद्देश्य डोनबास के क्षेत्रों और यूक्रेन के कब्जे वाले बाकी के क्षेत्रों पर नियंत्रण करना है। हवाई हमले और तोपों से गोले दागे जाने के कारण पत्रकारों के लिए पूर्वी क्षेत्र में काम करना बहुत खतरनाक हो गया है जिससे युद्ध की पूरी तस्वीर सामने लाने के प्रयास बाधित हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने पूर्वी क्षेत्र में भी प्रगति की है और छह शहरों या गांवों को फिर से अपने कब्जे में लिया है। शनिवार रात को दिए संबोधन में उन्होंने कहा, डोनबास में हालात बहुत मुश्किल हैं और रूसी सेना अब भी किसी न किसी तरह विजई होने की कोशिश में लगी है। कदम दर कदम, हम रूसी सैनिकों को यूक्रेन की सरजमीं छोड़ने पर मजबूर कर रहे हैं। रूसी सीमा के पास स्थित खारकीव में हफ्तों से भीषण बमबारी हो रही है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेगुबोव ने कहा कि पिछले दिन खारकीव में कोई बमबारी नहीं हुई। यूक्रेन ने खारकीव के दक्षिण में स्थित शहर लिजियम के समीप आक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया है। यूक्रेन की सेना के स्वतंत्र विश्लेषक ओलेह झदानोव ने बताया कि सेवेरोदोनेत्स्क शहर के पास सिवेरस्की दोनेत्स क्षेत्र में भीषण लड़ाई हुई लेकिन यूक्रेन, रूस की बढ़त रोकने में नाकाम रहा। हालांकि, रूसी सेना को यूक्रेन के हमले में काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं, जेलेंस्की ने यूक्रेन के अनाज को रूस द्वारा बंदरगाह पर रोके जाने के कारण वैश्विक खाद्य संकट की चेतावनी दी है। इस युद्ध ने अन्य देशों के बीच चिंता पैदा कर दी है कि अगला नंबर उनका हो सकता है और पिछले सप्ताह फिनलैंड के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नाटो की सदस्यता लेना चाहते हैं। स्वीडन में अधिकारियों के रविवार को इस पर फैसला लेने की संभावना है कि वे नाटो में शामिल होंगे या नहीं। पुतिन ने शनिवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली निनिस्तो को फोन कर कहा कि फिनलैंड की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है और नाटो में शामिल होना एक गलती होगी तथा इसका रूस-फिनलैंड संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने कहा कि नाटो में शामिल होने से फिनलैंड के लिए शांति और सुरक्षा की गारंटी में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमने रूस के साथ युद्ध किए हैं, और हम अपने लिए या अपने बच्चों के लिए ऐसा भविष्य नहीं चाहते हैं।



यूक्रेन में रूसी सेना के हमले से क्षतिग्रस्त हुई एक सरकारी इमारत

### रूसी सेना खारकीव के आसपास के इलाकों से पीछे हटी, पूर्वी क्षेत्र में भीषण लड़ाई

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने शनिवार को बताया कि रूसी सैनिक देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर हफ्तों तक बमबारी करने के बाद उसके आसपास के इलाकों से वापस जा रहे हैं। दूसरी ओर, कीव और मॉस्को के सैनिक देश के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र के लिए जंग लड़ रहे हैं। यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूसी सैनिक उत्तरपूर्वी शहर खारकीव से पीछे हट रहे हैं और अब अपना पूरा ध्यान आपूर्ति मार्ग की सुरक्षा पर केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी इलाके दोनेत्स्क में मोर्टार, तोपों के साथ-साथ हवाई हमले शुरू किए हैं ताकि यूक्रेनी सैनिकों को निशाना बनाया जा सके और उनकी मोर्चाबंदी को नष्ट किया जा सके। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेज्निकोव ने कहा, यूक्रेन दीर्घकालिक युद्ध के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी सीनेट (कांग्रेस के उच्च सदन) के प्रतिनिधिमंडल ने रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कोनेल के नेतृत्व में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की है। यह मुलाकात यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन व्यक्त करने के लिए की गई है। जेलेंस्की के टेलीग्राम अकाउंट पर साझा एक वीडियो में मैक्कोनेल, सुजैन कॉलिंस, जॉन ब्रासो और जॉन कॉर्निन राजधानी कीव में उनसे मुलाकात करते नजर आ रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में इस यात्रा को अमेरिकी कांग्रेस और अवाम की ओर से यूक्रेन के लिए द्विदलीय समर्थन का मजबूत संकेत बताया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी को हमले के बाद कीव पर कब्जा जमाने में नाकाम रहने के बाद अब अपना ध्यान पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर केंद्रित कर दिया है। यह एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां यूक्रेन 2014 से मॉस्को समर्थित अलगाववादियों से लड़ाई लड़ रहा है।

### अमेरिकी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल अचानक कीव पहुंचा, जेलेंस्की से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के नेता मिच मैक्कोनेल सहित अन्य सीनेटरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को एक अघोषित यात्रा के तहत कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के प्रति अमेरिका की एकजुटता व्यक्त की। मैक्कोनेल ने प्रतिनिधिमंडल के यूक्रेन से रवाना होने के बाद जारी एक बयान में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के समक्ष दोहराया कि अमेरिका पूरी तरह से यूक्रेन के साथ खड़ा है। यूक्रेन के इस युद्ध को जीतने तक अमेरिका का समर्थन बरकरार रहेगा। जेलेंस्की के टेलीग्राम अकाउंट पर साझा एक वीडियो में मैक्कोनेल, सुजैन कॉलिंस, जॉन ब्रासो और जॉन कॉर्निन राजधानी कीव में उनसे मुलाकात करते नजर आ रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में इस यात्रा को अमेरिकी कांग्रेस और अवाम की ओर से यूक्रेन के लिए द्विदलीय समर्थन का मजबूत संकेत बताया। बाद में रात को दिए वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने कहा, मेरा मानना है कि अमेरिकी सांसदों की इस यात्रा से अमेरिकी अवाम और यूक्रेन के बीच मजबूत संबंध प्रदर्शित होते हैं। हमने रक्षा और वित्त समेत अन्य क्षेत्रों में यूक्रेन के लिए मजबूत सहयोग के साथ ही रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को और कठोर बनाने पर चर्चा की। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब सीनेट यूक्रेन के लिए करीब 40 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी देने पर काम कर रही है। यह पिछले कई हफ्तों में यूक्रेन में अमेरिकी कांग्रेस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की दूसरी यात्रा है। इससे पहले, सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी डेमोक्रेट सांसदों के एक समूह के साथ एक मई को यूक्रेन पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने जेलेंस्की से वादा किया था अमेरिका युद्ध खत्म होने तक उसके साथ खड़ा रहेगा। वहीं, प्रथम महिला जिल बाइडन ने मातृ दिवस पर जेलेंस्की की पत्नी ओलेना जेलेंस्का से मुलाकात करने के लिए बीते सप्ताहांत पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा की थी।

### नाटो के विस्तार को लेकर शीर्ष अधिकारियों की बैठक

**बर्लिन।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन में रूस की सैन्य प्रगति लड़खड़ाती नजर आ रही है। साथ ही, उम्मीद जताई कि कीव युद्ध जीत सकता है। नाटो के शीर्ष राजनयिक रविवार को बर्लिन में बैठक कर रहे हैं। नाटो के अधिकारी यह बैठक यूक्रेन को और समर्थन प्रदान करने और रूस से खतरों के मद्देनजर पश्चिमी सैन्य गठबंधन में शामिल होने संबंधी फिनलैंड, स्वीडन और अन्य देशों के कदमों पर चर्चा करेंगे। नाटो उप महासचिव मिर्सिया जियोना ने संवाददाताओं से कहा, रूस का क्रूर आक्रमण गति खो रहा है। हम जानते हैं कि यूक्रेन के लोगों और सेना की बहादुरी से और हमारी मदद से यूक्रेन इस युद्ध को जीत सकता है। जियोना ने बैठक की अध्यक्षता की। दरअसल, नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग कोविड-19 संक्रमण से उबर रहे हैं। जियोना ने कहा कि यूक्रेन के समर्थक एकजुट हैं, हम मजबूत हैं, इस युद्ध को जीतने में यूक्रेन की मदद करना जारी रखेंगे। बर्लिन में जिस एक प्रमुख मुद्दे पर चर्चा हो रही है, वह नाटो का उसके मौजूदा 30 सदस्य देशों से आगे विस्तार करना है।

## क्विक न्यूज

### पाक में आत्मघाती हमले में छह लोगों की मौत

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में रविवार को एक आत्मघाती हमले में तीन बच्चों की मौत हो गई और पाकिस्तानी फौज के तीन सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि घटना यहां से 250 किलोमीटर दूर मीरान शाह शहर में हुई। बयान के अनुसार, हमले में मरने वाले बच्चों की उम्र चार से 11 साल के बीच है। बयान के अनुसार, हमले में तीन सैनिकों की भी मौत हो गई। आईएसपीआर ने कहा, खुफिया एजेंसियां आत्मघाती हमलावर और उसके आकाओं का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आत्मघाती हमले की निंदा की है और लोगों के मारे जाने पर दुख जताया है। उन्होंने एक बयान जारी कर बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी हमले की निंदा की है।

### यूक्रेनी बैंड ने यूरोविजन संगीत प्रतियोगिता जीती

**ट्यूरिन (इटली)।** यूक्रेन के कलुश ऑर्केस्ट्रा बैंड ने रविवार को प्रतिष्ठित यूरोविजन संगीत प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। इस जीत को युद्ध प्रभावित देश के प्रति लोगों के भारी समर्थन के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 2003 में यूरोविजन में यूक्रेन की दस्तक के बाद से उसकी तीसरी जीत का स्वागत किया। उन्होंने कहा, हम भीषण लड़ाई के गवाह मारियुपोल में अगले साल इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सर्वश्रेष्ठ देंगे। जेलेंस्की ने यूक्रेनी मारियुपोल शब्द को रेखांकित करते हुए कहा, मुक्त, शांतिपूर्ण, पुनर्निर्मित। उन्होंने टेलीग्राम ऐप पर जारी एक पोस्ट में कहा, मुझे यकीन है कि दुश्मन के साथ लड़ाई में जीत अब ज्यादा दूर नहीं है।

### इजराइल के प्रमुख शांति वार्ताकार उरी साविर का 69 साल की उम्र में निधन

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रमुख शांति वार्ताकार और फलस्तीन के लोगों के साथ समझौते की आवश्यकता में विश्वास रखने वाले उरी साविर का निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। खबरों में इसकी जानकारी दी गई है। खबरों में कहा गया कि उनका निधन शुक्रवार को हुआ। हालांकि, उनके निधन का कोई कारण नहीं बताया गया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय के निदेशक के रूप में साविर ने 1993 में फलस्तीनियों के साथ अंतरिम समझौतों पर बातचीत करने के लिए देश के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। इसे ओस्लो समझौते के रूप में जाना जाता है। इस समझौते के बाद फलस्तीनी प्राधिकरण बना और फलस्तीनी क्षेत्र में स्व-शासन वाले इलाके की स्थापना हुई। वह हमेशा स्वयं को क्षेत्र में अंतिम आशावादी के रूप में पेश करते थे और फलस्तीन के अपने पुराने समकक्षों के संपर्क में रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

अपील संख्या 694/2021

पवित्रा मोहन स्वेन ..........अपीलकर्ता/आवेदक

बनाम

आधार इन्फ्रा होल्डिंग लिमिटेड ..........प्रतिवादी

प्रति:
आधार इन्फ्रा होल्डिंग लिमिटेड बी-63,सेक्टर - 57, नोएडा, उत्तर प्रदेश
विषय- रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 44 के तहत अपील के संबंध में
आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अपील पर 28.04.2022 को सुनवाई के लिए विचार किया गया था इसलिए आपको अपील का विरोध/जवाब देने के लिए अधिनियम की धारा 56 के तहत व्यक्तिगत रूप से या कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है अन्यथा उक्त अपील पर आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई की जाएगी।
अब मामले की सुनवाई 23.05.2022 को तय की गई है।

SEAL

सही-
संयुक्त निबंधक
उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा अपीलीय अधिकरण,
इन्दिरा भवन, चतुर्थ तल, अशोक मार्ग, लखनऊ।


# भारत ने अप्रैल में रोजगार के 88 लाख नए अवसर जोड़े: रिपोर्ट

भाषा। कोलकाता

**महामारी** की शुरुआत के बाद से अप्रैल, 2022 में रोजगार बाजार में सबसे तेज विस्तार देखने को मिला है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में 88 लाख लोग देश के श्रमबल से जुड़े हैं। हालांकि, मांग की तुलना में उपलब्ध रोजगार पर्याप्त नहीं हैं। सीएमआईई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेश व्यास ने कहा कि अप्रैल में भारत का श्रमबल 88 लाख बढ़कर 43.72 करोड़ पर पहुंच गया। यह महामारी की शुरुआत के बाद का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। मार्च के अंत तक देश का श्रम बाजार 42.84 करोड़ था। आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में देश के श्रमबल में औसत मासिक वृद्धि दो लाख रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 88 लाख लोगों के श्रमबल से जुड़ने का आंकड़ा तभी हासिल हो सकता है जब कुछ कामकाज की उम्र के रोजगार से वंचित लोग फिर कुछ काम पाने में सफल हुए हों। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक महीने में कामकाज के उम्र के लोगों की औसत वृद्धि दो लाख से अधिक नहीं हो सकती। इसका मतलब है कि अप्रैल में रोजगार बाजार में वे लोग भी लौटे हैं जिनके पास अभी कोई काम नहीं था। अप्रैल में श्रमबल में 88 लाख की वृद्धि से पहले पिछले तीन माह में इसमें 1.2 करोड़ की गिरावट आई थी। व्यास ने कहा कि श्रम बाजार में मांग के हिसाब से बदलाव आता रहता है। अप्रैल में रोजगार में वृद्धि मुख्य रूप से उद्योग और सेवा क्षेत्रों में हुई। उद्योग क्षेत्र में जहां 55 लाख रोजगार के अवसर पैदा हुए, वहीं सेवा क्षेत्र में 67 लाख रोजगार जोड़े गए। इस दौरान कृषि क्षेत्र में रोजगार 52 लाख घट गया।

### 11.6 लाख लोगों को दिया रोजगार: अमेजन इंडिया

**नई दिल्ली।** ई-वॉणिज्य कंपनी अमेजन इंडिया ने रविवार को कहा कि उसने अबतक देश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 11.6 लाख लोगों को रोजगार देने के साथ निर्यात में करीब पांच अरब डॉलर का योगदान दिया है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि उसने इसके अलावा उसने देश में 40 लाख सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को डिजिटल बनाया है। ई-वॉणिज्य क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने जनवरी 2020 में, अपने वार्षिक कार्यक्रम आमजन संभव के पहले संस्करण में एक करोड़ एमएसएमई को डिजिटल करने का संकल्प लिया था। कंपनी ने एक बयान में कहा, अमेजन इंडिया ने कुल मिलाकर अबतक 11.6 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है। निर्यात में करीब पांच अरब डॉलर का योगदान दिया है।

### लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स भारत में अपने एनबीएफसी कारोबार का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने मौजूदा संसाधनों के जरिए भारत में अपने गैर-बैंकिंग वित्तीय (एनबीएफसी) कारोबार का विस्तार करने और चालू वित्त वर्ष में 100 करोड़ रुपए का ऋण वितरण (लोन बुक) बनाने का लक्ष्य रखा है। लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स मुख्य रूप से वित्तीय सेवाओं में कारोबार करती है और कंपनी ने भारतीय उप-महाद्वीप, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और एशिया प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्रों में निवेश किया है। कंपनी के पास भारत में लुलु फाइनेंशियल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और लुलु फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड इंडिया का स्वामित्व है। लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स के प्रबंध निदेशक अदीब अहमद ने कहा कि एनबीएफसी ने पिछले साल परिचालन शुरू किया और यह दक्षिण से अपने कारोबार का विस्तार करने की प्रक्रिया में है।

# ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर निर्णय लेने में पीछे नहीं रहा है रिजर्व बैंक: आशिमा गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर निर्णय लेने में किसी से पीछे नहीं रहा है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने रविवार को यह बात कही। गोयल ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए ब्याज दरों बढ़ाने का फैसला लेने में केंद्रीय बैंक पीछे नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बाद जब आर्थिक पुनरुद्धार अस्थिर था, तो झटकों से निपटने के लिए कुछ अधिक तेज प्रतिक्रिया कतई बुद्धिमानी नहीं होती। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री गोयल ने इस बात को स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न खाद्य और कच्चे तेल की मुद्रास्फीति की दृष्टि से भारत कमजोर या संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि का आर्थिक पुनरुद्धार के साथ तालमेल बैठाने की जरूरत है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने गत दिनों बिना तय कार्यक्रम के रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि कर सभी को हैरान कर दिया था। अगस्त, 2018 के बाद केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों में बढ़ोतरी की है। गोयल का यह बयान रिजर्व बैंक के इस कदम के कुछ दिन बाद आया है। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक ने पिछले साल तरलता को पुनर्संतुलित करना शुरू कर दिया था, जबकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने अभी अपने बही-खाते को कम करना शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध की वजह से मुद्रास्फीति हाल में रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर यानी छह प्रतिशत को पार कर गई है। उन्होंने कहा कि भारत में मांग और मजदूरी अभी नरम है। गोयल ने कहा कि अमेरिका में बड़े सरकारी खर्च के कारण प्रोत्साहन कुछ अधिक है। श्रम बाजार की स्थिति सख्त है। फेडरल रिजर्व भी पीछे नहीं था, रिजर्व बैंक भी ब्याज दर पर निर्णय लेने में पीछे नहीं छूटा है। उन्होंने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति का रुख अमेरिका से भिन्न है। गोयल से यह पूछा गया था कि मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में वृद्धि पहले क्यों नहीं की और क्या इस मामले में रिजर्व बैंक अमेरिकी केंद्रीय बैंक से कुछ पीछे रहा है। इस महीने की शुरुआत में फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दरों में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। खुदरा मुद्रास्फीति इस साल अप्रैल में आठ साल के उच्चस्तर 7.79 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि रिजर्व बैंक अपने मौद्रिक रुख को और कड़ा कर सकता है। अप्रैल में लगातार सातवें महीने मुद्रास्फीति चढ़ी है।

### महंगाई की चुनौती से निपटने को पैकेट के वजन घटा रही हैं एफएमसीजी कंपनियां

**नई दिल्ली।** रोजर्मा के इस्तेमाल का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियां (एफएमसीजी) जिंस कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति की चुनौती से निपटने के लिए अपने उत्पादों के पैकेट का वजन घटा रही हैं। इसके अलावा कंपनियों ने ब्रिज पैक भी उतारे हैं। ब्रिज पैक किसी उत्पाद श्रृंखला में अधिकतम और सबसे कम मूल्य के बीच की श्रेणी होता है। वजन घटाने की वजह से इन कंपनियों को पैकेटबंद उत्पादों के दाम नहीं बढ़ाने पड़े हैं। इस तरह का कदम कंपनियां मुख्य रूप से कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं को लक्ष्य कर उठा रही हैं। इसके अलावा इन कंपनियों ने किसी उत्पाद के बड़े पैकेट के दाम में बढ़ोतरी की है। हालांकि, यह वृद्धि भी 10 प्रतिशत से कम की है। इंडोनेशिया से पाम तेल के निर्यात पर रोक और रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट की वजह से निर्माण लागत बहुत तेजी से बढ़ी है। इन्हीं से निपटने के लिए एफएमसीजी विनिर्माता सस्ती पैकेजिंग, रिसाइकल किए उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं और विज्ञापन तथा विपणन पर खर्च में कटौती कर रहे हैं।

# वैश्विक रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

भाषा। नई दिल्ली

**अप्रैल** के थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े, वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा बाजार भागीदारों की निगाह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर भी रहेगी, जो पिछले कुछ दिनों से घरेलू बाजारों में बिकवाल बने हुए हैं। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा अपने मौद्रिक रुख को सख्त करना दुनियाभर के बाजारों के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय बाजार में मंदड़िए हावी हैं, लेकिन उन्होंने कुछ अधिक बिकवाली की है जिससे उनके रुख में बदलाव आ सकता है। मीणा ने कहा, अमेरिकी बाजार में बिकवाली चल रही है। विशेष रूप से निवेशक प्रौद्योगिकी शेयर बेच रहे हैं। हालांकि, पिछले दो कारोबारी सत्रों में कुछ स्थिरता देखने को मिली है। ऐसे में आगे कुछ राहत की उम्मीद की जा सकती है। इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर बड़े घटनाक्रमों के अभाव में बाजार की दिशा वैश्विक रुझानों से तय होगी। हालांकि, कंपनियों के चौथी तिमाही के परिणामों के मद्देनजर कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। उनका मानना है कि घरेलू मोर्चे पर जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 17 मई को सूचीबद्ध होना है और यह प्रमुख उत्प्रेरक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एफआईआई बिकवाली कर रहे हैं, ऐसे में घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) इसकी भरपाई करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में उनके रुख पर भी सभी की निगाह रहेगी।

### एचसीएल टेक नियरशोर गंतव्यों पर कर्मचारियों की संख्या दोगुना करेगी

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक ने अगले तीन से पांच वर्षों के दौरान नियरशोर गंतव्यों पर अपने कर्मचारियों की संख्या को दोगुना करने की योजना बनाई है। कोई कंपनी जब अपने देश के बजाय समान समय वाले किसी पड़ोसी देश को आउटसोर्सिंग करती है, उसे नियरशोर कहा जाता है। एचसीएल टेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सी विजयकुमार ने बताया कि रूस और यूक्रेन के बीच सैन्य संघर्ष से यूरोप में कंपनी की सेवाओं की मांग पर कोई असर नहीं पड़ा है। एचसीएल टेक के वैश्विक स्तर पर अपने सभी कार्यालयों में लगभग 10,000 कर्मचारी हैं।

### क्रिप्टो करेंसी से अर्थव्यवस्था के एक हिस्से के डॉलरीकरण का खतरा: आरबीआई अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शीर्ष अधिकारियों ने एक संसदीय समिति से कहा है कि क्रिप्टो करेंसी से अर्थव्यवस्था के एक हिस्से का डॉलरीकरण हो सकता है जो भारत के संप्रभु हितों के खिलाफ होगा। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पूर्व वित्त राज्यमंत्री जयंत सिन्हा की अगुवाई वाली वित्त पर संसद की स्थायी समिति के समक्ष रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास समेत शीर्ष अधिकारियों ने अपनी बात रखी। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी को लेकर अपनी आशंकाओं से उन्हें अवगत करवाया और कहा कि इससे वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को लेकर चुनौतियां खड़ी होंगी। समिति के एक सदस्य के मुताबिक, रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने कहा, यह मौद्रिक नीति तय करने और देश की मौद्रिक प्रणाली का नियमन करने की केंद्रीय बैंक की क्षमता को गंभीर रूप से कमतर करेगी।

# सरकारी बैंकों का धोखाधड़ी में फंसा धन 51 प्रतिशत घटकर 40,295 करोड़ रुपए पर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि मार्च, 2022 में समाप्त हुए वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का धोखाधड़ी में फंसा धन 51 प्रतिशत घटकर 40,295.25 करोड़ रुपए रह गया है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दी गई जानकारी में आरबीआई ने कहा कि 2020-21 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों का 81,921.54 करोड़ रुपया धोखाधड़ी में फंसा था। मध्य प्रदेश के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ के आरटीआई आवेदन के जवाब में केंद्रीय बैंक ने कहा कि इन बैंकों में 2021-22 में धोखाधड़ी के 7,940 मामले सामने आए, 2020-21 में यह संख्या 9,933 थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 के दौरान इन बैंकों में सामने आए धोखाधड़ी के मामलों में सर्वाधिक 9,528.95 करोड़ रुपए पंजाब नेशनल बैंक के फंसे हैं। बैंक में इस तरह के 431 मामले सामने आए हैं। भारतीय स्टेट बैंक में धोखाधड़ी के 4,192 मामले आए, जिनमें बैंक के 6,932.37 करोड़ रुपए फंसे हैं। इसका मतलब है कि बैंक में धोखाधड़ी के ऐसे मामले ज्यादा हैं जिनमें रकम छोटी रकम का किया गया है। बैंक ऑफ इंडिया के धोखाधड़ी के मामलों में 5,923.99 करोड़ रुपए फंसे हैं (209 मामले), बैंक ऑफ बड़ौदा के 3,989.36 करोड़ रुपए (280 मामले) व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 3,939 करोड़ रुपए (627 मामले) जबकि केनरा बैंक के 3,230.18 करोड़ रुपए महज 90 मामलों में फंसे हैं। इसके अलावा, इंडियन बैंक के 211 मामलों में 2,038.28 करोड़ रुपए, इंडियन ओवरसीज बैंक के 312 मामलों में 1,733.80 करोड़ रुपए, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 72 मामलों में 1,139.36 करोड़ रुपए, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के धोखाधड़ी के मामलों में 773.37 करोड़ रुपए, यूको बैंक के 114 मामलों में 611.54 करोड़ रुपए और पंजाब एंड सिंध बैंक के धोखाधड़ी के 159 मामलों में 455.04 करोड़ रुपए फंसे हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि प्लाट संख्या-एसएच-193, सैक्टर-145, नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) जिसके मालिक/स्वामी श्री गोपीराम, श्री रनवीर सिंह, श्री शिव कुमार, श्री महावीर सिंह पुत्रगण स्व. श्री धनीराम व श्रीमती महेन्द्री देवी पत्नी स्व. श्री रघुवीर सिंह निवासीगण ग्राम सुल्तानपुर, तहसील महरौली, नई दिल्ली-110030 है तथा जिन्होंने संयुक्त मुख्तारनामा दिनांक 06 अप्रैल 2022 (जनरल पॉवर ऑफ अटार्नी) के आधार पर उक्त प्लॉट निम्नलिखित व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया था।
1. श्रीमती मोहिनी चाहर पत्नी श्री अजीत चाहर निवासी ए-95, सैक्टर-49, नौएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, उ.प्र. के पक्ष में निष्पादित है तथा कोई विक्रय संविदा (एग्रीमेंट टू सेल) निष्पादित नहीं किया गया है।
अतः उक्त प्लॉट संख्या एसएच-193, सैक्टर-145, नौएडा, गौतमबुद्धनगर, यू.पी. को श्रीमती चंचल अरोरा पत्नी श्री पवन कुमार अरोरा एवं राज कुमार अरोरा पुत्र स्व. श्याम लाल अरोरा दोनों निवासी बी-48, सैक्टर-55, नौएडा, यू.पी. के पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर दाखिल कर दें।

श्रीमती चंचल अरोरा
पत्नी श्री पवन कुमार अरोरा
एवं राज कुमार अरोरा
पुत्र स्व. श्याम लाल अरोरा

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 16 मई, 2022



# तालाबों को बचाने की मुहिम साबित हो रही कागजी

संवाददाता। फतेहपुर

**दिन-ब-दिन** तालाब पर कब्जा करने की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। दबंगों व भू माफिया द्वारा पक्के मकान बना लिए गए हैं। तालाबों पर पक्के मकान बनाने वालों की शिकायतें जागरूक लोगों ने किया लेकिन प्रशासन की उदासीनता उन पर भारी पड़ी। तालाब की जमीन पर पक्के मकान बने हैं। प्रशासन की उदासीनता ने जल स्रोतों को दफ्न कर दिया। तालाब, पोखरे व कुओं पर अतिक्रमण ने जल संकट पैदा कर दिया है। तालाब की जमीन पर बने मकान जिम्मेंदार अधिकारियों की उदासीनता की गवाही दे रहे हैं। शिकायत के बावजूद यहां उन तालाबों का जिक्र किया जा रहा है जहां पक्के मकान बने हैं। तालाबों के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रशासन की तरफ से योजनाएं तो

## ● प्रशासन की उदासीनता ने जल स्रोतों को कर दिया दफन

बनती हैं लेकिन मूर्त रूप नहीं ले पाती है। कागजों से शुरू होकर कागजों में सिमट जाती है। तालाब ग्रामीण क्षेत्र का प्रमुख स्त्रोत होने के साथ पशुधन भी उसी स्थान से पानी पीकर अपनी प्यास बुझाता है। एक तरफ प्रशासन तालाब के सुंदरीकरण के लिए योजना पर कार्य कर रहा है, दूसरी तरफ नगर में अब भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। शहर में तालाबों पर कब्जे की होड़ है। कहीं भू-माफिया हावी हैं तो कहीं घर-दुकान के सामने जमीन कब्जाने वाले। हालात यह है कि नगर पालिका परिषद के 84 तालाबों में अधिकांश का अस्तित्व खत्म हो चुका है। इक्का दुक्का बचे तालाब भी अतिक्रमण की गिरफ्त में समाते जा रहे हैं। फतेहपुर नगर पालिका परिषद का 1962 में गठन हुआ था। शहर के आसपास के 49 गांव नगर पालिका क्षेत्र में शामिल किए गए थे। नगर पालिका गठन के समय क्षेत्र में 84 तालाब आए थे, जिनका क्षेत्रफल 8872 बीघे था। इनमें आधा सैकड़ा तालाब आबादी के मध्य स्थित थे। वर्तमान समय में गंगानगर, खलीलनगर, आबूनगर, गढ़ीवा, हरिहरगंज, झाऊपुर, नाथपुरी कालोनी के तालाबों का या तो अस्तित्व खत्म हो चुका है या फिर खत्म होने वाला है। नगर पालिका के अभिलेखों में ज्यादातर तालाबों का भूमिधरी दर्ज कर यह खेल किया गया है। इतना ही नहीं विस्तार के समय 11 सौ बीघे सरकारी जमीन दर्ज थी, लेकिन मौके पर इन जमीनों पर इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। डेढ दशक पहले तक बक्सपुर में उप विद्युत केंद्र राधानगर के पीछे और सामने सड़क के पार करीब 32 बीघे जमीन थी, जिसमें वर्तमान समय में या तो लोग खेती कर रहे हैं या फिर पक्के भवन बन चुके हैं। नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण तालाब पर माफियाओं ने कब्जा किया है। जल संरक्षण, तालाबों के बचाने अखंड बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्षरत बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय द्वारा पत्र लिखकर पीएम मोदी और सीएम योगी से तालाबों के संरक्षण की मांग की है। उन्होंने कहा कि तालाबों को बचाने की मुहिम केवल एसी में बैठकर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारी हैं। नगर में तालाब को मिटाने में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास से प्रयास जारी है।

## दो सप्ताह पूर्व गायब पुत्रवधू का पता नहीं

**जालौन ( उरई )।** घर सास के साथ सो रही रात में अचानक पुत्रवधू गायब हो गयी है। 2 सप्ताह से गायब पत्नी का पता न चलने पर पीड़ित पति ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है।कोतवाली क्षेत्र खनुवां निवासी राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि उनका विवाह पिछले माह 4 अप्रैल 22 रेखा पुत्री बाबूलाल निवासी विजावर थाना छतरपुर मध्य प्रदेश के साथ हुआ था। विवाह के लगभग माह 2 मई को उन्हें तिलक समारोह में सम्मिलित होने के लिए लोहागढ झांसी गया था। घर में मां व पत्नी थी। मां राजकुमारी ने सुबह लगभग 4 बजे फोन किया कि बहु उनके साथ लेटी थी। वह घर में नहीं हैं तथा घर के बाहर की कुड़ी लगी हुई है। घर से जेवर लेकर गायब पत्नी की जानकारी के लिए उन्होंने ससुरालवालों तथा शादी में मध्यस्थता करने वालों से भी पूछताछ की किन्तु उसका कोई पता नहीं चल रहा। शादी के माह बाद पत्नी के गायब होने पति पत्नी की तलाश करने के लिए भटक रहा है। पीड़ित पति ने पुलिस को प्रत्यावेदन देकर पत्नी की तलाश कराने की मांग की है।

# ससुर खदेरी नदी पार्ट-1 को पुनर्जीवित करने के लिए शुरू हुआ जनांदोलन



**फतेहपुर।** ससुर खदेरी नदी पार्ट-1 को पुनर्जीवित करने हेतु श्रमदान का प्रारम्भ जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा 4 मई को किया गया था। आज इस कार्य ने जनांदोलन का रूप ले लिया है। जिले के सभी 24 ग्राम पंचायत जिनमे से नदी जाती है। उन सभी ग्रामपंचायतों में जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों तथा संस्थानों द्वारा श्रमदान किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 150 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा भिटौरा ब्लॉक के चौहट्टा ग्राम पंचायत में श्रमदान किया गया।

श्रमदान की इसी कड़ी में ससुरखदेरी नदी भाग एक के पुनर्जीवित करने हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपना योगदान देने हेतु डॉ0 सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान व यूथ आइकॉन डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अनुराग के साथ आचार्य रामनारायण, अभिनव श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव व जीतू जोशी ने 10 मीटर के क्षेत्र में खुदाई कर श्रमदान किया ततपश्चात डॉ0 अनुराग द्वारा मनरेगा के तहत कार्य कर रहे सभी मजदूरों को खाद्य सामग्री (लाई, चना, बिस्कुट, बूंदी इत्यादि) व हांथ धुलने हेतु साबुन एवं इस कड़क धूप में कार्य करने के कारण बीमार न हो इसलिये रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने और लू के प्रकोप को कम करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि वितरित कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल, ग्राम प्रधान रामचंद्र व नरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में भी सरकारी महकमे ने सार्वजनिक प्याऊ नहीं लगाये

**जालौन (उरई)।** भीषण गर्मी के बाद भी नगर में सरकारी अथवा समाजसेवी संस्था द्वारा सार्वजनिक प्याऊ शुरू नहीं किए गए हैं। जिसके चलते गर्मी के मौसम में लोग प्यास के चलते इधर, उधर, भटकते नजर आते हैं। गर्मी के मौसम लोगों को सबसे अधिक प्यास सताती है। इस मौसम में लू से बचने के लिए एवं गले को तर करने के लिए शीतल जल की आवश्यकता होती है। नगर के मुख्य बाजार सब्जी मण्डी, देवनगर चौराहा, दीन दयाल उपाध्याय चौराहा समेत तमाम सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण यहां से निकलने वाले राहगीरों को खासी परेशानी होती है। दूर दराज से आने वाले लोगो को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नगर पालिका प्रशासन अथवा सरकारी रुपये लेकर समाजसेवा करने वाली किसी भी समाजसेवी संस्था ने अभी तक नगर में सार्वजनिक प्याऊ खोलने की व्यवस्था नहीं की है। गर्मी मे मौसम में बाजार एवं प्रमुख चौराहे पर शुद्ध पेयजल न मिलने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। समाजसेवी विपुल दीक्षित, अनुराग बहरे, अफजाल अहमद, प्रतीक कांत चंसौलिया, अक्षत चंसौलिया, पुष्पेंद्र यादव, इब्राहीम सिद्दीकी, जाफर सिद्दीकी, अकरम सिद्दीकी आदि ने प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलवाए जाने के लिए नगर में शीतल जल के सार्वजनिक प्याऊ खुलवाए जाएं।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**जालौन (उरई)।** अतिरिक्त दहेज के रूप में 70 हजार रुपये नगद और डेढ़ तोला सोने की जंजीर की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाला। पीड़िता के पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी हरीशंकर पांचाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी वर्षा की शादी पिछले वर्ष अप्रैल माह में आटा थाना क्षेत्र में की थी। शादी में उन्होंने पर्याप्त मात्रा में दान दहेज व उपहार दिए थे। लेकिन शादी में दिए गए दान दहेज से पुत्री की ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं हुए। पति सुनील कुमार समेत ससुर रामनारायण, सास अर्चना, जेठ सतीश कुमार, जेठानी लक्ष्मी ने अतिरिक्त दहेज के रूप में 70 हजार रुपये नगद और डेढ़ तोला की सोने की चौन की मांग शुरू कर दी। शादी में ही उन्होंने काफी खर्च किया था। ऐसे में उनकी मांग को पूरा करना संभव न था। जिसके चलते ससुरालियों ने पुत्री के साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दी।समाज के लोगों के समझाने के बाद भी वह नहीं माने। हाल ही में ससुरालियों ने उनकी पुत्री के साथ मारपीट की और दहेज न लाने पर उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया। साथ ही बिना दहेज लिए घर आने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर उचित कार्रवाई करेगी।

## 125 अपात्रों ने अपने राशन कार्ड निरस्त कराने की जताई इच्छा

0 20 मई के बाद घर-घर जाकर होगा सत्यापन, की जाएगी रिकवरी

कालपी(जालौन)। जिला प्रशासन के अभियान के तहत कालपी तहसील क्षेत्र के पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय योजना के 125 अपात्रों के द्वारा अपने-अपने राशन कार्डों को निरस्त करने की इच्छा जताई है। 20 मई के बाद अधिकारियों की टीम के द्वारा घर पर में सत्यापन किया जायेगा। जांच में जो भी अपात्र राशन कार्ड धारक पाये जायेंगे। उनके राशन कार्ड को निरस्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड जो लोग लिए हुए हैं। अगर वह पात्रता की श्रेणी में नहीं आते हैं। तो ऐसे लोग अपना राशन कार्ड खुद ही निरस्त करा लें वरना विभाग के द्वारा अपात्र अंत्योदय राशन कार्ड को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी तथा अपात्र लोगों से लिए गए गेहूं चावल की रकम को वसूल किया जायेगा। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि प्राथमिकता से दिव्यांग, एकल महिला, दिव्यांग दंपत्ति को अंतोदय राशन कार्ड जारी करते हुए शत प्रतिशत आयुष्मान योजना में शामिल कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यदि कार्डधारक उक्त योजना का पात्र नहीं है तो वह अपना कार्ड खुद निरस्त करा ले। जांच के दौरान अगर कार्ड धारक अपात्र पाया जाता है तो उसका राशनकार्ड निरस्त करते हुये शासनादेश में प्रावधानित व्यवस्था के तहत खाद्यान्न का आंकलन करके नियमानुसार वसूली की जायेगी। 20 मई के बाद सेकेट्री, लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारियों की टीम घर-घर जाकर कार्डधारकों का सत्यापन करने में जुटेगी।

## पुजारी के साथ शराब पीकर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर बैठे मंदिर के पुजारी के साथ ग्रामीण ने शराब पीकर गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी रामबहादुर पुत्र जयराम ने बताया कि वह कामांक्षा देवी मंदिर का पुजारी है। शन की रात वह घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव के रमाकांत उर्फकल्लू शराब के नशे में आ गये तथा गाली गलौज करने लगे। जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने रविवार को पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला को फोन पर धमकी देने के मामले में पीड़िता ने दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** एक युवक महिला को फोन करके परेशान कर रहा है। आये दिन फोन करने व धमकी देने से परेशान महिला ने युवक की शिकायत पुलिस की है। कोतवाली क्षेत्र चौधरयाना निवासी पूनम तिवारी पत्नी पवन कुमार ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर युवक कुछ दिनों से फोन करके परेशान कर रहा था। जब उसकी जानकारी की तो पता चला कि परेशान करने वाले युवक का नाम शिवेन्द्र उर्फदिवाकर निवासी आलमपुर है। महिला ने पुलिस को प्रत्यावेदन देकर आरोपित के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

## नदीगांव थाने में पुलिस कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान



**कोंच(जालौन)।** कोतवाली व थानों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किये जाने को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कोंच सर्किल के थाना नदीगांव में थाना प्रभारी गौरव सिंह की देखरेख में थाना स्टाफके सभी सदस्यों ने रविवार की सुबह समूचे थाना परिसर की व्यापक साफसफाई की। कार्यालय में पुरानी रखी फाइलें भी व्यवस्थित ढंग से रखी गयीं। थाना प्रभारी ने कहा कि जिस प्रकार से हम लोग अपने घरों में साफसफाई रखते हैं ठीक उसी प्रकार से अपने कार्य क्षेत्र स्थल पर भी साफसफाई रखनी चाहिए। उन्होंने आम लोगों से भी गंदगी न फैलाने और साफसफाई रखने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान दरोगा जीतेन्द्र चंदेल, जाकिर अली, आलोक पाल, अनुज पवार, विनीत कुमार मुंशी, विकास यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जिले में 840 अमृत महोत्सव उद्यान की होगी स्थापना

**फतेहपुर।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से पर्यावरण से संबंधित टेंपलेट्स के ठोस अपशिष्ट प्लास्टिक अपशिष्ट कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट प्रबंधन जैव चिकित्सा अपशिष्ट एवं ई वेस्ट प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही साथ वर्षा काल 2022-23 में किए जाने वाले वृक्षारोपण के विस्तृत रणनीति अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढा खुदान) की सूचना पीएमएस की साइट पर अपलोड करने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में 840 अमृत महोत्सव उद्यान की स्थापना किया जाना है। जिसकी विस्तृत गाइडलाइन शासन से प्राप्त हो गई है। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में 75-75 पौधों का रोपण कम से कम 0.35 हेक्टेयर एवं अधिकतम 0.75 हेक्टेयर भूमि पर किया जाना है।

# चोरों ने चिट्ठी लिख लौटाई मूर्तियां

संवाददाता। चित्रकूट



**बालाजी मन्दिर** से लाखों की मूर्ति चोरी करने वाले चोरों ने शनिवार की रात एक पत्र लिखकर मूर्तियों को महंत के घर के सामने रख दिया। पत्र में लिखा कि मूर्ति चोरी करने के बाद उन्हें डरावने सपने आ रहे हैं। नींद नहीं आ रही है। मूर्तियां मन्दिर में दुबारा स्थापित करा दें। अष्टधातु की कीमती मूर्तियां अब भी नहीं मिलीं।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र के कच्ची छावनी में बने सैकडों साल पुराने बालाजी मन्दिर से नौ मई को अष्टधातु, पीतल व तांबे की 16 मूर्तियां चोरी हो गई थीं। मन्दिर के महंत रामबालक दास ने बताया कि मन्दिर का ताला तोड़कर चोरों ने अष्टधातु से बनी पांच किलो की श्रीराम की मूर्ति, पीतल की राधा-कृष्ण, बालाजी और लड्डू गोपाल की मूर्ति समेत नकदी और चांदी का सामान चुरा ले गये थे। पुजारी की पत्नी मन्दिर की सफाई को पहुंची तो ताला टूटा देखकर मन्दिर में रखी मूर्तियां गायब थीं।

कोतवाली में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। महंत रामबालक दास ने बताया कि सवेरे जब गौवंशों को चारा-पानी देने निकले तो उन्हें एक चिट्ठी पडी मिली। जिसमें मूर्तियों के जिक्र के साथ लिखा था कि मूर्ति चोरी करने के बाद नींद नहीं आ रही है। डरावने सपने आ रहे हैं। मूर्तियों को वापस कर रहे हैं। चिट्ठी पढने के बाद महंत ने मूर्तियों की खोज की तो मूर्तियां घर के बाहर टोकरी के नीचे रखी बोरी के अन्दर मिली। पीतल व तांबे की 12 मूर्तियां बरामद हुईं, लेकिन अष्टधातु की दो मूर्तियां नहीं मिलीं। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को देकर पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मूर्तियां पुलिस को सौंप दी।

## रात के अंधेरे में चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना, दान पेटी ले उड़े




**कोंच( जालौन )।** बीती 7-8 मई की रात नगर के मुहल्ला नया पटेल नगर में एक सेवानिवृत्त लेखपाल के घर लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी किये जाने की घटना का खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर सकी है, और चोरों ने बीती रात एक मंदिर पर धावा बोलकर दान पेटी पार कर पुलिस को एक बार फिर चुनौती दे दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलिया बाई पास पर स्थित अरुण गैस एजेंसी के समीप वर्षों पुराना राजराजेश्वरी (नारायणपुरी) मंदिर है। शनिवार की देर शाम पुजारी रामखिलौने मंदिर में आरती कर मंदिर के कपाट लगाकर घर चला गया। वहीं रात के समय अज्ञात चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर वहां रखी दान पेटी पार कर दी। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो देखा कि दान पेटी मौके से गायब थी। आसपास खोजबीन करने पर दान पेटी समीप में ही स्थित एक खेत में पड़ी हुई मिली जिसमें लगा ताला टूटा हुआ था। पुजारी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक छानबीन की और शीघ्र ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया।पुजारी के अनुसार दान पेटी में मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों द्वारा चढ़ौती के करीब 4 से 5 हजार रुपये थे।

# नगर पालिका के सहयोग से समाजसेवियों ने की कामदगिरि परिक्रमा की सफाई

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देश पर कामदगिरि में स्वच्छता अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने नगर पालिका के सहयोग से परिक्रमा मार्ग स्थित भरतमिलाप मन्दिर के सामने लक्ष्मण पहडिया के नीचे तालाब की सफाई की।



रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति ने तालाब की सफाई पूरी करने के बाद भरतमिलाप मन्दिर के पीछे कामदगिरि पर्वत में साफ-सफाई कर डंडा सरकार हनुमान मन्दिर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में व्यापार मंडल ने भी सहयोग किया। नगर पालिका की टीम और समाजसेवियों ने कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने डस्टबीन रखें। कूडाकरकट उसी में डालें। परिक्रमा मार्ग में गन्दगी न फैलायें। स्वच्छता के लिए जनभागीदारी बहुत आवश्यक है।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल का मानना है कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा, जब जनभागीदारी होगी। सरकारी व्यवस्था के बलबूते साफ-सफाई रखना बहुत मुश्किल है। स्वच्छ भारत मिशन की परिकल्पना तभी पूरी होगी, जब लोगों की इसमें हिस्सेदारी होगी। राकेश केशरवानी ने कहा कि कामदगिरि भगवान श्रीराम का घर है। इस पवित्र घर की सफाई रखना सभी लोगों का धर्म है। सफाई अभियान में महामंत्री शंकर यादव, राजेन्द्र त्रिपाठी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, विनोद आर्य, महेन्द्र जायसवाल, महेश जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामसुहावन पटेल, दददा,अजय रिछारिया, दिलीप केशरवानी, कमलेश कुमार, राजेश सोनी आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ पानी में पनपता है डेंगू का मच्छर करें बचावः सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी

संवाददाता। चित्रकूट

**जनपद में** 16 मई को डेंगू दिवस मनाया जाएगा। डेंगू इज प्रिवेंटेबल लेट्स ज्वाइन हैंडस थीम के रूप में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा।अपर निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी (वेक्टर बोर्न डिजीज) ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस को डेंगू इज प्रिवेंटेबल लेट्स ज्वाइन हैंडस की थीम के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में हर रविवार मच्छर पर वार- लार्वा पर प्रहार कार्यक्रम के उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा नगर निकाय पंचायती राज विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पशु चिकित्सा अधिकारी जिला कृषि अधिकारी शासी अभियंता सिंचाई विभाग जिला उद्यान अधिकारी आदि सहयोगी विभागों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होने डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करने की जनपद वासियों से अपील की है।नोडल अफसर व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संतोष कुमार ने बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया रोगियों के लिए संयुक्त जिला अस्पताल में कम से कम 10 बेड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 5-5 बेड आरक्षित रखे गए हैं। इसके साथ जिला अस्पताल में डेंगू एलाइजा जांच केंद्र और एस एस एच लैब क्रियाशील है।नोडल अफसर व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डेंगू का मच्छर हमेशा साफ पानी में पनपता। हर हफ्ते घर के सभी बर्तन का पानी बदलते रहे ताकि यह मच्छर पनप ही न पाए।

## डेंगू से ऐसे करें बचाव

जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि सभी लोग कूलर का पानी हर हफ्ते जरूर बदल दें।कहीं भी किसी भी पात्र में पानी एकत्र न होने दें। मतलब यदि किसी गमले, टंकी य अन्य किसी बर्तन में पानी रखा हुआ है तो उसे एक सप्ताह में अवश्य गिरा दें।फुल आस्तीन के कपड़े पहने ताकि मच्छर काट न सकें।रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें ।फ्रिज की ट्रे एक हफ्ते में अवश्य साफ करें।अपने आसपास साफसफाई रखें।

# एकदिवसीय ताइक्कांडों प्रतियोगिता ने दिखायी प्रतिभा



**फतेहपुर।** ताइक्कांडो एसो0 ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, सचिव राजकुमार के तत्वाधान में मदर सुहाग इण्टर कालेज में एक दिवसीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता आहूत की गई। प्रतियोगिता में 91 छात्र/छात्राओ ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि मोहित सिंह चन्देल ने कहा कि ताइक्कांडो खेल आत्मशक्ति प्रदान करता है। वहीं विशेष अतिथि स्मिता सिंह चौहान ने कहा कि बेटी को बचाना है, बेटी को पढ़ाना है। बेटी को ताकतवर बनाना है। सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु गगन भेदी ध्वनि से ताली बजाकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया। जिसमे निर्णायक मंडल द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली अंशिका देवी, माही श्रीवास्तव, सारा फातिमा, माही त्रिपाठी, रिया यादव, सांची श्रीवास्तव, अभिषेक, गरिमा पाण्डेय, अक्षत प्रताप सिंह, समर प्रताप सिंह, अब्दुल कादिल, आदर्श वर्मा, उत्कर्ष दीक्षित, सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले आदित्य अग्रहरि मो0 रजा सहित अनेक छात्र/छात्राओं ने सिल्वर व कांस्य पदक प्राप्त किये। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीके श्रीवास्तव, निर्णायक मण्डल की भूमिका में भारत वर्मा, शशांक आनन्द, प्रियंका यादव, श्रेया वर्मा, अनुष्का अग्रहरि, सृष्टि सिंह, शिव कुमार, अनुराग कुमार, कोपल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी टिकैत के बताये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में चौधरी बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेट करते हुए किसानों ने किसान चौराहा लबेद में चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा में माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ ब्रजेश सिंह, फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र सिंह, एलटी अजय सिंह, धीरेंद्र सिंह, सन्दीप कुमार, दीपक सिंह, लक्ष्मी सागर ने किसानों के ब्लड की जांच करते हुए भाकियू जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, हनुमान पाल, रावेन्द्र सिंह, लालेन्द्र कुमार ने ब्लड दान किया। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही व डॉ ब्रजेश सिंह ने सभी को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया।



सभी किसानो ने चौधरी बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने किसानों की समस्याओं पर एकजुटता के महत्व का मूल मंत्र दिया। तहसील अध्यक्ष तीरथ प्रसाद सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, नरेश तिवारी, रामबालक, विजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत भारी तादाद में किसान मौजूद रहे।

# साहा का अर्धशतक, गुजरात ने शीर्ष दो में जगह पक्की की

## चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**गुजरात** टाइटन्स ने पहले गेंदबाजों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को कम स्कोर पर रोककर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (नाबाद 67 रन) के अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सात विकेट से जीत दर्ज कर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की।

अपने पहले ही आईपीएल में कप्तान हार्दिक पंड्या की गुजरात टाइटन्स ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले ही प्लेऑफ में स्थान पक्का कर चुकी गुजरात टाइटन्स 13 मैचों में 20 अंक से शीर्ष पर पहुंच गई है जिसका मतलब है कि टीम को फाइनल में जगह बनाने का एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ (53 रन) के अर्धशतक और एन जगदीशन के नाबाद 39 रन की मदद से पांच विकेट पर 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटन्स को साहा (57 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) ने जीत की ओर अग्रसर किया जिससे टीम ने पांच गेंद रहते तीन विकेट पर 137 रन बनाकर जीत हासिल की।


साहा

मैथ्यू वेड ने 20 रन, शुभमन गिल ने 18 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज साहा ने सीएसके के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी (तीन ओवर में 28 रन देकर कोई विकेट नहीं) पर लगातार तीन चौके जड़कर तेज शुरूआत कराई। साहा ने इसी गेंदबाज पर तीसरे ओवर में दो चौके और जड़े। उनके साथ गिल ने भी धीरे धीरे शॉट लगाना आरंभ किया और मिशेल सैंटनर पर अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका जमाया। साहा ने पांचवें ओवर में सिमरनजीत सिंह पर मिडविकेट पर पारी का पहला और एकमात्र छक्का जड़ा। गिल (17 गेंद, तीन चौके) ने भी तेजी पकड़ते हुए सैंटनर पर बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर दो चौके जमाकर पावरप्ले में टीम को 53 रन पर पहुंचा दिया। प्रशांत सोलंकी आईपीएल में पहला ओवर डालने उतरे जिसमें दोनों बल्लेबाज कोई बाउंड्री नहीं लगा सके लेकिन प्रत्एक गेंद में भागकर एक एक रन लिया। मथीशा पाथिराना (3.1 ओवर में 24 रन देकर दो विकेट) को आईपीएल में पहली ही गेंद पर गिल (17 गेंद, तीन चौके) का विकेट मिला। मैथ्यू वेड (15 गेंद, दो चौके) बल्लेबाजी करने उतरे जिन्होंने आते ही आठवें ओवर में दो चौके जड़ दिए। पर जल्द ही विकेट गंवा बैठे। मोईन अली की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में वेड लांग ऑफ में खड़े शिवम दूबे को कैच देकर आउट हो गए। कप्तान हार्दिक पंड्या (07) पाथिराना के दूसरे ओवर में दूसरा शिकार बने। साहा ने फिर सत्र का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया और मिलर (20 गेंद में एक चौका) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए नाबाद 37 रन जोड़े। साहा ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात टाइटन्स के लिए मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। राशिद खान और साई किशोर दोनों ने चार ओवर में 31-31 रन देकर एक एक विकेट प्राप्त किया जबकि अल्जारी जोसफ ने तीन ओवर में 15 रन देकर एक विकेट हासिल किया। पंड्या ने दो ओवर गेंदबाजी करते हुए आठ रन दिए। गायकवाड़ ने 49 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने मोईन अली (21 रन, 17 गेंद, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद फिर तीसरे विकेट के लिए एन जगदीशन (33 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ 48 रन जोड़े। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 10 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बना लिए थे लेकिन अंतिम 10 ओवर में टीम तीन विकेट गंवाकर 60 रन ही बना सकी।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज का वेड बो राशिद 5 , कोनवे का साहा बो शमी 05 , अली का राशिद बो साई किशोर 21, जगदीशन नाबाद 39, दूबे का साहा बो जोसफ 00,धोनी का दयाल बो शमी 07,सैटनर नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 133 रन,**विकेट पतन** :1-8, 2-65, 3-113, 4-114, 5-130 ,**गेंदबाजी** : शमी 4-0-19-2,पंड्या 2-0-8-0,दयाल 3-0-27-0, खान 4-0-31-1,जोसफ 3-0-15-1, किशोर 4-0-31-1

**गुजरात टाइटन्स** : साहा नाबाद 67 ,गिल पगबाधा बो पाथिराना 18, वेड का शिवम दूबे बो मोईन अली 20, पंड्या का शिवम दूबे बो पाथिराना 07,मिलर नाबाद 15,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 137 रन,विकेट पतन :1-59, 2-90, 3-100,**गेंदबाजी** : चौधरी 3-0-28-0,सिमरनजीत 3-0-26-0, सैटनर 4-0-24-0,सोलंकी 4-0-18-0, पाथिराना 3.1-0-24-2,अली 2-0-11-1

### साइमंड्स के सम्मान में काली पट्टी बांधी सीएसके और गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ियों ने

**मुंबई,।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ियों ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच मे पूर्व आस्ट्रेलियाई आलराउंडर एंड्यू साइमंड्स के सम्मान मे बांह पर काली पट्टी बांधी जिनका कार दुर्घटना मे निधन हो गया। साइमंड्स का शनिवार की रात कार दुर्घटना मे निधन हो गया, वह 46 वर्ष के थे। इस आल राउंडर के परिवार मे उनकी पत्नी और दो बच्चे है। साइमंड्स आईपीएल मे भी खेले थे। पहले वह उस डेक्कन चार्जर्स का हिस्सा थे जो अब बंद हो चुकी है और फिर मुंबई इंडियंस की ओर से खेले थे। चार्जर्स के लिए खेलते हुए उन्होने 2008 मे शुरूआती चरण मे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 53 गेद मे 117 रन की नाबाद पारी खेली थी।

# प्ले आफ की उम्मीद बरकरार रखने उतरेंगे आज दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स

**भाषा।** नवी मुंबई

**प्रदर्शन में निरंतरता** लाने के लिए जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में एक-दूसरे को हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के इरादे से उतरेंगी। दोनों ही टीम मौजूदा सत्र में अब तक लगातार दो मैच नहीं जीत पाई हैं और दोनों ही टीम एक और मुकाबला हारने की स्थिति में भी नहीं हैं। पंजाब की टीम 12 अंक के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है और उसका नेट रन रेट प्लस 0.023 है। दिल्ली की टीम के भी 12 ही अंक हैं लेकिन प्लस 0.210 के अच्छे नेट रन रेट के कारण टीम पांचवें स्थान पर है जिससे उसे दो या अधिक टीम के समान अंक होने की स्थिति में फायदा मिल सकता है। पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट की जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स की टीम बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ मुकाबले में उतरेगी जबकि पंजाब किंग्स ने भी अपने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराया था। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर काफी अच्छी लय में हैं लेकिन दूसरा सलामी बल्लेबाज टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मनदीप सिंह और श्रीकर भरत ने पृथ्वी साव की गैरमौजूदगी में निराश किया है। टाइफाइड से उबर रहे पृथ्वी भी हालांकि मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पृथ्वी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है लेकिन यह देखना होगा कि यह युवा खिलाड़ी सोमवार को इस अहम मुकाबले के लिए फिट हो पाता है या नहीं। दिल्ली के लिए हालांकि यह राहत की बात है कि मिशेल मार्श अंततः लय में लौट गए हैं। इस आक्रामक आलराउंडर ने रॉयल्स के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया और टीम की सफलता के लिए उनकी और वॉर्नर की भूमिका अहम रहेगी। कप्तान ऋषभ पंत पर भी सभी की नजरें रहेंगी। पंत ने रॉयल्स के खिलाफ चार गेंद की पारी के दौरान दो छक्के मारे लेकिन अब तक मैच विजेता पारी नहीं खेल पाए हैं जिसमें वह सक्षम हैं। पावेल ने चौके और छक्के जड़ने की अपनी क्षमता का परिचय दिया है और दिखाया है।

### सीजीएफ प्रमुख ने कहा कि आईओए बैठकों में हिस्सा नहीं लेता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) की अध्यक्ष लुईस मार्टिन ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अंतरराष्ट्रीय खेल संस्था की क्षेत्रीय बैठकों मे हिस्सा नही ले रहा जहां वह राष्ट्रमंडल खेलो मे कुछ खेलो को शामिल नही किए जाने का मुद्दा उठा सकता था। आईओए ने हालांकि कहा कि इन बैठको मे हिस्सा लेना मुश्किल है क्योकि भारत की निशानेबाजी, कुश्ती और तीरंदाजी को राष्ट्रमंडल खेलो के कार्यक्रम से हटाए जाने संबंधित शिकायतो के मामले उनके एजेंडे मे ही नही है।

### बायर्न को छोड़ना चाहते हैं रॉबर्ट लेवानदोवस्की

**वोल्फ्स्बर्ग (जर्मनी)।** जर्मनी की शीर्ष फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा के शीर्ष स्कोरर रॉबर्ट लेवानदोवस्की दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख छोड़कर जाना चाहते है। बायर्न स्पोर्टिंग के निदेशक हसन सालिहामिदजिक ने शनिवार को कहा कि पोलैंड के स्टार लेवानदोवस्की ने अनुबंध मे विस्तार की क्लब की पेशकश ठुकरा दी है। तैतीस साल के लेवानदोवस्की का क्लब के साथ एक और सत्र का अनुबंध है।

### मूडी ने विलियमसन से पारी का आगाज कराने के फैसले का बचाव किया

**मुंबई।** खराब फॉर्म से जूझ रहे केन विलियमसन से पारी का आगाज कराना जारी रखने के फैसले का बचाव करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच टॉम मूडी ने कहा कि अगर कुछ खराब हो रहा है तो उसके लिए किसी ऐसी चीज मे बदलाव क्यों करना जो सही हो रही है। मूडी ने कहा कि टीम के अन्य बल्लेबाज अपनी भूमिकाओं मे शानदार प्रदर्शन कर रहे है। कप्तान विलियमसन मौजूदा सत्र मे खराब फॉर्म से जूझ रहे है और 12 मैच मे सिर्फ 208 रन बना पाए और इस दौरान उनका औसत 18.92 रहा है। मूडी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, राहुल त्रिपाठी तीसरे नंबर पर शानदार बल्लेबाजी कर रहा है और ऐडन मार्करम चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट के शीर्ष बल्लेबाजो मे से एक है।

### जूनियर विश्व कप : भारतीयों ने महिला 25 मीटर पिस्टल में क्लीन स्वीप किया

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजो ने जर्मनी के सुहल मे चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की महिलाओ की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा मे क्लीन स्वीप कर रविवार को पदक तालिका मे अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। रिदम सांगवान ने स्वर्ण, मनु भाकर ने रजत और नाम्या कपूर ने कांस्य पदक अपने नाम किए। क्वालीफिकेशन मे भी तीनो भारतीय शीर्ष तीन स्थान पर थी। फिर एलिमिनेटर मे नाम्या 12 हिट से शीर्ष पर और रिदम 11 हिट से दूसरे स्थान पर रहकर पदक दौड़ मे पहुंची। मनु दूसरे एलिमिनेटर मे 17 हिट से शीर्ष पर रही जबकि जर्मनी की माइकेला बोसल ने शूटऑफ से फाइनल मे चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल मे मनु ने शुरू मे रिदम पर बढ़त बनाई हुई थी लेकिन पांचवी सीरीज मे रिदम आगे हो गई। रिदम ने 31 हिट से पहला, मनु ने 26 हिट से दूसरा और नाम्या ने 16 हिट से तीसरा स्थान हासिल किया। शिवम डबास ने पुरूष 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस मे इटली के डेनिलो सोलाज्जो से 15-17 से हारने से रजत पदक से संतोष किया।

# राजस्थान ने लखनऊ को 24 रन से हराया



**भाषा।** मुंबई

**राजस्थान** रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 24 रन से हराया। राजस्थान ने छह विकेट पर 178 रन बनाने के बाद लखनऊ को आठ विकेट पर 154 रन पर रोक दिया। लखनऊ के लिए दीपक हुड्डा ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए।राजस्थान के लिए ट्रेंट बोल्ट, प्रसिद्ध कृष्णा और ओबेद मकॉय ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (41) के साथ कप्तान संजू सैमसन (32) और देवदत्त पडिक्कल (39) की उपयोगी पारियों से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ छह विकेट पर 178 रन बनाए।

जायसवाल ने 29 गेंद की पारी छह चौके और एक छक्का लगाने के साथ दूसरे विकेट लिए सैमसन के साथ 64 रन की अहम साझेदारी की। सैमसन ने 24 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। पडिक्कल ने 18 गेंद की आक्रामक पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। आखिरी ओवरों में ट्रेंट बोल्ट (नाबाद 17) ने रविचंद्रन अश्विन (नाबाद 10) के साथ 14 गेंद में 26 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 178 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो जबकि आवेश खान, जेसन होल्डर और आयुष बडोनी ने एक-एक विकेट लिए। राजस्थान के टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद जायसवाल ने पहले ओवर में ही मोहसिन खान के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर अपने इरादे जता दिए। तीसरे ओवर में गेंदबाजों के लिए आए आवेश खान ने दूसरी गेंद पर शानदार लय में चल रहे जोस बटलर (दो रन) को बोल्ड कर लखनऊ को बड़ी सफलता दिलाई। अगली ही गेंद पर सैमसन ने चौका जड़कर अपना खाता खोला। उन्होंने अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए मोहसिन के खिलाफ भी दो चौके जड़े। जायसवाल ने छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए दुश्मंता चमीरा के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाया।

**राजस्थान रॉयल्स पारीः** यशस्वी का एवं बो बडोनी 41,बटलरबो आवेश 02, सैमसन का हुड्डा बो होल्डर 32, पडिक्कल का कृणाल बो बिश्नोई 39,परागका स्टोइनिस बो बिश्नोई 19, नीशम रन आउट (राहुलाबिश्नोई) 14,अश्विन नाबाद 10,बोल्ट नाबाद 17,अतिरिक्तः (लेग बाईः 01 , नो बॉलः 01 वाइडः 02) 04, **कुल योगः** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 178 रन,**विकेट पतनः** 1-11, 2-75, 3-101, 4-122, 5-149, 6-152, **गेंदबाजीः** मोहसिन 4-0-43-0,चमीरा 3-0-35-0,आवेश 3-0-20-1 ,होल्डर 2-0-12-1,बिश्नोई 4-0-31-2,स्टोइनिस 1-0-15-1 बडोनी1-0-5-1,कृणाल 2-0-16-0

**लखनऊसुपर जायंट्स पारीः** डिकॉक का नीशम बो बोल्ट 07, राहुल का जायसवाल बो कृष्णा 10, बडोनी पगबाधा बोल्ट 00,हुड्डा स्टं. सैमसन बो चहल 59,पंड्याका रियान बो अश्विन25, टोइनिस का रियान बो कृष्णा 27,होल्डर का सैमसन बो मकॉय 01,चमीराबो मकॉय 00, खान नाबाद 09,आवेश खान नाबाद 01, **अतिरिक्तः** (लेग बाईः 03 , वाइडः12) 15,**कुल योगः** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 154 रन,**विकेट पतनः** 1-15, 2-15, 3-29, 4-94, 5-116, 6-120, 7-120, 8-151,**गेंदबाजी**ःबोल्ट 4-0-18-2,कृष्णा 4-0-32-2,चहल 4-0-42-1, अश्विन4-0-24-1 , मकॉय 4-0-35-2

# साइमंड्स की कार दुर्घटना में मौत



**भाषा।** सिडनी

**आस्ट्रेलिया के** पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और दो बार विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे आलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स की कार दुर्घटना में मौत हो गई जिससे क्रिकेट जगत स्तब्ध है। साइमंड्स 46 बरस के थे और उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट जगत के लिए पिछले दो महीनों में यह तीसरा बड़ा झटका है जिसने मार्च में कुछ घंटों के भीतर महान लेग स्पिनर शेन वार्न और दिग्गज विकेटकीपर रोड मार्श को भी गंवा दिया था। क्वीन्सलैंड पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार यह दुर्घटना उत्तर-पूर्व आस्ट्रेलिया के टाउन्सविले से लगभग 50 किमी दूर हार्वे रेंज मार्ग पर शनिवार रात हुई। बयान में कहा गया, पुलिस टाउन्सविले से लगभग 50 किमी दूर हार्वे रेंज पर एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच कर रही है जिसमें पिछली रात 46 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के बयान के अनुसार, शुरुआती सूचना से संकेत मिले हैं कि रात 11 बजे के बाद कार हार्वे रेंज रोड पर चलाई जा रही थी और एलिस नदी के पुल के समीप यह सड़क से उतरकर पलट गई। इसमें कहा गया, आपात सेवा कर्मचारियों ने 46 साल के चालक को बचाने का प्रयास किया जो गाड़ी में अकेला व्यक्ति था। हालांकि चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। आक्रामक बल्लेबाज के अलावा मध्यम गति और स्पिन गेंदबाजी करने में सक्षम साइमंड्स बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के लिए 1998 से 2009 के बीच 26 टेस्ट, 198 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले।

### क्रिकेट जगत ने श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** एंड्यू साइमंड्स की सड़क दुर्घटना मे मौत के बाद दुनिया भर के अतीत के और वर्तमान क्रिकेटरो ने उन्हे भावुक श्रद्धांजलि दी जिसमे उनके आस्ट्रेलियाई टीम के साथी और अंतरराष्ट्रीय स्टार भी शामिल है जो इस खबर से स्तब्ध है। आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट से लेकर तेज गेदबाज जेसन गिलेस्पी के अलावा भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने इस आलराउंडर को श्रद्धांजलि दी जिनकी शनिवार रात क्वीन्सलैंड में कार दुर्घटना मे मौत हो गई। प्यार से लोग साइमंड्स को रॉय कहकर बुलाते थे। वह 46 बरस के थे। उनके परिवार मे पत्नी के अलावा दो बच्चे है।

### किमेली, चेपटाई ने कोर्स रिकॉर्ड तोड़कर टीसीएस विश्व 10 के में जीत दर्ज की

**बेंगलुरू।** कीनिया के निकोलस किपकोरिर किमेली और इरीन चेपटाई ने टीसीएस विश्व 10के (10 हजार किलोमीटर) बेंगलुरू में कोर्स रिकॉर्ड तोड़ते हुए क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग के खिताब अपने नाम किए। तोक्यो ओलंपिक की 5000 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने वाले किमेली ने पुरूष वर्ग में 27 मिनट 38 सेकेंड से जबकि चेपटाई ने विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रेस के महिला वर्ग में 30 मिनट 35 सेकेंड के समय से पहला स्थान हासिल किया। किमेली ने छह सेकेंड से 2014 में हमवतन ज्योफ्री कामवोरोर के बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ा। वोरकू 27:43 सेकेंड के समय से दूसरे और किबिवोट कांडी 27:57 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे।

# थॉमस कप बैडमिंटन में ऐतिहासिक जीत से भारत में खुशी की लहर

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रतिष्ठित थॉमस** कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत के बाद रविवार को भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों के लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के साथ देश के राजनीतिक वर्ग, खेल बिरादरी, मनोरंजन जगत और कॉर्पोरेट क्षेत्र ने पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी ने बैंकॉक में खेले गए फाइनल में 14 बार की चैम्पियन इंडोनेशिया को पटखनी देते हुए यादगार जीत दर्ज की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई देने की बाढ़ आ गई। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, भारत की बैडमिंटन टीम ने इतिहास रच दिया है। पूरा देश थॉमस कप जीतने से उत्साहित है। हमारी टीम को बहुत बधाई और भविष्य के लिए बहुत शुभकामनाएं। ये जीत हमारी आने वाली पीढ़ी को भी काफी प्रेरित करेगी। ठाकुर ने ट्वीट किया, भारतीय टीम ने 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर अपना पहला थॉमस कप जीता, भारत की इस अद्वितीय जीत पर नियमों में छूट के साथ एक करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, इतिहास रच दिया टीम को थॉमस कप जीतने पर बधाईउ मलेशिया, डेनमार्क और इंडोनेशिया पर लगातार जीत के साथ इस असाधारण उपलब्धि पर पूरा देश आपको सम्मान की नजरों से देख रहा है।

### फिल्म जगत ने सफ खिलाड़ियों को बधाई दी

### टाइफाइड के उपचार के बाद पृथ्वी को अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को टाइफाइड के उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यह जानकारी दी। बाइस साल के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी को इस महीने की शुरुआत में तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिल्ली कैपिटल्स ने बयान में कहा, दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जहां उनका टाइफाइड का उपचार किया गया। फ्रेंचाइजी की चिकित्सा टीम पृथ्वी की हालत पर नजर रख रही है। फ्रेंचाइजी ने कहा, पृथ्वी टीम होटल लौट चुके हैं जहां वह अभी उबर रहे हैं।

### स्वदेशी खेल कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट दल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आज कलारिपयत्तू एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं खेलो इंडिया में प्रतिभाग करने वाले लखनऊ के खिलाड़ियों ने लखनऊ आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी एसोसिएशन प्रदेश सी ई ओ प्रवीण गर्ग कोषाध्यक्ष शिवम मित्तल व जिला सचिव नितेश कुमारए कार्यकारी सचिव सौम्य गर्ग उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए खेलो इंडिया में पदक प्राप्त कर लखनऊ व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया के अंतर्गत लखनऊ में कलारी सेंटर खोले जाने के आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन प्रदान किया। सीईओ प्रवीण गर्ग द्वारा रक्षा मंत्री जी को आगामी 21 से 23 मई को चौक स्टेडियम में आयोजित कलरीपयट्टू प्रदेश प्रतियोगिता एवं ट्रेनिंग कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया। खिलाड़ियों में आशु पटेल एखुशी पटेल, जयेश यादव,अनुराग गिरी रंजीत राय, टीम कोच नितेश सिंह उपस्थित रहे जो की पंचकूला हरियाणा में 10 से 12 जून को आयोजित खेलों इंडिया प्रतियोगिता में हाई किक ए मेंयपट्टू एचुवाडकुल और लाठी की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### लीवरपूल ने चेल्सी को हराकर एफए कप खिताब जीता



**लंदन।** लीवरपूल ने शनिवार को यहां वेम्बले स्टेडियम मे चेल्सी को पेनल्टी शूट आउट मे 6-5 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लीवरपूल की यह 2006 से एफए कप मे पहली खिताबी जीत है और इसके साथ ही मैनेजर जुएर्गेन क्लोप ने टीम के साथ सभी बड़े खिताब जीतने की उपलब्धि भी हासिल कर ली। इस जीत के साथ लीवरपूल की टीम साल मे चार बड़ी ट्रॉफी जीत की दौड़ मे बनी हुई है। फरवरी मे लीग कप फाइनल की तरह एफए कप फाइनल का स्कोर भी 120 मिनट के निर्धारित समय के बाद 0-0 रहा जिसके बाद लीवरपूल ने एक बार फिर बाजी मारी। दोनों टीम पेनल्टी शूट आउट मे 5-5 से बराबर थी जिसके बाद चेल्सी के मिडफील्डर मेसन माउंट पेनल्टी को गोल मे बदलने मे नाकाम रहे और कोन्सटेनटिनोस सिमिकास ने लीवरपूल की ओर से पहला गोल दागकर उसे शूट आउट मे जीत दिला दी। चेल्सी लगातार तीन एफए कप फाइनल हारने वाली पहली टीम भी बन गई। टीम को 2020 के फाइनल मे आर्सेनल जबकि पिछले साल लीसेस्टर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

# जोकोविच ने छठी बार जीता इटली ओपन



**भाषा।** रोम

**दिग्गज टेनिस खिलाड़ी** नोवाक जोकोविच ने रविवार को इटली ओपन के फाइनल में स्टेफानोस सितसिपास को 6-0, 7-6 से हराकर छठी बार इस खिताब को जीतने के साथ फ्रेंच ओपन से पहले शानदार लय में होने का सबूत दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान टीकाकरण विवाद के कारण सत्र के शुरुआत में ज्यादातर समय तक मैदान से बाहर रहे जोकोविच ने इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इससे पहले सेमीफाइनल में कास्पर रूड को सीधे सेटों में हराकर इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने रूड पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ करियर की 1000वीं जीत दर्ज की। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले जिमी कोनर्स(1,274 जीत), रोजर फेडरर (1,251), इवान लेंडल (1,068) और रफेल नडाल (1,051) के बाद सिर्फ पांचवें पुरुष खिलाड़ी हैं। इससे पहले इगा स्वियाटेक ने महिलाओं के फाइनल में ओन्स जेबुर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 28वीं जीत के साथ इस खिताब का बचाव किया। उन्होंने सेरेना विलियम्स की लगातार 27 जीत का रिकॉर्ड तोड़ा। सेरेना ने 2014 और 2015 में यह उपलब्धि हासिल की थी। ओन्स जेबुर भी लगातार 11 जीत के साथ फाइनल में पहुंची थी लेकिन रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी स्वियाटेक के सामने उनकी एक नहीं चली।

### स्वियाटेक ने लगातार 28वीं जीत के साथ बनाया रिकॉर्ड

### फ्रेंच ओपन में नहीं खेलेंगे बेरेटिनी

**पेरिस।** दुनिया के आठवे नंबर के खिलाड़ी मातियो बेरेटिनी दाएं हाथ की सर्जरी से पूरी तरह नही उबर पाने के कारण आगामी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए है। इटली के इस खिलाड़ी ने मार्च के अंत में घोषणा की थी कि वह छोटी सर्जरी करा रहे हैं। शनिवार को हालांकि उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्होने अच्छी प्रगति की है लेकिन अभी वापसी के लिए पूरी तरह तैयार नही है। बेरेटिनी ने लिखा, मै अच्छा महसूस कर रहा हूं और मैच फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैंने और मेरी टीम ने फैसला किया है कि रोलां गैरो पर सीधे पांच सेट के मुकाबलो के लिए उतरना समझदारी भरा नही होगा इसलिए मै अपनी वापसी को टालता हूं और ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र में हिस्सा लूंगा। फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू होगा। बेरेटिनी पिछले साल रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और उन्हें तब चैंपियन बने नोवाक जोकोविच के खिलाफ चार सेट में हार का सामना करना पड़ा था। वह विंबलडन फाइनल में भी जोकोविच के खिलाफ चार सेट में हार गए थे।